रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार...
। जनपथ पत्रकारिता।
देसी अंदाज नया मिजाज

1963 से लगातार आपकी सेवा में

# रांची एक्सप्रेस

epaper.ranchiexpress.com | वर्ष-61 | अंक-334 रांची | शुक्रवार 26 जुलाई 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12 | मूल्य 4 रु.

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

जे.बी.वी.एन.एल से
व्हाट्सएप नंबर पर जुड़ें
9431135503

वादा से ज्यादा
आपके लिए करेंगे,
125 नहीं अब
200
यूनिट बिजली मुफ्त देंगे

## बिजली की बचत करें, झारखण्ड को उन्नत करें

### मुख्य बिन्दु

- आर्थिक रूप से कमजोर घरेलू उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ मिलेगा।
- 200 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली योजना के तहत सभी तरह के शुल्क यथा Enargy Charge, Fixed Charge, Electric Duty, FPPPA Charge आदि की छूट 200 यूनिट तक मासिक खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रदान की जाएगी।
- यह योजना जुलाई 2024 के बिलिंग माह से लागू किया जाएगा।
- इस योजना के तहत कुल 45.77 लाख उपभोक्ताओं में से लगभग 41.44 लाख घरेलू उपभोक्ता आच्छादित होंगे।
- 200 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली योजना हेतु झारखण्ड सरकार प्रतिमाह लगभग ₹350 करोड़ सब्सिडी के रूप में झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को उपलब्ध करायेगी।

P.R. 330764 (IPRD) 24-25



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## दिगवंत बरिष्ठ पत्रकार सुबोध सिन्हा की स्मृति में वृक्षा रोपन कर दी श्रदांजलि

**इटकी :** इटकी थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति के तत्वाधान में दिगवंत वरिष्ट पत्रकार सुबोध कुमार सिन्हा की याद में एक स्मृति वृक्ष लगाकर श्रदाजंलि दी गई। मौके पर आयोजित शोक सभा में वक्ताओं ने उनके जीवन काल में की गई कार्यों की सरहाना की । गतवर्ष सुबोध कुमार सिन्हा सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये थे। इलाज के दौरान अस्पताल में उनका स्वर्गवास हो गया था। कार्यक्रम जिप सदस्य रीना देवी, प्रमुख किरण उरांव, उप प्रमुख परवेज आलम, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, जोहार पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष कुमार विजय कुशवाहा, मुखिया रमेश महली,बिनोद सिन्हा, लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, हाजी मुस्ताक अहमद के अलावा सर्व धर्म सदभावना समिति के सदस्य, उनके परिजन सहित क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# हाथी प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया: डॉ. परमेश्वर

**चान्हो :** डॉ. परमेश्वर भगत ने गुरुवार को चान्हो प्रखंड अंतर्गत ग्राम होन्हे-लुरंगी एवं जमुहारी में हाथी प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि हाथियों ने विभिन्न क्षेत्रों में फसलों (करेला, अदरक, धान का बीड़ा) को काफी प्रभावित किया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस वर्ष मानसून सीजन में हाथियों की संख्या असामान्य बढ़ गई है, जिससे खेती पर भारी नुकसान हो रहा है। डॉ. भगत ने उपयुक्त समय पर खेती की रक्षा करने के लिए सरकारी उपायों की मांग की है ताकि किसानों को नुकसान से बचाया जा सके। डॉ परमेश्वर भगत ने ग्रामीणों का रक्षा के लिए फॉरेस्ट अधिकारी से बात



की साथ ही उचित व्यवस्था करने के लिए प्रमर्श किया। डॉ परमेश्वर भगत ने बताया कि इस समस्या का समाधान केवल सरकारी स्तर पर ही नहीं, बल्कि समुदाय की सहभागिता से भी हो सकता है। भुक्तभोगी किसानो का नाम लालदेव महतो, रामलाल महतो, अखिलेश महतो, मां पुराण महतो, श्याम देव महतो, रामदेव महतो, दशरथ महतो, कृष्णा महतो, बिहारी महतो, सुखवा मुंडा, शिव यादव, लालदेव मुंडा, हिरण यादव एवं साधु मुंडा।

## साक्ष्य के अभाव में आरोपी बरी

**बोकारो :** बोकारो व्यवहार न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ बोकारो श्रीमती गरिमा मिश्रा के न्यायालय सेरळ 43/ 2023 में साक्ष के अभाव में आरोपी मुकेश कुमार ओझा को बरी किया गया। आरोपी की तरफ से अधिवक्ता राजू रंजन कुमार एवं ज्योति कुमारी ने अपना पक्ष रखा।

## अनगड़ा- सड़क हादसे में चार लोग घायल

**अनगड़ा :** अनगड़ा थाना क्षेत्र के रांची पुरुलिया सड़क पर गुरुवार की शाम दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए । बताया गया कि अमरूद बगान के आस पास एक ऑटो को एक हाईवा ट्रक ने अपने चपेट मे ले लिया जिससे ऑटो चालक माही बेदिया घायल हो गया तत्काल उसे अनगड़ा पीएचसी में इलाज के लिए लाया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार एक ओमनी कार के दुर्घटना होने से तीन लोग घायल हो गए घायलों की विस्तृत जानकारी नहीं मिल पायी है।

# मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा ने कराया एसएस मेमोरियल कॉलेज में स्थाई प्याऊ का निर्माण

**रांची :** अखिल भारतीय मारवाड़ी ाहिला सम्मेलन रांची शाखा के द्वारा दिनांक 25 जुलाई को स्वर्गीय बजरंग लाल बूबना की पुण्य स्मृति एवं स्व. मुरारी लाल अग्रवाल की पुण्य स्मृति में बीना बूबना एवं श्रीमती सुनीता सरावगी के सौजन्य से सूरज सिंह मेमोरियल कॉलेज के भवन परिसर में स्थाई प्याऊ का निर्माण किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन पूर्व प्रधानाध्यापिका डा. वंदना राय ने किया ।इस मौके पर वंदना राय ने कहा कि सावन के महीने में प्याऊ लगाकर महिला मंच की बहनों ने बहुत ही पुण्य का कार्य किया है। तथा स्थाई प्याऊ लगने से सभी को शुद्ध ठंडा जल मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है, जल है तो कल है।



इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नए प्रधानाध्यापक डॉक्टर बी. पी. वर्मा, प्रोफेसर इंचार्ज राजेश कुजूर, प्रोफेसर मुकेश उरांव (ज्योग्राफी डिपार्मेंट) डॉ सुभाष साहू, डीआर समर सिंह, डॉ संजय सारंगी, एवं कई कॉलेज के अध्यापक सहित निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल, निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल, गीता डालमिया, अलका सरावगी,शाखा अध्यक्ष मधु सराफ, सचिव उर्मिला पाड़िया, नैना मोर, अनसूया नेवटिया,प्रीती पोद्दार, छाया अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, मीना अग्रवाल, प्रीति बंका, कुसुम पटवारी, मंजू तुलसियान, शांति जैन, मीरा अग्रवाल, उमा शाह ,निर्मला केडिया, सीमा बूबना, ममता बूबना, दीपक बूबना, प्रकाश बूबना आदि का सहयोग रहा। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा द्वारा किए जा रहे जनसेवा कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की है। उक्त बातों की जानकारी मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने दी।

# ब्राम्बे उप डाकघर में डाक चौपाल का आयोजन

**मांडर :** मांडर जाहेर ,बरगड़ी पंचायत भवन में गुरुवार को ब्राम्बे उप डाकघर के अंतर्गत डाक चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डाक निदेशक झारखंड श्री पंकज कुमार मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित विभाग द्वारा चलाए जा रहे ऑनलाइन सुविधाओं की जानकारी दी ग्राम पंचायत बरगड़ी के मुखिया लक्ष्मण भगत ने डाक विभाग के कार्यों की काफी सराहना की डाक चौपाल में पीएलआई आरपीएलआई में उत्तरी अनुमंडल में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के



थे। एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ के रूप में डाक अधीक्षक उदय भान सिंह एवं वरिष्ठ प्रबंधक आईपीपीबी विकास कुमार एवं डाक निरीक्षक उतरी अनुमंडल श्रीमती पूजा पांडे उपस्थित थी। डाक चौपाल में मुख्य अतिथि पंकज कुमार मिश्रा ने डाक विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं को विस्तार पूर्वक जानकारी आम ग्रामीणों को दी और डाक विभाग की योजनाओं से जोड़ने की अपील की। वरिष्ठ डाक अधीक्षक श्री उदयभान सिंह ने डाक लिए क्रमशः हेमंती देवी, राजकुमार महतो एवं पारसनाथ तिवारी को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया अंत में पूजा पांडे डाक निरीक्षक उत्तरी अनुमंडल द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को इस चौपाल में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद दिया। डाक चौपाल में डाक अधिदर्शक यशवंत सहदेव, जगदीश लकड़ा, जावेद अंसारी,अरुण तिवारी एवं पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे।

## कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रदेश उपाध्यक्ष ने सेंट्रल इलेक्शन अथॉरिटी के चेयरमेन मधुसूदन से मुलाकात की

**रांची :** झारखंड कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रदेश उपाध्यक्ष तनवीर खान ने सेंट्रल इलेक्शन अथॉरिटी के चेयरमेन मधुसूदन मिस्त्री से दिल्ली में मुलाकात की। आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की। अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से निरंतर मुलाकात पर भी चर्चा हुई। मधुसूदन मिस्त्री ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए अभी से ही रणनीति बनाने की जरूरत है। बेहतर प्रदर्शन के लिए तनवीर खान को कई टिप्स दिए गए। तनवीर खान ने बताया कि इस बार झारखंड में कांग्रेस मजबूत दावा पेश करेगी। झारखंड में कांग्रेस का इस बार मजबूत प्रदर्शन रहेगा। आने वाला विधानसभा चुनाव को लेकर



अभी से तैयारी में लग जाना है। किन जनहित मुद्दों पर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जनता के बीच जाया जाए। तनवीर ने बताया कि झारखंड की महागठबंधन सरकार की उपलब्धियां जनता को बताना होगा। झारखंड में होने वाले चुनाव पर सभी कार्यकर्ता को गंभीर नजर रखना होगा। राज्य में एक बार फिर से महागठबंधन की सरकार बनेगी।

# लाभकारी कृषि से गांवों का विकास संभव : डॉ मयंक मुरारी

**अनगड़ा :** कृषि को लाभकारी एवं टिकाऊ बनाकर ही गांवों का विकास संभव है। इसके लिए उषा मार्टिन कृषि में प्रगतिशील किसानों के साथ नवीन तकनीक के सफल प्रयोग करा रही है, ताकि किसान आत्मनिर्भर हो सके और कृषि सीएसआर के माध्यम से 18 गांवों में चलाए जा रहे शिक्षा स्वास्थ्य रोजगारन्मुख प्रशिक्षण आधारभूत संरचना विकास सौर ऊर्जा बागवानी से संबंधित विकास कार्यों की जानकारी दी। कृषि क्षेत्र में एकीकृत योजना के तहत




उनके परिवार के विकास में योगदान कर सकें। उक्त बातें कंपनी महाप्रबंधक एवं सीएसआर हेड डॉ मयंक मुरारी ने कहीं। वह आज अनगड़ा के हेसल गांव में सरला बिरला पब्लिक स्कूल के कक्षा 12 के छात्रों का कंपनी के सीएसआर गांव में शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्रों को जानकारी दीं।डॉ मयंक मुरारी ने छात्रों को किसानों को मिलने वाले लाभ मृदा जांच पॉलीनेट ड्रीप इरिगेशन सोलर पैनल आदि को दिखाया एवं बताया गया। मौके पर कृषि वैज्ञानिक शचींद्र कुमार एसबीपीएस के शिक्षक प्रभंजन प्रशात कुमार पांडेय तथा मैताली रॉय सरला बिरला पब्लिक स्कूल की प्राचार्या परमजीत कौर सहित छात्र और किसान उपस्थित थे।


**JHARKHAND INDUSTRIAL AREA DEVELOPMENT AUTHORITY**
**(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)**
Office of the M.D., JIADA, 3rd Floor, New JIADA Building, industrial area, Namkum, Ranchi-834010

**Letter No. 365** **Date- 25.07.2024**

**Emergent Notice Inviting Tender**
**NIT NO.- JIADA Ranchi region/01/2024-25 Dated-25.07.2024**
**Tender Reference No.- JIADA Ranchiregion/01/Irba/2024-25**

JIADA invites separate Technical & Financial Bids from eligible and interested contractors registered in Building Construction Department in appropriate class for Construction of rain water harvesting, Rehabilitation of ETP& STP at Silk Park Irba under Ranchi Region, JIADA. Interested eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 3.00 PM on 02.08.2024.

The details of Tender Documents can be seen from departmental website http://Jiada.co.in. only.

Sd/-
Executive ngineer
JIADA, Ranchi

PR.NO.330760 RIADA(24-25):D



## कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा

**वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्री–मैट्रिक एवं पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति भुगतान से संबंधित आवश्यक सूचना।**

1. प्री–मैट्रिक छात्रवृति हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में वर्ग 9–10 में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं/अभिभावकों को सूचित किया जाता है। अनुसूचित जनजाति के 787, अनुसूचित जाति के 61 एवं पिछड़ी जाति के 489, कुल–1337 छात्र–छात्राओं का बैंक खाता से आधार लिंक नहीं रहने के कारण छात्रवृति राशि का भुगतान नहीं किया जा सका है। संबंधित छात्र–छात्राओं की सूची जिला शिक्षा पदाधिकारी/जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा एवं संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के माध्यम से विद्यालय के प्रधानाध्यापक को उपलब्ध करा दी गई है। सूची में अंकित छात्र–छात्रा/अभिभावक से अनुरोध है कि बैंक में जाकर बैंक खाता को आधार से सीडिंग एवं मैपिंग करा ले। संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक से अनुरोध है कि अपने स्तर से छात्र–छात्राओं का बैंक से आधार लिंक कराने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जाए एवं कृत कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। कुछ छात्र–छात्राओं का आधार असक्रिय (Inactive) है, जिसे सर्वप्रथम पंजीकृत आधार केन्द्र से आधार को सक्रिय (Active) कराकर बैंक से लिंक कराना होगा। प्री–मैट्रिक छात्रवृति वर्ग 9–10 का भुगतान **PFMS** के माध्यम से **Aadhar Enabled DBT** द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।
2. पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर लोहरदगा जिला अन्तर्गत जिन छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन 2023–24 का Status "Approved by DLC Officer" (Student Login में "Pending by DLC Officer") है वे आवेदन में दिये गये आधार संख्या को अपने बैंक खाता के साथ यथाशीघ्र लिंक करा ले। कुछ आवेदन से संबंधित आधार असक्रिय (Inactive) होने के कारण भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऐसे आवेदक अपना आधार को सक्रिय (Active) करा लें। पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान **PFMS** के माध्यम से **Aadhar Enabled DBT** द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।

आधार लिंक एवं NPCI में Mapping की जानकारी आधार की वेबसाईट से (https://myaadhaar.uidai.gov.in→ Login पर क्लिक करना होगा। जिसके बाद आधार न0 एवं Captcha Enter करके Send OTP करना है। Send OTP करने के पश्चात आपके आधार से रजिस्टर्ड मोबाईन न0 पर 6 अंको का OTP प्राप्त होगा, OTP Enter कर Login करना है। Login करने के बाद Bank Seeding Status पर क्लिक करके) प्राप्त किया जा सकता है। अथवा ई–कल्याण पोर्टल में (Services & Schedule→ Student Services & Schedule (Post-Matric) → Check status of your AADHAAR linked bank account number Click Here) लिंक के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR.NO.330706 Lohardaga(24-25):D



## झारखण्ड सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## उद्यान निदेशालय, झारखण्ड
## कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला
## संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला–835207

**आम सूचना**

झारखण्ड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 40 दिनांक 16.07.2024 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि **गुमला** जिला में निम्नांकित रूप से उद्यान विकास की योजना का कार्यान्वयन किया जाना है, जिसके लिए योजनानुसार अवयववार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समूह/कृषक उत्पादक समूह (FPO)/सहकारी समिति/सखी मण्डल, जो इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि से अनुसंशित कराकर दिनांक **12.08.2024** तक कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय, संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला में जमा कर सकते हैं।

**उद्यान विकास की योजना का भौतिक लक्ष्य (सं०/इकाई/हे०/एकड़ में)**

| क्र.सं. | कार्य अवयव | भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1 | बागवान/उद्यान मित्रों/कृषकों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण | 500 सं० |
| 2 | युवाओं को 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण | 20 सं० |
| 3 | मिर्चा की खेती | 50 हे० |
| 4 | ओल की खेती | 50 हे० |
| 5 | अदरख की खेती | 30 हे० |
| 6 | कीट रहित सब्जी उत्पादन इकाई | 30 इकाई |
| 7 | खुले वातावरण में फूलों की खेती | 70 हे० |
| 8 | टिशू कल्चर केला की खेती | 70 हे० |
| 9 | गृह वाटिका की स्थापना (प्रति इकाई 25 डिसमिल ) | 60 इकाई |
| 10 | सब्जी की तकनीकी खेती का प्रत्यक्षण | 600 हे० |
| 11 | मशरूम कीट वितरण | 4950 सं० |
| 12 | मशरूम पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण | 165 सं० |
| 13 | संरक्षित फूलों की खेती | 1.5 हे० |
| 14 | पपीता की खेती | 25000 सं० |
| 15 | टिशू कल्चर स्ट्रॉबेरी की उन्नत खेती | 25 हे० |
| 16 | पॉली हाउस का निर्माण | 1 इकाई |
| 17 | गुणवत्तायुक्त सब्जी फूल, फल, पौध बिचड़ा उत्पादन इकाई | 70 इकाई |

नोट :–
1. वित्तीय वर्ष 2024–25 में उद्यान निदेशालय अन्तर्गत सभी योजनाएँ Block Chain Technology के माध्यम से की जायेगी। Block Chain में निबंधित कृषकों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
2. योजना के कार्यान्वयन में लाभुकों को टोकन की उपलब्धता अनिवार्य होगी। बिना टोकन प्राप्त किये किसी प्रकार का लाभ देय नहीं होगा।
3- ST, SC एवं Marginal farmers का नियमानुसार चयन किया जायेगा। साथ ही महिला कृषकों को कम से कम 30 प्रतिशत चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
4. पिछले तीन वर्षों में जिन लाभुक या उनके परिवार का चयन नहीं किया गया है, केवल उन्हीं का चयन किया जायेगा।
5. पिछले तीन वर्षों में जिन ग्रामों का चयन नहीं किया गया है, उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
6. माली प्रशिक्षण हेतु ऐसे लाभुकों का चयन किया जायेगा जिनकी उम्र न्यूनतम 20 से 45 वर्ष के बीच हो, मैट्रिक उत्तीर्ण अथवा समकक्ष (प्रमाण पत्र), कृषि उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र में अनुभव हो।
7. आवेदन कार्यालय में पूर्ण रूपेण भरा हुआ दिनांक **12.08.2024** तक जमा किया जाना है, उसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
8. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
9. कार्यालय अवधि में ही आवेदन पत्र निःशुल्क उपलब्ध है।
10. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
11. उपरोक्त योजना उद्यान निदेशालय, झारखण्ड से प्राप्त लक्ष्य के आलोक में है।
12. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/VLW/उद्यान मित्र/ कृषक मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
गुमला

PR 330741 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)#D



## झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद
## JHARKHAND STATE POLLUTION CONTROL BOARD
T.A. DIVISION BUILDING (GROUND FLOOR), H.E.C., DHURWA, RANCHI -834004
Phone.: 0651-2400851/2400852/2400979/2401847, Fax-0651-2400850/138,
Web site : www.jspcb.nic.in; e-mail : ranchijspcb@gmail.com

**लोक सुनवाई की सूचना**

**Tokisud Block II Coal Mine (Lease Area 192.26 Ha; production capacity of 1.5 MTPA) of Twenty First Century Mining Private Limited, located at Anchal Patratu, District-Ramgarh, State- Jharkhand** की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई की तिथि झारखण्ड राज्य प्रदूशण नियंत्रण पर्शद्, द्वारा दिनांक **30.08.2024** (**दिन–Friday**) को पूर्वाहन् –**11:30** बजे "**स्थान – Tokisud Block II Coal Mine Site, New primary Middle School, Mahutola, Village Tokisud, PS - Patratu, Block Patratu, Dist. - Ramgarh, State - Jharkand**" में निर्धारित की गई है।

उक्त योजना के सम्भावित प्रभाव से प्रभावित होने वाले लोगों/नागरिकों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोक सुनवाई में उक्त तिथि, समय एवं स्थान पर आवश्यक रूप से भाग लें। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय ज्ञापन F.No.-22-25/2020-IA.III दिनांक 09.06.2021 के अनुरूप Covid-19 के दौरान केन्द्र सरकार और/अथवा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर दिये गए दिशा–निर्देशों के आलोक में पर्याप्त समाजिक दूरी, फेस मास्क एवं अन्य सुरक्षा उपाय (Adequate Social Distancing, Face Mask and Other safe guards) का पालन करते हुए लोक सुनवाई में भाग लें। इसके अतिरिक्त वे अपना सुझाव, विचार, मंतव्य अथवा आपत्ति यदि हो तो लिखित रूप से उक्त लोक सुनवाई की तिथि से **एक सप्ताह पूर्व** तक झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, टी०ए० भवन, पोस्ट धुर्वा, राँची/जिले के उपायुक्त कार्यालय, **रामगढ़,** पर्षद के क्षेत्रीय कार्यालय, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, पी0टी0सी0 चौक, मटवारी रोड, हजारीबाग में उपलब्ध करा दें।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले किसी भी प्रकार की आपत्ति/सुझाव पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा। लोक सुनवाई की प्रक्रिया पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार की ई०आइ०ए० अधिसूचना संख्या एस०ओ० 1533 दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसूचना संख्या एस0ओ03067(ई०) दिनांक 01.12.2009 एवं कार्यालय ज्ञापन F.No.-22-25/2020-IA.III दिनांक 09.06.2021 के अनुरूप होगी।

यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त प्रोजेक्ट का ड्राफ्ट पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तथा इसके सारांश की एक एक हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ रखी रहेगी। साथ ही कार्यकारी सारांश भी इन कार्यालयों से ही प्राप्त किया जा सकता है।

1. उपायुक्त कार्यालय, **रामगढ़।**
2. जिला उद्योग केन्द्र, **रामगढ़।**
3. जिला पर्षद्/नगर निगम, **रामगढ़।**
4. मुख्यालय, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, टी०ए० डिविजन भवन, पोस्ट– धुर्वा, **राँची।**
5. क्षेत्रीय कार्यालय, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, पी0टी0सी0 चौक, मटवारी रोड, हजारीबाग –**825310**
6. एकिकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, हरमु बाईपास रोड, राँची–834002
7. संबंधित पंचायत।
8. संबंधित प्रखण्ड विकास पदा०/अंचलाधिकारी कार्यालय, **रामगढ़।**

**(संजय कुमार श्रीवास्तव)**
**ओ0 एस0 डी0**

PR 330648 (Jharkhand State Pollution Control Board) 24-25 (D)



## कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा)
## शंकरपुर कृषि प्रक्षेत्र, बड़कागाँव रोड, हजारीबाग - 825301

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

हजारीबाग जिला के कृषकों को सूचित किया जाता है कि जिले में सिंचाई जल के स्त्रोत मुख्यतः छोटे मौसमी नदी, नाले, झरने, तालाब तथा कुएँ इत्यादि में उपलब्ध जल स्त्रोतों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार के द्वारा सौर ऊर्जा चालित सिंचाई ईकाईयों की स्थापना के लिए कृषि समृद्धि योजना का प्रावधान किया गया है।

**योजना की मुख्य विशेषताएँ :–**
1. इस योजना के अन्तर्गत दो तरह की सिंचाई ईकाईयों की स्थापना/वितरण का प्रावधान है :
A. 5 HP सतही सौर ऊर्जा आधारित पम्पसेट उद्वह सिंचाई ईकाई
B. 2 HP सतही सौर ऊर्जा आधारित पम्पसेट चलंत सिंचाई ईकाई
2. योजना में सरकार निर्धारित न्यूनतम दर पर 90 प्रतिशत तक अनुदान देगी एवं 10 प्रतिशत अशंदान लाभुकों द्वारा दिया जायेगा।
3. योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया के आधार पर किया जायेगा।

**किसान समृद्धि योजनान्तर्गत सौर ऊर्जा चालित दो तरह की सिंचाई ईकाईयों की स्थापना/वितरण किया जायेगा :–**

**A. 5 HP सतही सौर ऊर्जा आधारित पम्पसेट उद्वह सिंचाई ईकाई :**
इसके अन्तर्गत नदी, नाले, तालाब, चेकडैम, बड़े कुएँ जैसे जल स्त्रोत जहाँ प्रायः सालोभर पर्याप्त मात्रा में सिंचाई जल उपलब्ध रहता है, पर 5 HP क्षमता के सौर ऊर्जा चालित सतही पम्पसेट आधारित छोटे उद्वह सिंचाई ईकाई स्थापित किये जायेंगे, जिनकी सिंचाई क्षमता लगभग 5 एकड़ होगी, इस उद्वह सिंचाई ईकाईयों की स्थापना एकल/सामूहिक ईकाई के रूप में की जायेगी।

**B. 2 HP सतही सौर ऊर्जा आधारित पम्पसेट चलंत सिंचाई ईकाई :**
इसके अन्तर्गत नदी, नाले, तालाब, चेकडैम, बड़े कुएँ जैसे जल स्त्रोत जहाँ प्रायः सालोभर पर्याप्त मात्रा में सिंचाई जल उपलब्ध रहता है, पर 2 HP क्षमता के सौर ऊर्जा चालित सतही पम्पसेट आधारित चलंत सिचाई ईकाई किसानों को प्रदान किये जायेंगे, जिसकी सिंचाई क्षमता लगभग 1 एकड़ होगी, इस प्रकार की सिंचाई ईकाईयाँ ट्रॉली के उपर अवस्थित होंगी और जो किसानों को व्यक्तिगत् स्तर पर उपयोग के लिए प्रदान की जायेगी।

**आवेदक की पात्रता एवं आवेदन की प्रक्रिया**
1. कृषक समूह/स्वयं सहायता समूह/FPO/FPC/Co-operatives की ओर से समूह/संस्था के अध्यक्ष/सक्षम पदाधिकारी आवेदन कर सकते हैं।
2. आवेदक किसान/अध्यक्ष/सक्षम पदाधिकारी का आधार/राशन कार्ड का e-KYC होगा।
3. आवेदन में FPO/FPC/LAMPS/PACS के User Group लाभुकों की विवरणी देनी होगी।
4. किसान/समूह/संस्था यह सुनिश्चित करेंगे कि आवेदकों की भूमि जल स्रोत के पास में ही हो, अन्यथा भूमि निरीक्षण के दौरान आवेदन सही नहीं पाये जाने पर आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

**पात्रता**
1. व्यक्तिगत किसान/कृषक समूह/FPO/FPC/LAMPS/PACS के सदस्य/शेयर होल्डर–झारखण्ड राज्य का स्थानीय निवासी होना चाहिए।
2. कृषक समूह/महिला स्वयं सहायता समूह (JSLPS पंजीकृत)/FPO/FPC/LAMPS/PACS का पंजीकृत कार्यालय झारखण्ड राज्य में होना चाहिए।
3. किसान/सदस्य/शेयरहोल्डर की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
4. किसान/सदस्य/शेयर होल्डर के पास वैध आधार नम्बर होना चाहिए
5. एक परिवार से एक ही सदस्य पात्र होंगे।
6. किसान/परिवार/समूह के सदस्य के पास जल स्रोत एवं जमीन होने का प्रमाण होना चाहिए।
7. आधार लिंक्ड मोबाईल नम्बर होना चाहिए।

**निम्नलिखित श्रेणी के आवेदक इस योजना के पात्र नहीं होंगे :**
➢ बटाईदार किसान/परिवार में कोई संवैधानिक पद पर हो/राज्य एवं केन्द्र सरकार/पी0एस0यू0/सरकारी स्वायत्त निकायों के सेवारत या सेवानिवृत अधिकारी एवं कर्मचारी/डॉक्टर/इंजिनियर/सी0ए0/आर्किटेक्ट्स/वकील जैसे प्रोफेशनल्स/सरकारी कर्मी (चतुर्थवर्गीय कर्मी को छोड़कर)/जिसको अन्य किसी विभाग/संस्था में समरूप सिंचाई योजना से आच्छादित लाभुक एवं उनके परिवार/काली सूची में दर्ज किसान उत्पादक समूह/किसान उत्पादक कम्पनी सहकारी समिति।

**आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज :**
**क. व्यक्तिगत किसान को इस योजना के लिये निम्नलिखित दस्तावेज योजना के पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड करने होंगे–**
1. जमीन का मालगुजारी रसीद
2. वंशावली का शपथपत्र/**JRFRY** से अनुबंधित किसान।
3. आधार कार्ड का फोटो कॉपी
4. बैंक पासबुक का फोटो कॉपी
5. आधार लिंक्ड मोबाईल नम्बर
6. आधार लिंक्ड राशन कार्ड नम्बर

**ख. SHG's/ FPO's/ FPC's/LAMPS/PACS के लिए निम्नलिखित दस्तावेज योजना के पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड करने होंगे।**
1. संस्था पंजीकरण का प्रमाण–पत्र
2. अध्यक्ष/सक्षम पदाधिकारी का आधार कार्ड या आधार लिंक मोबाईल नम्बर
3. यूजर ग्रुप के सदस्यों का आधार कार्ड।
4. जिस भूमि के लिए आवेदन किया गया है, उस भूमि का मालगुजारी रसीद।
5. संस्था का बैंक खाता।

**आवेदन एवं लाभुक चयन की प्रक्रिया :**
➢ पात्र आवेदक अपना आवेदन दिये गये आवेदन प्रपत्र (क,ख,ग) में सारी वांछित जानकारी भरेंगे। अलग–अलग प्रकार के आवेदक के लिए अलग–अलग आवेदन प्रपत्र भरे जायेंगे।
➢ आवेदक आवेदन करने के लिए योजना के पोर्टल से आवेदन पत्र डाउनलोड करेंगे।
➢ डाउनलोड आवेदन पत्र को आवेदक द्वारा भरा जायेगा। आवेदन पत्र भरने के उपरांत ग्राम सभा द्वारा अनुमोदन कराना होगा।
➢ ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित आवेदन तथा वांछित दस्तावेजों के साथ आवेदक को अपने नजदीकी CSC (प्रज्ञा केन्द्र/लैम्पस/पैक्स) या अन्य केन्द्र में जाकर ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी तथा आवेदक को CSC हेतु निर्धारित सेवा शुल्क का वहन करना होगा।
➢ CSC (प्रज्ञा केन्द्र/लैम्पस/पैक्स) द्वारा आवेदकों की सारी जानकारी पोर्टल पर ऑनलाईन भरी जायेगी तथा वांछित दस्तावेजों को भी अपलोड करना होगा। साथ ही आवेदक अपना आधार तथा राशन कार्ड आधारित e-KYC करायेंगे।
➢ ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत आवेदक को रसीद/पंजीकरण संख्या प्रदान की जायेगी, जो कि भविष्य में Reference के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।
➢ अनुमोदन प्राप्त लाभुकों को सात दिनों के अंदर Escrow Account बैंकों में खुलवाना होगा तथा लाभुक अंशदान की 10 प्रतिशत राशि Escrow Account में जमा करना होगा।
➢ प्रखण्डवार लक्ष्य का निर्धारण एवं योजना अन्तर्गत 90 प्रतिशत अनुदान की राशि का निर्धारण से संबंधित कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। कार्रवाई पूर्ण होते ही प्रखण्ड हेतु निर्धारित लक्ष्य एवं कृषक अंशदान की राशि से अवगत कराया जायेगा।

योजना की अधिक जानकारी/प्रपत्र हेतु आत्मा, हजारीबाग के वेबसाइट (www.atmahazaribag.org) तथा संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक से कार्यालय अवधि में सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। ह0/–

परियोजना निदेशक
आत्मा, हजारीबाग

PR 330627 Agriculture (24-25)_D

रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार... । जनपथ पत्रकारिता ।
देसी अंदाज नया मिजाज
# रांची एक्सप्रेस
1963 से लगातार आपकी सेवा में
epaper.ranchiexpress.com | वर्ष-61 | अंक-334 रांची | शुक्रवार 26 जुलाई 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12
मूल्य 4 रु.

जुड़े जड़ से, जुड़े आयुर्वेद से
Ganpati ayurved
Sangam Ayurved Ka...
VYAS | Baidyanath | ZANDU | Dabur | AIMIL | Himalaya SINCE 1930 | SANDU | SriSri Tattva shuddhta ka naam | गंगा GANGA PHARMACEUTICALS LTD | धूतपापेश्वर | Patanjali | PATANJALI | PRABHAT PHARMA | mpil

JAMUN KARELA JUICE
With Neem, Methi & Gudmar
सिद्धि जामून करेला के फायदे
- शुगर कंट्रोल करें।
- मेटाबॉलिज्म को सही रखने में मदद करें।
- शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करें।
- आँखों की रोशनी बढ़ाए।
- पाचन तंत्र मजबूत करें। एसिडिटी की समस्या से लड़े।
- हीमोग्लोबिन बढ़ाने में मदद करें।
- कोलेस्ट्रॉल को कम कर हृदय स्वास्थ्य का ख्याल रखें।
- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए।
- रक्त को साफ करे।
प्राकृतिक और सुरक्षित।
Siddhi Ayurveda Helpline: 89875 00088
Sugar Free
100% Natural


श्री गणपति आयुर्वेद भवन
Our Branches
- श्री गणपति आयुर्वेद भवन (राँची नगर निगम के बगल में) कार्ट सराय रोड, अपर बाजार, राँची। Ph.No.: 94311-15710
- श्री गणपति आयुर्वेद औषधालय, सेंट्रल बैंक के सामने, मारवाड़ी टोला, गाँधी चौक, अपर बाजार, राँची। Ph.No.: 94709-30307
जल्द ही खुलने जा रहा है : बरियातू और मोराहबादी के नजदीक:
- श्री गणपति आयुर्वेद भवन, SBI ATM के पास, हरिहर सिंह रोड, मोराबादी, राँची। Ph.No.: 92977-81750
घर बैठे दवाई मंगवाने या किसी भी जानकारी के लिए संपर्क या व्हाट्सएप करें : 92977-81750

**दल-बदल मामला**

## झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम और भाजपा विधायक जेपी पटेल की सदस्यता रद्द

**रांची ।** मांडू से भाजपा विधायक जेपी पटेल और बोरियो से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) विधायक लोबिन हेम्ब्रम संविधान की 10 वीं अनुसूची के तहत दल-बदल के मामले में स्पीकर ने गुरुवार को अपना फैसला सुनाया। दोनों ही विधायक पार्टी लाइन के खिलाफ गतिविधि में दोषी करार दिये गये हैं। स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने फैसला सुनाते हुए दोनों विधायकों की सदस्यता को रद्द कर दी है। दल-बदल मामले में स्पीकर रवींद्रनाथ महतो के न्यायाधिकरण में लगातार दो दिनों तक सुनवाई चली। इसके बाद गुरुवार को स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने दोनों विधायक की सदस्यता खत्म करने का फैसला सुनाया। झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने अपनी पार्टी के खिलाफ राजमहल से लोकसभा चुनाव लड़ा था। वह झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के खिलाफ चुनाव लड़े थे। पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन ने इनको पार्टी से निलंबित करते हुए दलबदल की शिकायत की थी। मांडू से भाजपा विधायक जेपी पटेल कांग्रेस में शामिल हो गये थे और हजारीबाग से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े थे। इनके खिलाफ नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने दलबदल की शिकायत की थी। लगातार दो दिनों तक दोनों ही मामले में वादी और प्रतिवादी की दलीलों को सुनने के बाद दोनों से लिखित जवाब दाखिल करने को कहा था। लिखित जवाब देखने के चार घंटे में स्पीकर ने फैसला सुना दिया।

## आलमगीर आलम और वीरेंद्र राम का केस एक साथ हुआ टैग, जल्द होगा चार्ज फ्रेम

**रांची ।** पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े टेंडर घोटाला के दो मामलों को एक साथ टैग कर दिया गया है। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को इस केस की आरोपित राजकुमारी देवी और वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम सशरीर कोर्ट में उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान सभी आरोपितों को पुलिस पेपर सौंप दिया गया। अब न्यायालय चार्ज फ्रेम की प्रक्रिया शुरू करेगा। झारखंड में टेंडर कमीशन घोटाला के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की जांच ईडी कर रही है। इस मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, उनके पीएस संजीव लाल और जहांगीर आलम सहित ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित इंजीनियर इन चीफ वीरेंद्र राम सहित कई लोगों को ईडी गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले में अलग-अलग जगहों पर छापेमारी में ईडी लगभग 35.23 करोड़ रुपये और कई दस्तावेज जब्त कर चुकी है।

## झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य और केंद्र सरकार से पूछा

- **ट्राइबल्स के धर्मांतरण को रोकने के लिए क्या हो रही कार्रवाई?**

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में ट्राइबल्स के धर्मांतरण को रोकने को लेकर दाखिल सोमा उरांव की जनहित याचिका पर आज सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान मामले में कोर्ट ने राज्य और केंद्र सरकार से पूछा है कि झारखंड के किन-किन जिलों में ट्राइबल्स का धर्मांतरण किया जा रहा है और कितनों को धर्मांतरित किया गया है। कोर्ट ने पूछा कि इसे रोकने के लिए क्या-क्या कार्रवाई की जा रही है। कोर्ट ने इस संबंध में केंद्र और राज्य सरकार को स्टेटस रिपार्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त निर्धारित की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि झारखंड में धड़ल्ले से ट्राइबल्स लोगों का दूसरे धर्म में धर्मांतरण हो रहा है। ट्राइबल्स का धर्मांतरण क्यों हो रहा है, उसके लिए एक जांच कमेटी का गठन सरकार द्वारा किया जाना चाहिए। उनकी ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि राज्य में चंगाई सभा के माध्यम से ट्राइबल लोगों को लालच देकर अन्य दूसरे धर्म में लाया जा रहा है। इस पर रोक लगाने की जरूरत है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट में भी धर्मांतरण से संबंधित मामले में जनहित याचिका पर सुनवाई चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए देश की राज्य सरकारों एवं केंद्र सरकार से जवाब मांगा है।

# मुख्यमंत्री ने रिम्स में भर्ती झामुमो नेता महालाल सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के ट्रामा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी वार्ड पहुंचे और वहां भर्ती झामुमो गिरिडीह जिला सचिव महालाल सोरेन से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने महालाल सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

मुख्यमंत्री ने महालाल सोरेन को चिकित्सा सेवा दे रहे डॉक्टर्स से उनके बेहतर इलाज से संबंधित बातचीत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ट्रामा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी वार्ड में इलाजरत अन्य मरीजों से भी मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा तथा इलाजरत सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य चिकित्सा लाभ उपलब्ध कराए जाने का निर्देश चिकित्सकों को दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिम्स प्रबंधन प्रतिबद्धता के साथ मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करे।

झामुमो गिरिडीह जिला सचिव महालाल सोरेन पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे हैं तथा बेहतर इलाज के लिए रिम्स के ट्रामा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी वार्ड में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में इलाजरत हैं।

# झारखंड के तीन जिले में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए मिले 150 करोड़

**रांची।** झारखंड के शहरी विकास और आवास सचिव अरवा राजकमल ने केन्द्र सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) की 7वीं संचालन समिति की बैठक में गुरुवार को भाग लिया। वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए राज्य के रांची, धनबाद और जमशेदपुर जिले को शामिल किया गया है। इस बैठक में सचिव शहरी विकास ने इस मुद्दे को उठाया कि झारखंड के लिए 2023-24 में कोई फंड जारी नहीं किया गया है और 2024-25 में फंड के लिए केन्द्र सरकार से अनुरोध किया गया है। संचालन समिति ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के उपलब्ध कराए गए वायु गुणवत्ता मानकों के आंकड़ों के अनुसार ही 2025-25 में धन आवंटित करने का निर्णय लिया। सीपीसीबी के अनुसार, धनबाद शहर को 100 में से 100 अंक मिले, रांची और जमशेदपुर को 100 में से 75 अंक मिले और उन्हें 2024-25 में फंडिंग के लिए योग्य पाया गया। शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए इन तीन शहरों को 2024-25 में लगभग 150 करोड़ की फंडिंग दी जाएगी। इन निधियों का उपयोग करके, तीन शहर संघनन मशीनरी, उभयचर उत्खननकर्ता खरीद सकते हैं। जल निकाय पुनर्जीवन, वृक्षारोपण भी कर सकते हैं। धूल भरी सड़कों पर यातायात को कम करने के लिए शहर पेवर-ब्लॉक सड़कें भी बना सकते हैं। झारखंड सरकार की नागरिक सुविधा और परिवहन निधि के समर्थन के साथ इस पहल का उपयोग करते हुए रांची, धनबाद और जमशेदपुर के वायु गुणवत्ता मानकों में 2024-25 में और सुधार किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता सचिव एमओईएफसीसी भारत सरकार के साथ सभी राज्य सरकारों के शहरी विकास सचिवों ने की। झारखंड से शहरी विकास एवं आवास सचिव अरावा राजकमल, जमशेदपुर जेएनएसी के कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण कुमार के साथ बैठक में शामिल हुए।

# यूपी में संविदा-आउटसोर्सिंग भर्तियों में आरक्षण की तैयारी

## योगी सरकार उपचुनाव से पहले कर सकती है ऐलान,होगा खेला




**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी सरकार संविदा और आउटसोर्सिंग से भरे जाने वाले पदों में जल्द रिजर्वेशन देने की तैयारी कर रही है। इस मसले को लेकर सरकार पर कई नेता दबाव बना रहे हैं। मौके की नजाकत देखते हुए सरकार ने आरक्षण व्यवस्था बहाल करने का मन बना लिया है। विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उप-चुनाव से पहले आरक्षण व्यवस्था लागू हो सकती है। संविदा और आउटसोर्सिंग से होने वाली भर्ती में आरक्षण का मसला विधानमंडल की समिति ने उठाया था। इसके बाद से यह तूल पकड़ रहा है। विपक्ष भी इस मुद्दे पर सरकार को घेर रहा। शासन और सत्ता के गलियारों में चर्चा है कि उप-चुनाव से पहले संविदा और आउटसोर्स से होने वाली भर्ती में एससी को 21 फीसदी, एसटी को 2 फीसदी और ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण का फायदा मिल सकता है। संविदा कर्मचारीः इसमें सरकारी विभाग और कर्मचारी के बीच कॉन्ट्रैक्ट होता है। एक निश्चित सैलरी हर महीने विभाग देता है। इसका विज्ञापन विभाग निकालता है। कभी भी हटाए जा सकते हैं।

अतुलनीय साहस और शौर्य का परिचय देने वाले भारतीय सेना के वीर जवानों को कारगिल विजय दिवस पर जय हिंद



रंजन फौजी
जिला महामंत्री, भाजपा, रामगढ़

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND
झारखण्ड वन



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

समस्त झारखण्डवासियों को
75वां वन महोत्सव, 2024
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

वृक्ष प्रकृति के उपहार की तरह हैं, जो पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। पूरे विश्व में तापमान को नियंत्रित करने और बारिश के लिए मौसम की स्थिति बनाने में वृक्षों की बड़ी भूमिका है। वृक्ष कार्बन डाइऑक्साइड लेकर और ऑक्सीजन छोड़ कर हवा को भी साफ करते हैं, जो सभी जीव जंतुओं के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, वृक्ष हमें लकड़ी, भोजन, ईंधन, कागज और बहुत कुछ प्रदान करते हैं, जिससे वे हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाते हैं।

हमारी सरकार राज्य के जल, जंगल और जमीन को समृद्ध करने के लिए कृत संकल्पित है और अपने पूर्वजों के धरोहर को संरक्षित कर उसमें और बढ़ोतरी करने के लिए हमेशा से प्रयासरत रही है।

आप सभी इस बात से अवगत हैं कि पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन का संकट मंडरा रहा है। इस वर्ष मानसून में बारिश को देख लें कि कितना परिवर्तन हो चुका है। यह मानव समाज के लिए ठीक नहीं है और हम सबको मिलकर इसे सही करने का प्रयास करना होगा। इस कड़ी में हम सब वन महोत्सव में पौधा लगाने का संकल्प लें, ताकि जलवायु का तापमान नियंत्रित रह सके, जल संकट से उबर सकें, हवा में प्रदूषण को कम किया जा सके, मिट्टी का संरक्षण हो सके, हमारे राज्य के नदी-नाले सालों भर बहते रहें और पूरा वातावरण सुन्दर और रमणीक लगता रहे।

अब, हमारे लिए अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेना महत्वपूर्ण है। हमें पृथ्वी की उसी तरह देखभाल करनी चाहिए जैसे वह हमारी देखभाल करती रही है। वन महोत्सव के जरिये सभी झारखण्डवासियों से अपील है कि आप पौधे लगाएं, उनको बचाएं और उसे वृक्ष बनाएं।

जोहार!

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार
PR 330711 (Forest, Environment and Climate Changes) 24-25

# अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ ने सीसीएल कुजू महाप्रबंधक को सौंपा 17 सूत्री मांग पत्र



**कुजू।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ सीसीएल कुजू महाप्रबंधक के नाम 17 सूत्री मांग पत्र एसओपी गिरीशचंद्र को सौंपा है। कुजू क्षेत्रीय सचिव रामभजन लाल महतो के नेतृत्व में सौंपे गए मांग पत्र में तोपा, करमा, पुंडी, सारूबेडा, आरा व कुजू कोलियरी के रैयतो को नौकरी व मुआवजा देते हुए घर खाली किए रैयतो का प्रमाण पत्र देने, तोपा व करमा में संडे, पीएचड़ी में बढ़ोतरी करने, करमा व कुजू न्यू साईडिंग में मोटरसाइकिल एवं मजदूरों का रेस्ट शेल्टर बनाने, करमा में ग्रामीण रोड से हाजिरी घर जाने के लिए मजदूरों का अलग स्टेशन जाने का रास्ता बनाने, करमा परियोजना के पीट ऑफिस में शौचालय का निर्माण तथा आवास कमी को दूर करने, लोकसभा चुनाव में गए कर्मचारियों का संडे हाजरी देने, श्रीराम चौक कुजू से कुजू कोलियरी का रोड मरम्मती करने व नाली का साफ सफाई कराने, कुजू कोलियरी व अन्य कोलियारियों में लगी आग को बुझाने, कुजू कोलियरी में बच्चों की अधिक संख्या देखते हुए एक और स्कूल बस बढ़ाने, जर्जर क्वार्टर का मरम्मत करने, मजदूर कर्मचारी के आवास आवंटन नहीं किए जाने पर मकान भत्ता देने, तोपा लोकल सेल में ई-ऑक्शन का कोयला दिया जाने, तोपा थ्री सेंटर क्यारी के काली मंदिर में लाइट की व्यवस्था करने, मजदूरों को सुरक्षा उपकरण दिए जाने, तोपा आवासीय कॉलोनी में चिकित्सा पदाधिकारी उपलब्ध कराने, स्मार्ट कार्ड क्षेत्रीय चिकित्सालय कुजू में बनवाने, मजदूर कर्मचारियों के आकस्मिक, स्वाभाविक मृत्यु होने पर अलग से शव को ले जाने के लिए एम्बुलेंस मुहैया करने, सीसीएल द्वारा तोपा में ग्रामीण देवता का स्थानांतरण किए गए जगह का बाउंड्री वॉल करने की मांग की गई है। साथ ही 15 दिनों के अंदर मांगो पर पहल नहीं होने पर क्षेत्र के परियोजनाओं का कार्य ठप करने की चेतावनी दी है। मौके पर आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, शशि कुमार, रोहित रंजन, दुबराज महतो, जीतन महतो, रामकुमार, कार्तिक राम, राजेश कुमार, तेजनाथ महतो उपस्थित थे।

## रामगढ़ के नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक से मिले रोशनलाल चौधरी



रामगढ़। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने गुरुवार को रामगढ़ जिले के नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक अजय कुमार से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने जिले की समस्याओं से अवगत कराया। रोशनलाल चौधरी ने भरोसा जताया कि अजय कुमार के कुशल नेतृत्व में जिले की विधि व्यवस्था में सुधार आएगा। मौके पर जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, नगर कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, नगर सचिव नीरज मंडल, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष रोहित सोनी, पूर्व जिला सह सचिव सुरेंद्र दांगी, नगर उपाध्यक्ष पंकज कुमार दांगी आदि मोजूद थे।

## विस चुनाव को लेकर जदयू मांडू विधानसभा ने आराकांटा में की बैठक



कुजू। जनता दल यूनाईटेड, मांडू विधानसभा ने विधानसभा चुनाव की तैयारी समीक्षा को लेकर गुरूवार को आरा उत्तरी पंचायत सचिवालय में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता मांडू प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम महतो व संचालन रमेश राम ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत पटेल व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव राजू महतो व जगदीश महतो, जिला प्रभारी मिथलेश कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दुष्यंत पटेल ने कहा कि एनडीए गठबंधन की तरफ से जदयू मांडू विधानसभा में अपना प्रत्याशी उतारेगी। जिसके जीत के लिए आप सभी कार्यकर्ता अभी से तैयारी में जुट जाए। बाद में बैठक में कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में मनोज राय, महेंद्र किशोर, बालेश्वर तूरी, सफीक अंसारी, रमेश राम, अकबर अंसारी, विनोद रजवार, भानू पटेल, सुनील विश्वकर्मा, बालगोविंद महतो, बाबूलाल महतो, विजय महतो, धनेश्वर महतो, मिठु महतो, काशी करमाली, भोलेश्वर महतो, महावीर महतो, रामचरण राम, महादेव महतो, पप्पू साव, हीरालाल महतो सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जेईई में सफलता अर्जीत करने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित



बरकाकाना। डीएवी बरकाकाना में प्रार्थना सभा के दौरान एक समारोह आयोजित कर विद्यालय से पास हुए छात्र निखिल शर्मा और प्रतीक कुमार को जेईई में मिली सफलता पर सम्मानित किया गया। उक्त दोनों बच्चों ने विद्यालय से 2020-21 में दशम की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। दोनों सफल छात्रों को विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजीद ने सम्मानित किया और उनकी इस उपलब्धि के लिए सराहना की। उन्होने कहा कि इन दोनो छात्रों ने अपनी सफलता से विद्यालय का नाम रोशन किया है। निखिल शर्मा और प्रतीक कुमार की इस सफलता ने पूरे विद्यालय को गर्वित किया है।

## सीसीएल अधिकारी पर घर का मुआवजा दिए बिना तोड़ने का लगाया आरोप

### उपायुक्त से नौकरी व मुआवजा दिलवाने के बाद घर तुड़वाने की मांग की

कुजू। सीसीएल कुजू क्षेत्र के तोपा परियोजना स्थित बनवार निवासी मो सज्जाद अंसारी ने सीसीएल के अधिकारी पर घर का मुआवजा दिए बिना घर तोड़ने का आरोप लगाते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ को आवेदन दिया है। साथ ही उपायुक्त को आवेदन देकर घर तोड़ने से पूर्व नौकरी और मुआवजा दिलवाने की मांग की है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दिए आवेदन में उन्होंने कहा है कि बनवार स्थित उनके 18 एकड़ 57 डिसमिल में अवस्थित मकान बाउंड्री और पशु के लिए गोहाल घर पेड़ आदि था। तोपा परियोजना पदाधिकारी और खान प्रबंधक द्वारा नौकरी देने के नाम पर घर के बदले रहने के लिए क्वार्टर दिए और घर का मुआवजा अन्य मुआवजा मिलने के बाद ही घर हटाने की बात कहे थे। परंतु एक सोची समझी साजिश के तहत बिना नौकरी मुआवजा दिए ही घर को तोड़ने का साजिश रचा जा रहा है।

## नाम जांचों अभियान में डीसी ने लिया हिस्सा, मतदाता सूची में अपने नाम की जांच की



रामगढ़। मतदाताओं को जागरूक करने और प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में अंकित करने को लेकर गुरुवार को संचालित नाम जांचों अभियान के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय छत्तरमांडू में मतदान केंद्र संख्या 107 पर जाकर मतदाता सूची में अपने नाम की जांच की। साथ ही उन्होंने सभी से प्रत्येक निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा मतदान केंद्र, वोटर हेल्पलाइन एप सहित अन्य माध्यमों से मतदाता सूची में अपने नाम की जांच करने की अपील की। गौरतलब होकि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 जुलाई को सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया है। वहीं, प्रारूप प्रकाशन के दिन अपराह्न 12 से 1 बजे के बीच नाम जांचों अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी के अलावा अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों ने भी नाम जांचों अभियान में हिस्सा लिया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने बड़कागांव एवं रामगढ़ विधानसभा के विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

रामगढ़। मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यों को लेकर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार ने 22 बड़कागांव एवं 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने छत्तरमांडू क्षेत्र में मतदान केंद्र संख्या 109, 110, 111, 112, छावनी कन्या मध्य विद्यालय सुभाष चौक रामगढ़ में मतदान केंद्र संख्या 1, 2, 3 एवं 22 बड़कागांव अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 443 का निरीक्षण कर द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 जुलाई को हुए मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन का जायजा लिया। मौके पर डीसी ने सभी बीएलओ सहित अन्य कर्मियों को उनके उनके क्षेत्र में प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में अंकित होना सुनिश्चित करने, लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम जांच करने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप सहित अन्य ऑनलाइन माध्यमों के प्रति जागरूक करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत निर्धारित विशेष शिविर दिवस 27 जुलाई शनिवार, 28 जुलाई रविवार, 3 अगस्त शनिवार एवं 4 अगस्त रविवार को मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।



## प्रचार वाहन से प्रचार कर छावनी परिषद कार्यालय घेराव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए किसानों से अपील किया गया

**हजारों की संख्या में किसान पारंपरिक कृषि यंत्र, ढोल-नगाड़े एवं गाजे-बाजे के साथ होंगे शामिल:ओमप्रकाश**



**रामगढ़।** किसान सहयोग समिति रामगढ़ के आह्वान पर छावनी परिषद कार्यालय घेराव कार्यक्रम को लेकर समिति के सदस्यों ने गुरुवार को मुर्रामकला, कांकेबार, चेटर, गोसा, बुढ़ाखुखरा, कोठार, हुहुआ, कैथा, गोबरदरहा, गंडके, गोडातू, लोलो, उसरा, छत्तर, बारलोंग, लारी, कुसुम टोला, सुगिया, करमा, रेतवे आदि गांवों में प्रचार-वाहन से प्रचार कर 26 जुलाईको रामगढ़ डेली मार्केट से किसान सब्जी विक्रेताओं को हटाए जाने के विरोध में होने वाली छावनी परिषद कार्यालय घेराव कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने के लिए आह्वान किया गया। इस दौरान लोगों ने बताया कि रामगढ़ जिला के विभिन्न गांवों के हजारों-हजार किसान अपनी पारंपरिक वेशभूषा, कृषि यंत्र, ढोल नगाड़े एवं गाजे-बाजे के साथ छावनी परिषद कार्यालय घेराव कार्यक्रम में शामिल होंगे। विदित हो कि छावनी परिषद रामगढ़ स्थित डेली मार्केट दशकों पुराना मार्केट है, जहां पर रामगढ़ जिला के दर्जनों गांवों के किसान प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के स्व उत्पाद सब्जियां बेचकर अपना जिविकोपार्जन कर रहे हैं, ऐसे में डेली मार्केट से सब्जी विक्रेताओं को हटाकर न्यू बस स्टैंड कैंपस के न्यू वेजिटेबल जोन में शिफ्ट करना गलत है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**छावनी परिषद घेराव कार्यक्रम के दौरान इन मांगों को रखा जाएगा:** रामगढ़ डेली मार्केट में पूर्व में निर्धारित स्थल में ही किसानों को सब्जी बेचने के लिए जगह सुनिश्चित किया जाए, डेली मार्केट में हरी सब्जी बेचने वाले स्व उत्पाद किसानों से किसी भी तरह का मासूल नहीं वसूला जाए, डेली मार्केट में शौचालय एवं पीने के लिए स्वच्छ पानी की व्यवस्था की जाए, सब्जी तौलक शुल्क प्रति बोरा या प्रति टोकरी 5 रुपया किया जाए मांग शामिल है।

**प्रचार-प्रसार में ये थे शामिल:** प्रचार-प्रसार में किसान सहयोग समिति के ओम प्रकाश महतो, अनिकेत ओहदार, धनंजय महतो, रोहित महतो आदि शामिल थे।

## डॉ एस राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड अंतर्गत सुकरीगढ़ा लारी स्थित डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में गुरूवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में महाविद्यालय के साथ-साथ केबी प्लस टू उच्च विद्यालय लारी में पौधारोपण किया गया। मुख्य रूप से उपस्थित महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर ने काजू का पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के लिए पेड़-पौधे लगाकर हमें अपने जीवन की रक्षा करनी चाहिए। वहीं प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा ने सीता पेड़ लगाकर कहा कि पर्यावरण मनुष्य के लिए लाभदायक है। एक पेड़ मां के नाम विषय पर आधारित इस पौधरोपण कार्यक्रम में बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने भी विभिन्न प्रकार के फलदार एवं औषधियुक्त पौधे लगाए। एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.अशोक राम एवं सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा की देखरेख में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक रंजू वंदना होरो, संजू रंजना होरो, मो. परवेज अख्तर, डीएलएड की प्रभारी विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन, व्याख्याता मुरारी कुमार दुबे, बाबूचंद प्रसाद, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में निकिता कुमारी, नंदलाल कुमार, निशा कुमारी, श्रेया गुप्ता, उमेश कुमार, पवन कुमार, सुनीता देवी, सावित्री देवी, पंकज करमाली, निर्मल महतो सहित बीएड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## मायल, दुलमी एवं पालू पैक्स के बीच 60 टूलकिट का हुआ वितरण



रजरप्पा। चितरपुर प्रखंड अंतर्गत मायल पैक्स में गुरूवार को झाम्फकोफेड लिमिटेड रांची द्वारा लघुवनोपज के विकास विहिन विदोहन हेतु सहकारी समितियों के बीच टूलकिट का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित तकनीकी प्रबंधक नीलम कुमारी एवं आहरण प्रबंधक सुधीर कुमार मंडल द्वारा मायल पैक्स, दुलमी पैक्स एवं पालू पैक्स के सदस्यों के बीच 60 टूलकिट का वितरण किया गया। इससे पूर्व मायक पैक्स के अध्यक्ष सतीश कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर चितरपुर व दुलमी के प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी रामदेव महतो, दुलमी पैक्स अध्यक्ष विपिन कुमार सिन्हा, प्रबंधक विनय कुमार सिन्हा, चितरपुर उत्तरी पैक्स प्रबंधक रविंद्र चौधरी, लारीकलां पैक्स अध्यक्ष दिलीप कुमार महतो, पालू पैक्स अध्यक्ष इंद्रजीत कुमार, मायल पंचायत के मुखिया फिरोज अंसारी, दुलमी पंचायत के मुखिया रविंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में एसएस प्लस टू हाई स्कूल के एनसीसी कैडेट का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

गोला। रांची जिले के ओरमांझी स्थित साईं नाथ विश्वविद्यालय में 16 जुलाई से 25 जुलाई तक एनसीसी रांची द्वारा वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गोला स्थित एसएस प्लस टू हाई स्कूल के 50 एनसीसी कैडेटों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बेस्ट ट्रूप और बेस्ट जेडब्ल्यू का अवार्ड प्राप्त किया। शिविर से वापस लौटने पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनुपा पुष्पा तिर्की सहित अन्य शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी एनसीसी कैडेटों एवं एनसीसी शिक्षकों को बधाई दी।




## बच्चों ने पौधा लगाकर लोगों को दिया हरियाली का संदेश



**भुरकुंडा।** पटेलनगर स्थित अनमोल बचपन प्ले स्कूल के नन्हे बच्चों ने गुरुवार को गमलों में फूलों सहित अन्य पौधें लगाकर लोगों को हरियाली का संदेश दिया है। इस दौरान संस्था के सभी शिक्षकों ने बच्चों के साथ मिलाकर स्कूल परिसर में पौधारोपण किया। मौके पर शिक्षकों ने मौजूद बच्चों को पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारे जीवन में पेड़ पौधे क्यों आवश्यक है। साथ ही बच्चों को पॉलिथीन बैग के इस्तेमाल से बचने की बात कही गई। संस्था का निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि नन्हे बच्चों में पर्यावरण के बारे में जागरूक करना और उन्हें अभी से ही प्लास्टिक और पॉलिथीन इस्तेमाल नहीं करने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में मानसिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण कि परिपक्वता भी आती है। पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए पर्यावरण से संबंधित पेंटिंग प्रतियोगिता तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका जयश्री गोस्वामी, उर्मिला कुमारी, भूमि कुमारी, नमीता मिश्र, निधि सिंह, मानसी कुमारी, दिव्या कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, सुशीला एंथोनी का योगदान रहा।

## पतरातू में जल्द बनेगा 12 करोड़ की लागत से 50 बेडों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन



भुरकुंडा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू का भवन 30 बेडों के स्थान पर अब 50 बेडों का बनाया जायेगा। इस संबंध में भवन निर्माण विभाग द्वारा निविदा जारी कर दी गई है। 31 जुलाई से निविदा भरी जाएंगी जिसके बाद भवन निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। उक्त जानकारी विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने गुरुवार को प्रेस बयान जारी कर दी है। प्रेस बयान के अनुसार विधायक अम्बा प्रसाद ने इस मामले को लेकर विधानसभा में कई बार मामला उठाया, निवेदन समिति की बैठकों में रखा, स्वास्थ्य सचिव, भवन निर्माण विभाग के सचिव एवं उपायुक्त रामगढ़ से मुलाकात करके सुविधा अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन को 30 बेड के स्थान पर 50 बेडों का स्वास्थ्य केंद्र बनवाने की पहल की। जिसके बाद भवन निर्माण विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान की। पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने में लगभग 12 करोड़ की लागत आएगी। ज्ञात हो कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा भवन निर्माण में अनियमिताओं का हवाला देकर निर्माण कार्य को रोक दिया गया था। जिसके बाद विधायक अम्बा प्रसाद ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पहुंचकर इस संबंध में एनओसी दिलवाने का कार्य किया। विधायक ने कहा कि अब पतरातू प्रखंड वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी।

## महाप्रबंधक से मिले केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा समस्याओं से कराया अवगत



बरकाकाना। केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना में अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की ओर से दिए गए मांग पत्र पर प्रबंधक के द्वारा यूनियन के सदस्यों के साथ बैठक कर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया। मांग पत्र में मुख्य रूप से कर्मचारियों का वेतन विभिन्नता,शॉप में साफ सफाई पानी की व्यवस्था, साबुन,ग्लास,जुट,मार्किन कपड़ा,कर्मशला मे संचालित कैंटीन का बकाया सहायक पैसा का जल्द भुगतान,कॉलोनी का सड़क,सीवरेज के साथ पेयजल की समुचित व्यवस्था पर जल्द से जल्द सकारात्मक पहल करने को कहा गया। बैठक में मुख्य रूप से अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के केंद्रीय महासचिव सह वेलफेयर बोर्ड के सदस्य सतीश सिन्हा,सुदर्शन महतो,क्षेत्रीय अध्यक्ष हरि रत्नम, सचिव रामचंद्र प्रजापति, उपाध्यक्ष अरुण कुमार, सह सचिव जाहिद हुसैन, सेवालाल मांझी, लाल कमल मंडल शामिल थे।

## संक्षिप्त

### सुभाष मुंडा की पुण्यतिथि पर आज निकलेगी बाईक रैली

**रातू :** क्षेत्र के प्रसिद्ध सीपीआईएम नेता सुभाष मुंडा की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को बाईक रैली निकाली जाएगी।इसकी जानकारी देते हुए खुटकटी मुंडा धर्म सभा के मनीष मुंडा ने बताया कि सुभाष मुंडा की श्रद्धांजलि यात्रा मालश्रृंग गांव से सांगा, गुटवा टोली, हुरहुरी, झखराटांड़, काठीटाड़, तिलता ओवरब्रिज, सिमलिया होते हुए दलादिली चौक में सुभाष मुंडा की प्रतिमा में मालार्पण कर समाप्त हो जाएगी।मनीष मुंडा ने श्रद्धांजलि यात्रा में लोगो को शामिल होने की अपील की है।

### अमित दत्ता होंगे एआईएसएमजेडब्लूए राष्ट्रीय महासचिव के पीआरओ

**तमाड़ :** आज ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वैलफेयर एसोसिएशन द्वारा अमित दत्ता को ऐसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव प्रीतम सिंह भाटिया का पीआरओ बनाया गया है। झारखंड में एआईएसएमजेडब्लूए के रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष ईकाई के




पद पर आसीन युवा पत्रकार अमित दत्ता को ऐसोसिएशन के जनसंपर्क पदाधिकारी का भी प्रभार सौंपा गया है। श्री दत्ता राष्ट्रीय महासचिव द्वारा निर्देशित विभिन्न विभागों में पत्राचार सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को देखेंगे। उक्त जानकारी ऐसोसिएशन के बिहार/झारखंड सह प्रभारी शंकर गुप्ता द्वारा दी गई है। श्री गुप्ता ने कहा कि बहुत जल्द ऐसोसिएशन झारखंड और बंगाल में संयुक्त रूप से सम्मेलन का आयोजन भी करेगी। इसके अलावा ऐसोसिएशन दूसरे राज्यों में कार्यरत संगठनों से मिलकर पत्रकारों के मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का काम करेगी।

### बीज वितरण कार्यक्रम में प्रमुख बोली किसान ही हमारे अन्नदाता

**अनगड़ा :** प्रखण्ड के बरवादाग पंचायत अन्तर्गत जिन्तुपीड़ी गांव के किसानों के बीच गुरुवार को बिरसा हरित विस्तार फसल योजना के तहत में 36 किसानों के बीच मकई और



मूंगफली का बीज का विवरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनगड़ा प्रमुख दीपा उराँव ने अपने हाथों से किसानों के बीच बीज का वितरण किया ' इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसान ही हमारे अन्न दाता है ' इसी के मद्देनजर इन्हें बीज दिया गया है ताकि किसान आत्मनिर्भर बन सके और किसान खरीफ फसल भी अधिक से अधिक उत्पादन कर सके ' बीज वितरण के मौके पर बरवादाग पंचायत प्रतिनिधि बीटीएम नीरा सबिता जोजो कृषक मित्र महेश कुमार सहित सभी किसान लाभुक उपस्थित थे।

### मतदान केन्द्रों में मतदाता पुर्णनिरीक्षण कार्यक्रम शुरू

**इटकी :** प्रखंड में आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर गुरुवार को मतदाता पुर्णनिरीक्षण कार्य शुरू कर दी गई है। नौ पंचायत वाले प्रखंड के 49 मतदाता केन्द्रों पर 25 जुलाई से लेकर 20 अगस्त तक मतदाता पूर्णनिरीक्षण कार्य चलेगी। इस अवधि के प्रत्येक शनिवार को आयोजित विशेष कैंप में मतदाता अपना नाम दर्ज करा सकते है। 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी योग्य नागरिक का निबंधन सुनिश्चित करने के लिए अपना आवेदन जमा कर मतदाता सुची में अपना नाम का दावा कर सकते है।एकीकृत मतदाता सुची का प्रारूप का प्रकाशन 20।8।2024 को समय निर्धारित की गई है। मतदाता पुर्णनिरीक्षण कार्य बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग के नेतृत्व में सभी बीएलओं के माध्यम से की जा रही है।

# अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय में छात्रो की सुरक्षा एवं सुविधाओं देख विफरे बंधु तिर्की

**बेड़ो :** प्रखंड़ के बारिडीह गांव में कल्याण विभग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय का गुरुवार को पूर्व मंत्री सह समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने निरीक्षण किया. श्री तिर्की ने विद्यालय की दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति के लिए प्रधानाध्यापक, वार्डन व शिक्षक को यह सख्त निर्देश दिया कि वे विद्यार्थियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें. छात्रो द्वारा निम्न स्तर के खाना,जर्जर भवन सहित अन्य समस्याओ की आरोप की खबर छपने के बाद श्री तिर्की ने विद्यालय भवन का निरीक्षण किया. वही प्रधानाध्यापक, वार्डन, शिक्षक व छात्रो से बातचीत की जानकारी लेते हुए विद्यालय के भवन, कक्षा, छात्रावास, किचन आदि का निरीक्षण किया. श्री तिर्की ने



निरक्षण के बाद कहा कि ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण और निराशाजनक स्थिति को सभी को इस बात को समझना चाहिये. श्री तिर्की ने अपने स्तर से थाली, ग्लास और अन्य बर्तन खरीदकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक को दिया और सख़्त निर्देश दिया कि अब विद्यार्थियों को इसी नये बर्तनों में खाना परोसा जाये ना कि ढेग के ढंकनी भोजन करने के लिये उन्हें विवश किया जाये. श्री तिर्की ने विद्यालय में सब्जी एवं खाद्य सामग्री की आपूर्ति करने वाले आपूर्तिकर्ता से भी बातचीत की और कहा कि वे त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरी सतर्कता और सावधानी के साथ अपनी जिम्मेदारी को पूरा करें. वही कल्याण मंत्री से भी फोन पर बात की और उन्हें विद्यालय की वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए एक कमिटी गठन कर जांच करा कर दोषी पर कार्यवाही की आग्रह किया. वही विद्यालय के जर्जर भवन की चर्चा की और कहा कि राष्ट्रीय उच्च पथ चौड़ीकरण के दौरान इस विद्यालय की भूमि का अधिग्रहण करने के पश्चात विद्यालय के आधे भवन को तोड़ दिया गया. आधे बचे जर्जर भवन में छात्र रहते है और पढ़ते हैं. उन्होने कल्याण मंत्री से अनुरोध किया कि नये भवन निर्माण पूर्ण होने तक विद्यालय के लिये अस्थायी भवन की व्यवस्था की जाये क्योंकि जर्जर भवन में अध्ययन के कारण कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है. वही प्रभारी प्रखंड़ कल्याण पदाधिकारी को सप्ताह में तीन दिन आकर इस विद्यालय में साफ-सफाई और सुरक्षा के साथ ही विद्यार्थियों को मिल रही सुविधा पर नजर रखें. मौके पर सीओ प्रताप मिंज, प्रखंड कल्याण प्रभारी पदाधिकारी करमू कंड़ीर, मो शमसाद व सोमरा लोहरा सहित कई लोग साथ में थे।

# कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने किया वृक्षारोपण अभियान 2024 का शुभारंभ

**रांची :** माननीय केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज (25 जुलाई 2024) धनबाद से विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ह्यएक पेड़ माँ के नामह्व के तहत वृक्षारोपण अभियान-2024 का शुभारंभ किया ।

इस अवसर पर कोयला और खान मंत्री के साथ कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव श्री अमृत लाल मीणा तथा कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन श्री पी एम प्रसाद एवं अन्य अतिथिगण की गरिमामई उपस्थिति रही । कोयला मंत्रालय के तत्वाधान में आयोजित हरित क्रांति के क्षेत्र में सीसीएल इस अनुकरणीय पहल का भी हिस्सा बनी। इस मौके पर वर्चुअल रूप से सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री नीलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री सतीश झा,



मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार, विभागाध्यक्ष (पर्यावरण) श्री राज कुमार सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। वृक्षारोपण अभियान के उपलक्ष्य पर सीसीएल के सी एम डी, निदेशक मंडल एवं सीवीओ ने सी सी एल मुख्यालय के प्रांगण में पौधारोपण एवं पौधों का वितरण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस पहल के अंतर्गत सीसीएल के सभी क्षेत्रों में क्षेत्रीय महाप्रबंधकों की अगुवाई में फलदार एवं औषधीय पौधों के रोपण एवं वितरण का कार्यक्रम आज से संचालित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत कुल 55000 से अधिक पौधों का रोपण एवं वितरण किया।

**AFFIDAVIT**

I Divya Rani D/o Shashi Bhushan Sharma, R/o Rio Adarsh Colony P.o & P.s Chas , Dist Bok aro (Jharkhand). That in the Aadhar Card (4192 8857 4860) and my name is mentioned as DIVYA RANI. That my correct name is DIVYA SHARMA After this affidavit I will be known as DIVYA SHARMA for all purposes. Vide Affidavit No. 556, dated - 16 July 2024.

**AFFIDAVIT**

I, Aman kumar Tapariya S/o Sri Pramod Kumar Tapariya R/o House No. 184 , Benditand , Near Kedia Bhawan Chas, Dist Bokaro, do hereby solemnly affirm on declare by affidavit no 38502 dated 22.07.2024 as follows:-
1.That my correct or actual name is AMAN KUMAR TAPARIYA which is mentioned in adhar card no 408986175758 but in my Bank A/c no 471110110018742 of Bank of india, Ramgarh Branch wherein my name has been written as AMAN KUMAR
2.That AMAN KUMAR TAPARIYA and AMAN KUMAR is the same & one person ie. my self.

# सड़क पर गड्ढा होने से जल जमाव सड़क निर्माण की मांग

**रातू :** ब्लाक रोड से काली मंदिर से संगम रेस्टोरेंट्स रास्ता में बने सैकड़ो गड्ढे में जल जमाव से लोग परेशान लोगो ने आजसू हटिया विधानसभा प्रभारी भरत काशी, एवं रांची जिला परिषद के अध्यक्ष निर्मला भगत के नेतृत्व में धान रोपनी किया। लोगो ने बताया कि सड़क में गड्ढे के अलावे कुछ दिखता नहीं है, जिसमें पानी भर जाने के कारण वाहनो के आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई दो पहिया वाहन चालक असंतुलित होकर गिर जा रहे। इस भय से लोग इस रास्ता से आना जाना छोड़.चुके है। वही श्री काशी ने कहा कि 2011-12 में ग्रामीण विकास मंत्री सुदेश कुमार महतो के द्वारा इस



सड़क को बनवाया गया था परंतु उसके बाद से अभी तक सड़क निर्माण का राह देख रहा है। सड़क पर रोज बड़े बड़े जनप्रतिनिधि एवं आला अधिकारी चलते हैं पर उन्होंने कभी भी इस सड़क की सूद नही ली। कई बार आवेदन देने के बावजूद सड़क का निर्माण नही हुआ तो अंत में ग्रामीणों ने थक हार कर धान रोपनी करने का निर्णय लिया ताकि सरकार का आंख खुले। मौके पर विणा सिंह, अन्नू देवी, रीता गुप्ता, रूपा देवी, अर्जुन महतो, किशन काशी, प्रेम सिंह, चेतन गोप, संतोष घोष, मोहित जायसवाल, विशाल साहू, देवेंद्र पाहन, सुनील मुंडा, मुकेश साहू, जितेंद्र कांशी, प्रदीप पटेल, अजय महतो, अरविंद मुंडा, राजेश शर्मा आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# हेमंत सरकार में आदिवासी दलितों मजदूरों का बुरा हाल हो गया हैः प्रभुदयाल बड़ाईक

**नामकुम :** नामकुम के दुर्गा सोरेन चौक में भाजपा नेता प्रभुदयाल बड़ाईक के नेतृत्व में नामकुम के दुर्गा सोरेन चौक में बालू की किल्लत के कारण बेरोजगारी का दंश झेल रहे मजदूरों ने सौ रुपया किलो बालू बेच कर झारखंड सरकार का विरोध किया। इस मौके पर प्रभुदयाल बड़ाईक ने कहा आज झारखंड के हेमंत सरकार में आदिवासी दलितों मजदूरों का बुरा हाल हो गया है जो डेली मजदूरी कर अपना घर चलाते हैं प्रतिदिन यहां आकर इंतजार करते हैं की कोई तो आए और हमे काम पर ले जाय



परंतु आलम यह है की बालू नहीं मिलने एवं महंगाई के कारण लोग अपना घर का काम नहीं कर पा रहे हैं प्रधानमंत्री आवास और अबुवा आवास का निर्माण करा नहीं पा रहे हैं, कहा जा रहा है की बालू स्टॉकिस्ट बालू नहीं बेचेंगे पर आज जो स्थिति है की लोग ऊंचे दाम पर बालू खरीद रहे हैं।

मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष धीरज महतो, बड़का पाहन, अनुज सिंह, महावीर नायक, महावीर नायक, संजय शर्मा, बिरसा कच्छप के अलावे स्थानीय मजदूर उपस्थित थे।

# झारखंड आजसू पार्टी के आन्दोलन कारियों की शहादत की है देन - पारसनाथ उरांव

**अनगड़ा :** रामपुर पंचायत के जारेया में ग्राम प्रभारी गीता देवी एवं निरंजन महतो के अगुवाई में चूल्हा प्रमुखों की एक बैठक हुई मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि आजसू पार्टी माटी की पार्टी है ये राज्य स्वाभाविक या बिरासत में नही मिला है आजसू पार्टी के आन्दोलनकारियों के शहादत और आन्दोलन का देन है। जब तक झारखण्ड राज्य का नव निर्माण या सवार्गीण विकास नहीं हो जाता है तब तक आन्दोलन जारी रहेगा इसके लिए महिलाओं का भूमिका अहम है उन्होंने कहा कि 2024



के विधान सभा चुनाव में चूल्हा प्रमुख का महत्वपूर्ण योगदान होगा । बैठक में आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह महिला मोर्चा राँची जिला अध्यक्ष वीणा कुमारी महिला मोर्चा सचिव वीणा देवी महादेव मुंडा शिवनारायण सिंह बिंझिया चमरा बिंहा बुधराम मुंडा जीत कुमार नाग मोतीलाल सिंह बिंझिया छेदीय मुंडा चमरा मुंडा दुर्गा महतो बुधराम मुण्डा चमरा विन्हा किरण देवी बूधन मुण्डा ममता देवीलखीमणी देवी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### काठीटांड चौक में तैनात कुछ पुलिसकर्मी कर रहे है खुब वसुली

**रातू :** सुरक्षा को लेकर चौक चौराहे में तैनात कुछ पुलिसकर्मी इन दिनो खुब वसुली कर रहे है। इसकी शिकायत कई बाईक चालको ने किया है। बाईक चालको ने नाम नही छापने की शर्त पर बताया कि बिना हेलमेट पकडे जाने पर सब्जी मंडी वाली रोड में जाकर पैसा लेते है।वही कई बाईक चालको ने बताया कि नकद पैसा नही रहने पर एक फल दुकान में ऑनलाईन पेमेंट करवाते है। उन्होने कहा कि इसका स्क्रीनशॉट भी हम लोग रखे है। वसुली को लेकर कई स्थानीय दुकानदारो ने भी इस बात की पुष्टि की है। उन्होने कहा कि पुलिस वाले बाईक चालको से वसुली कर रहे है। जो बाईक चालक हेलमेट नही पहने हुए पकडा जाता है उसे किनारे ले जाकर वसुली हो रही है।पुलिसकर्मियो को चौक चौराहो में सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है।कई बाईक चालक तेज गति से बाईक चलाते पार होते है उन पर कोई कारवाई तक नही हो पाती।जबकि सभी जानते है कि छिनतई करने वाले तेज चलने वाली बाईक में घटना को अंजाम देते है। ऐसे में छिनतई कर भाग रहे अपराधी को ऐसे पुलिसकर्मी कैसे पकडेगे जो स्वयं वसुली में व्यस्त है।

### नशीला पेय पिलाकर महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपी को भेजा गया जेल

**रातू :** थाना क्षेत्र के धनईसोसो में महिला को नशीला पेय पिलाकर दुष्कर्म करने, फोटो वायरल करने की धमकी देकर 82 हजार रुपये लेने के आरोपी रवि रंजन शर्मा को रातू पुलिस ने? गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि कमड़े निवासी महिला अनिता देवी के कोर्ट कंपलेन के बाद रातू थाना में 13 जुलाई को कांड संख्या 238/2024 दर्ज किया गया था।

# आयशर - टीएमटीएल ने फायर फाइटिंग कॉन्ट्रैक्टर्स के बैठक आयोजित की

**रांची :** टैफे मोटर्स एंड ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने आज होटल कैपिटल हिल, रांची में फायर फाइटिंग कॉन्ट्रैक्टर्स सम्मेलन का आयोजन किया। आयशर -टीएमटीएल डीजल इंजन, ट्रैक्टर और जेनसेट के अग्रणी निमार्ताओं में से एक है। टीएमटीएल ने बैठक में भाग लेने वाले फायर फाइटिंग कॉन्ट्रैक्टर्स के समक्ष अपने फायर फाइटिंग एप्लीकेशन इंजिनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। आयशर -टीएमटीएल 12 एचपी से 160 एचपी की रेंज में एयर कूल्ड और वॉटर कूल्ड दोनों संस्करणों में डीजल इंजन बनाती है। टीएमटीएल के पास फायर फाइटिंग पंपों के लिए उपयुक्त उच्च गुणवत्ता और ईंधन



किफायती इंजनों की एक विस्तृत श्रृंखला है। अग्निशमन इंजनों की सभी रेंज आयशर-टीएमटीएल अधिकृत डीलर मेसर्स एली मशीन टूल्स, डॉ. फतेउल्लाह रोड, रांची में उपलब्ध है।

बैठक में रांची, जमशेदपुर और धनबाद के सभी प्रमुख फायर फाइटिंग कॉन्ट्रैक्टर्स ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री आर.के. सिन्हा ने की। आरएम श्री धीरज कुमार ने कंपनी का बिजनेस मॉडल प्रस्तुत किया. धन्यवाद ज्ञापन टीएमटीएल के क्षेत्र प्रभारी श्री सुनील कुमार ने दिया।

# चतरा राइफल शूटिंग क्लब के खिलाड़ियों ने जीते 4गोल्ड और एक सिल्वर मेडल

**रांची :** राँची में गाड़ीखाना चौक के पास चतरा राइफल क्लब के खिलाड़ियों ने डीएवी हेहल में आयोजित डीएवी कलस्टर चैंपियनशिप में राँची बोकारो और खूँटी ज़िला के डीएवी स्कूल से खिलाड़ी ( निशानेबाज) भाग लिये थे।

जिसमें चतरा राइफल क्लब के



खिलाड़ियों ने 10ट एयर राइफल इवेंट में यशिका किंगर टीम में गोल्ड और सिल्वर मेडल, मानाया कुमारी डबल गोल्ड मेडल , अदिति मण्डल गोल्ड और सिल्वर मेडल डीएवी स्कूल के साथ एकेडमी और अपने माता पिता का नाम रौशन की वही कोच नीतीश सर ने खिलाड़ियों को मोटीवेट के साथ जोनल चैंपियनशिप की तैयारी की बारे में जानकारी भी दिये।

जीते खिलाड़ियों को कहना है कि चतरा राइफल क्लब में उनको बेहतरीन तैयारी करवाई जाती है जहां से उम्मीद है कि जल्द नेशनल ओर इंटरनेशनल में भाग ले कर भारत को मेडल दिलायेंगे।

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**SPECIAL WORKS DIVISION**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, RANCHI.**

**VERY SHORT TERM NOTICE INVITATION QUOTATION**

**Quotation Reference No:EE/BCD/Special Work Division BCD, Ranchi/NIQ-07/2024-25**

E- quotations are invited for the work of Proposed Construction of Two Nos New 70 Men's Barrack of New High Court Jharkhand at Dhurwa, Ranchi for supply fitting and fixing for all Materials from Reputed Shop Keepers, Manufacturers, Suppliers, Furniture Suppliers, Tree Plant Supplier, Retailers, Distributors, Timber Merchants, Registered B.C.D. Contractors and other for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items. Then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

Term and Condition
1. The quotationer shall furnish pan, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोटः–
1. वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि 29.07.2024 के अपराह्न 3:00 बजे।
2. वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि 05.08.2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
3. ई–कोटेशन खोलन की तिथि एवं समय 06.08.2024 अपराह्न 3:30 बजे।
4. ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता कार्यपालक अभियंता, विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
5. ई–कोटेशन प्रकोष्ठा का दूरभाष सं0–7903899611

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

**Nodal Officer**
e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer
Special Works Division, BCD, Ranchi

PR 330723 (Building) 24-25 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**उद्यान निदेशालय, झारखण्ड कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा**

**आम सूचना**

झारखण्ड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के राज्यादेश संख्याः– 40 दिनांक 16.07.2024 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि लोहरदगा जिला में निम्नांकित रूप से उद्यान विकास की योजना का कार्यान्वयन किया जाना है, जिस के लिए योजनानुसार अवयवार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समूह/कृषक उत्पादक समूह(FPO)/ सहकारी समिति/सखी मण्डल, जो इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन स्थानीय माननीय जन–प्रतिनिधि से अनुसंशित करा कर दिनांक 12.08.2024 तक कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय,प्रखण्ड उद्यान नर्सरी परिसर, लोहरदगा में जमा कर सकते हैं।

उद्यान विकास की योजना का भौतिक लक्ष्य (सं०/इकाई/हे०/एकड़ में)

| क्र.सं. | कार्य अवयव | भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1 | बागवान/उद्यान मित्रों/कृषकों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण | 400 सं० |
| 2 | युवाओं को 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण | 20 सं० |
| 3 | मिर्चा की खेती | 40 हे० |
| 4 | ओल की खेती | 50 हे० |
| 5 | अदरख की खेती | 25 हे० |
| 6 | कीट रहित सब्जी उत्पादन इकाई | 25 इकाई |
| 7 | खुले वातावरण में फूलों की खेती | 70 हे० |
| 8 | टिशू कल्चर केला की खेती | 35 हे० |
| 9 | गृहवाटिका की स्थापना (प्रति इकाई 25 डिसमिल ) | 50 इकाई |
| 10 | सब्जी खेती का तकनीकी प्रत्यक्षण | 600 हे० |
| 11 | मशरूम कीट वितरण | 4950 इकाई |
| 12 | मशरूम पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण | 165 सं० |
| 13 | संरक्षित फूलों की खेती | 1.5 हे0 |
| 14 | पपीता की खेती | 15000 सं० |
| 15 | टिशू कल्चर स्ट्रॉबेरी की उन्नत खेती | 22 हे० |
| 16 | गुणवत्ता युक्त सब्जी फूल, फल, पौध बिचड़ा उत्पादन इकाई | 60 इकाई |
| 17 | ग्राफ्ट गुटी उत्पादन | 25000 सं0 |
| 18 | पॉली हाउस प्रति इकाई 1000 वर्ग मी0 का निर्माण | 2 इकाई |

नोट :– 1. वित्तीय वर्ष 2024–25 में उद्यान निदेशालय अन्तर्गत सभी योजनाएँ Block Chain Technology के माध्यम से की जायेगी। Block Chain में निबंधित कृषकों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
2. योजना के कार्यान्वयन में लाभुकों को टोकन की उपलब्धता अनिवार्य होगी। बिना टोकन प्राप्त किये किसी प्रकार का लाभ देय नहीं होगा।
3. ST, SC एवं Marginal farmers का नियमानुसार चयन किया जायेगा। साथ ही महिला कृषकों को कम से कम 30 प्रतिशत चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
4. पिछले तीन वर्षों में जिन लाभुक या उनके परिवार का चयन नहीं किया गया है, केवल उन्हीं का चयन किया जायेगा।
5. पिछले तीन वर्षों में जिन ग्रामों का चयन नहीं किया गया है, उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जायेगी। माली प्रशिक्षण हेतु ऐसे लाभुकों का चयन किया जायेगा जिनकी उम्र न्यूनतम 20 से 45 वर्ष के बीच हो, मैट्रिक उत्तीर्ण अथवा समकक्ष (प्रमाण पत्र), कृषि उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र में अनुभव हो।
6. आवेदन कार्यालय में पूर्ण रूपेण भरा हुआ दिनांक 12.08.2024 तक जमा किया जाना है, उसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
7. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
8. कार्यालय अवधि में ही आवेदन पत्र निःशुल्क उपलब्ध है।
9. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
10. उपरोक्त योजना उद्यान निदेशालय, झारखण्ड से प्राप्त लक्ष्य के आलोक में है।
11. योजना के संदर्भ में विशेश जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/VLW/उद्यान मित्र/कृषक मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR.NO.330673 Lohardaga(24-25):D

# बजट में रक्षा क्षेत्र के साथ हुआ न्याय



आर.के. सिन्हा

पहले भारत को हथियार आयातक राष्ट्र के रूप में जाना जाता था। लेकिन, आज भारत अपने कम्फर्ट जोन से बाहर आ गया हैं और हमने हथियार निर्यातक शीर्ष-25 देशों की सूची में जगह बना ली है। कुछ साल पहले तक भारत के रक्षा क्षेत्र का निर्यात 1, 000 करोड़ रुपये तक भी नहीं पहुंच पाता था, जबकि आज यह 16, 000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। सरकार को 2028-29 तक वार्षिक रक्षा उत्पादन तीन लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात 50, 000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की आशा है।

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का साल 2024-25 का बजट पेश करते हुए रक्षा क्षेत्र के लिए 4.54 लाख करोड़ का प्रस्ताव किया। यह संयोग ही है कि कारगिल विजय दिवस (26 जुलाई) से चंदेक दिन पहले ही संसद में पेश....

आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए ठीक-ठाक राशि का ही प्रस्ताव किया गया। भारत अपने रक्षा बजट की किसी भी सूरत में अनदेखी नहीं कर सकता। कारण हम सबको पता है। हमारे दो गैर-जिम्मेदाराना हरकतों के लिये कुख्यात पड़ोसी-चीन और पाकिस्तान भारत के कट्टर शत्रु देश हैं। इनसे भारत के कई युद्ध भी हो चुके हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान तो भारत में आतंकवाद को लगातार हवा-पानी देता रहता है। यह हमने हाल ही में जम्मू में भी देखा। जम्मू क्षेत्र में आतंकी हमलों में वृद्धि के मद्देनजर, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने विगत 20 जुलाई को जम्मू का दौरा भी किया था। वह वहां सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए गए थे। इस दौरान उन्होंने आला सैनिक अफसरों के साथ आतंकवाद को कुचलने की रणनीति पर भी बातचीत की थी। जम्मू में इस साल छह अलग-अलग आतंकी हमलों में 11 सशस्त्र बल कर्मियों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा, पिछले महीने आतंकियों ने रियासी में एक बस पर फायरिंग की थी। इसके बाद बस के खाई में गिरने से 9 यात्रियों की मौत हो गई थी। इसके अलावा अक्टूबर 2021 से आतंकवादी डोडा, कठुआ और रियासी जैसे क्षेत्रों में और भी अंदर तक पहुंच गए हैं। पिछले महीने जनरल मनोज पांडे से सेना प्रमुख के रूप में पदभार संभालने के बाद से जनरल द्विवेदी का जम्मू क्षेत्र का यह दूसरा दौरा था। तो बहुत साफ है कि भारत के रक्षा क्षेत्र के सामने बहुत चुनौतियां है। उसे पाकिस्तान और चीन की करतूतों से लगातार लड़ना पड़ता है। भारत की पाकिस्तान से 1947, 1965, 1971 और फिर करगिल में जंग हुई। चीन से भी हमारी भीषण जंग 1962 में हुई। कुछ साल पहले चीन से दोकलम में भी लड़ाई की ही नौबत आ चुकी थी। लेकिन, भारत की कुशल कूटनीति से युद्ध टल गया था। भारत के चीन और पाकिस्तान से कई विषयों पर विवाद हैं। इसीलिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने समझदारी पूर्वक रक्षा बजट के लिए एक बड़ी राशि देने का प्रस्ताव रखा।




चीन ने 1962 की जंग के बाद हमारे अक्साईचिन पर अपना जबरदस्ती कब्जा जमा लिया था। यह क्षेत्र 37, 244 वर्ग किलोमीटर है जिसमें अनेक गलैशियर भरे पड़े हैं। यह पूरे कश्मीर घाटी जितना बड़ा इलाका है। भारत को उस चीन द्वारा जबरदस्ती ढंग से कब्जाए क्षेत्र को वापस तो लेना ही है। चीन हमारे अरुणाचल प्रदेश पर भी गिद्ध दृष्टि रखता है। तो भारत को अपने रक्षा बजट को निरंतर बढ़ाने के साथ सेना के सभी अंगों को और मजबूत तो करना ही होगा। इस बारे में कोई बहस संभव नहीं है।

भारत लगातार अपने रक्षा क्षेत्र को बदलते वक्त के साथ तैयार भी कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीए) पद सर्जित करने की घोषणा की थी। यह कदम भारतीय सशस्त्र बलों में आपसी तालमेल को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। हालांकि यह पहल कारगिल युद्ध के 18 साल बाद हुई। आप जानते हैं कि कारगिल युद्ध में भारत ने पाकिस्तान के गले में अंगूठा डाल दिया था। कारगिल युद्ध भारतीय सेना और राष्ट्रीय खुफिया एजेंसियों के लिए एक बड़ा झटका था। 84 दिनों तक चला यह युद्ध 15, 000 फीट की ऊँचाई पर 200 किलोमीटर लम्बी सीमा पर लड़ा गया। यह युद्ध भारतीय सेना के लिए प्रमुख सुधारों और नवीनीकरण का उत्प्रेरक बना। देश की सरहदों की निगाहबानी करने वालों के लिए कारगिल का सबसे बड़ा सबक था -अप्रत्याशित की उम्मीद करना। भारतीय सेना ने कभी नहीं सोचा था कि जनरल परवेज मुशर्राफ के नेतृत्व में पाकिस्तानी सेना कारगिल सेक्टर में घुसपैठ करेगी। कारगिल युद्ध का एक महत्वपूर्ण सबक यह भी था कि भारत को आधुनिक हथियारों और गोला-बारूद में आत्मनिर्भर होना होगा।

यह तो जाहिर है कि भारत सरकार ?क्षा क्षेत्र के सामने कभी धन की कमी महसूस नहीं होने देती। जब देश के इर्द-गिर्द दो बड़े शत्रु राष्ट्रों की सरहदें मिलती हो तब भारत से यह अपेक्षा करना उचित ही नहीं होगा कि वह अपने रक्षा बजट में कटौती करने की सोचे भी। अगर बात आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए धन की आवंटन से हटकर करें, तो भारत को अपने रक्षा क्षेत्र में लगातार सुधार करते ही रहना होगा। यह अच्छी बात है कि सरकार सेना, नौसेना और वायु सेना के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो संकट के समय में उनके बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेगा। पहले तीनों सेनाएं अपने-अपने स्तर पर काम करती थीं। मौजूदा सरकार ने उनके एकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया, जो लीक से हटकर कर एक अलग कदम था और यह समय की मांग भी थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा भी था सेना के तीनों अंगों में समन्वय का काम थोड़ा कठिन था; लेकिन, अब हमारी सेना बेहतर समन्वय के साथ हर चुनौती से निपटने के लिए मिलकर काम करने को तैयार रहती है।

कुछ लोगों का विचार था, स्वदेशी हथियार विश्व स्तरीय नहीं होंगे; लेकिन, वर्तमान सरकार घरेलू उद्योग की क्षमताओं में विश्वास करती है। यह जान लीजिए कि कोई भी सेना बाहर से आयातित उपकरणों से अपने देश की रक्षा नहीं कर सकती है और आज के समय में भारत के लिए रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता आवश्यक है। आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत सरकार के लगातार प्रयास अब लाभ देने लगे हैं, क्योंकि; भारत का रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है।

उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा औद्योगिक गलियारे स्थापित करने जैसी पहल के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि आधुनिक सैन्य साजो-सामान न केवल भारत में निर्मित हो, बल्कि उन्हें मित्र देशों को भी निर्यात किया जाए। पहले भारत को हथियार आयातक राष्ट्र के रूप में जाना जाता था। लेकिन, आज भारत अपने कम्फर्ट जोन से बाहर आ गया हैं और हमने हथियार निर्यातक शीर्ष-25 देशों की सूची में जगह बना ली है। कुछ साल पहले तक भारत के रक्षा क्षेत्र का निर्यात 1, 000 करोड़ रुपये तक भी नहीं पहुंच पाता था, जबकि आज यह 16, 000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। सरकार को 2028-29 तक वार्षिक रक्षा उत्पादन तीन लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात 50, 000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की आशा है।

संक्षेप में इतना ही कहना काफी होगा कि भारत सरकार को अपने रक्षा क्षेत्र पर लगातार फोकस देते रहना ही उचित होगा।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### नीट-यूजी: दोबारा परीक्षा नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने विवादों से घिरी नीट-यूजी 2024 परीक्षा को रद्द करने और दोबारा परीक्षा कराने की मांग संबंधी याचिकाओं को मंगलवार को खारिज करते हुए कहा कि प्रश्नपत्र के व्यवस्थित रूप से लीक होने और अन्य गड़ब्रड़ियों को दशार्ने वाली कोई सामग्री रिकॉर्ड. में नहीं है। प्रधान न्यायाधीश ड़ीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और वरिष्ठ अधिवक्ताओं नरेंद्र हुड्ड़ा, संजय हेगड़े. और मैथ्यूज नेदुमपरा सहित विभिन्न वकीलों की दलीलें करीब चार घंटे सुनीं। दरअसल, इस मामले में पहले की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कर दिया था कि यदि व्यवस्थित रूप से पेपरलीक होने और प्रणालीगत उल्लंघना का पता चलता है, तो यकीनन सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन व्यापक स्तर पर गड़ब्रड़ियां रिकॉर्ड.में न मिलने और प्रणालीगत उल्लंघना न पाने पर संतुष्ट अदालत को नीट-यूजी की परीक्षा दोबारा कराने में कोईठोस आधार नहीं दिखा। बहरहाल, शीर्ष अदालत ने बीस लाख से ज्यादा छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए फैसले का प्रभावी हिस्से को लिखा और विस्तृत फैसला बाद में सुनाया जाएगा। एनटीए और शिक्षा मंत्रालय पांच मई को आयोजित नीटू-यूजी परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक समेत बड़े.पैमाने पर कथित गड़ब्रड़ी को लेकर निशाने पर हैं। एनटीए देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में मेड़िकल संबंधी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) आयोजित करती है। संतोष की बात है कि काफी दिनों से चले आ रहे इस विवाद का समाधानपरक पटाक्षेप हो गया है, और छात्रों तथा उनके अभिभावकों को राहत मिली है कि मामले में निर्णायक फैसला हो सका है। लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस सारे विवाद से एनटीए की छवि दागदार हो गई है। वैसे भी एनटीए द्वारा संचालित और आयोजित कई अन्य परीक्षाओं पर जब-तब कदाचार और धांधलियों के आरोप लगे हैं, परीक्षा परिणाम मिलने में विलंब भी हुए हैं। इससे कई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक छात्रों को बेवजह तनाव का सामना करना पड़ता रहा है। जरूरी है कि सरकार एनटीए की समूची मशीनरी को ज्यादा कारगर और परिणामोन्मुख बनाने पर ध्यान दे। किसी भी सूरत में न्यायसंगत नहीं है कि परीक्षार्थियों को बेवजह के तनाव से दो-चार होना पड़े.।




## चिंतन-मनन

### व्यक्तिगत चेतना का विस्तार

दूसरों के सुख-दुख का भागी बनने से हमारी व्यक्तिगत चेतना विकसित होकर विश्व चेतना बन जाती है। समय के साथ जब ज्ञान की वृद्धि होती है, तब उदासीनता संभव नहीं। तुम्हारा आंतरिक स्रोत ही आनन्द है।अपने दुःख को दूर करने का उपाय है विश्व के दुख में भागीदार होना और अपनी खुशी को बढ़ाने का उपाय है विश्व के आनन्द में सहभागी होना। जब सभी लोग इस विचार से आएंगे कि वे समाज को अपना क्या योगदान दें, तो वह दैवी समाज होगा।हम सबको अपनी व्यक्तिगत चेतना को शिक्षित और शिष्ट करना है ताकि समय के साथ ज्ञान की वृद्धि हो, परिवर्तन आए। यदि ध्यान में तुम्हें गहन अनुभव न हो रहे हों तो और सेवा करो- ध्यान में अधिक गहराई आएगी।ध्यान तुम्हारी मुस्कान वापस लाता है। कई व्यक्ति सेवा करना छोड़ देते हैं जब वे अपनी छवि, प्रतिष्ठा, सम्मान, सुविधा और आराम को लक्ष्य की प्राप्ति से अधिक महत्व देने लगते हैं। कई बार लोग सेवा से कतराने लगते हैं, जब उन्हें कोई पद नहीं मिलता या जब वे अपमानित महसूस करते हैं। जब उन्हें अपेक्षानुसार कम मिलता है या जब वे लक्ष्य की प्राप्ति को चुनौती न समझकर संघर्ष समझते हैं। इसीलिए, संसार में कुछ ही लोग लक्ष्य तक पहुंचने में कामयाब होते हैं।

जब ऐसा कुछ करना है जो तुम नहीं कर सकते, तब विश्राम नहीं कर सकते और तब भी विश्राम नहीं कर सकते जब लगता है कि तुम्हें वह बनना है जो तुम नहीं हो। ऐसा कुछ नहीं करना जो तुम नहीं कर सकते। तुमसे वह देने के लिए नहीं कहा जाएगा जो तुम नहीं दे सकते। जितना तुम कर सकते हो, केवल वही तुम्हारे हिस्से की सेवा है।यह समझ गहरा विश्राम देती है। यदि तुममें आकांक्षा या आलस्य है, तुम विश्राम नहीं कर सकते।दोनों ही गहरे विश्राम के विरुद्ध हैं। एक आलसी व्यक्ति रात भर करवटें बदलेगा, बेचैन रहेगा और एक आकांक्षी व्यक्ति अंदर ही अंदर जलेगा।गहन विश्राम तुम्हारी कलाओं और योग्यताओं को उभारता है और तुम्हें अपने स्वरूप के समीप लाता है।थोड़ा सा भी यह आभास कि ईश्वर तुम्हारे साथै है, गहरा विश्राम लाता है।प्रार्थना, प्रेम तथा ध्यान गहन विश्राम के विशिष्ट रस हैं।

# आखिर संसद का मौसम गड़बड़ क्यों ?




राकेश अचल

संसद के बजट सत्र का मौसम खराब हो रहा है। खासतौर पर लोकसभा का मौसम ठीक नहीं दिखाई दे रहा। तृण मूल कांग्रेस ने तो खराब मौसम की चेतावनी देते हुए सत्ता पक्ष से अपनी-अपनी कुर्सियों की पेटी बाँधने के लिए कहा है। हिचकोले खाती संसद में लोकसभा अध्यक्ष सत्ता पक्ष के सर पर छाता ताने खड़े रहना चाहते हैं ,ताकि सरकार विपक्ष के बादलों के बरसने पर ज्यादा भींगे नहीं।

लोकसभा में अध्यक्ष पद पर श्री ओम बिरला का ये दूसरा कार्यकाल है। वे संसद को कैसे चला रहे हैं , इसके बारे में किसी टिप्पणी की जरूरत नहीं है। ये जानने के लिए सदन की कार्रवाई का सीधा प्रसारण देखकर ही अनुमान लगाया जा सकता है । सदन प्रमुख होने के नाते बिरला जी न तो विपक्ष को संरक्षण दे पा रहे हैं और न सत्ता पक्ष की ही ढंग से चाकरी कर पा रहे हैं। लोकसभा के इतिहास में ओम जी किस रूप में दर्ज किये जायेंगे ,ये कहना कठिन है।

लोकसभा में बुधवार को केंद्रीय बजट 2024 पर चर्चा के दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला में तीखी नोकझोंक से इस बात के संकेत एक बार फिर मिले की ओम बिरला जी सदन चलने में असुविधा का अनुभव कर रहे है। विपक्षी सांसदों के बोलते ही लोकसभा अध्यक्ष को लगता है कि वे सरकार के दुश्मन हैं। तृण मूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी ने चर्चा के दौरान दावा किया कि सदन में तीन कृषि कानूनों पर चर्चा नहीं की जिन्हें बाद में वापस ले लिया गया था । अभिषेक बनर्जी के दावे पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने आपत्ति जताई और कहा कि इस सदन में तीन कृषि कानूनों पर करीब साढ़े पांच घंटे तक चर्चा हुई। बिरला की दावे पर अभिषेक ने जोर देकर कहा कि चर्चा नहीं हुई तो स्पीकर बोले कि जब अध्यक्ष बोलते हैं तो सही ही बोलते हैं और आपको रिकॉर्ड देखना चाहिए।





लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका राष्ट्रपति के अभिभाषण पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी के प्रति जैसी थी ठीक वैसा ही वे तृण मूल कांग्रेस के अभिषेक के साथ कर रहे हैं। सत्ता के खिलाफ बोलते ही सत्ता पक्ष की और से लोकसभा अध्यक्ष खुद बचाव की मुद्रा में बोलना शुरू कर देते हैं। वे अक्सर भूल जाते हैं कि लोकसभा अध्यक्ष किसी दी का नहीं बल्कि सभी सांसदों के हितों का संरक्षक होता है। मेरे दिमाग में लोकसभा अध्यक्ष की जो छवि है उसमें पता नहीं क्यों बिरला जी समा नहीं रहे हैं। वे अक्सर संघ की शाखा प्रमुख के हिसाब से बर्ताव करने दिखाई देते हैं। कभी-कभी ऐसा लगता है की उन्होंने संघ की शाखाओं में केंद्रीय कर्मचारियों पर लगे प्रतिबंध की समाप्ति को अपने ऊपर भी लागू कर लिया है।

चर्चा के दौरान अभिषेक बनर्जी ने 2016 में की गई नोटबंदी का जिक्र किया जिस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि माननीय सदस्य आप वर्तमान बजट पर बात करें क्योंकि 2016 के बाद तो काफी समय निकल गया, इसके बाद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि कोई पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू की बात बोलेगा तो आप कुछ नहीं कहेंगे और मैं 2016 की नोटबंदी की बात कर रहा हूं तो आप कह रहे हैं कि वर्तमान बजट पर बोलिए। अभिषेक बनर्जी बोले कि ये पक्षपात नहीं चलेगा क्योंकि जब कोई इमरजेंसी के मुद्दे को उठाता है तो आप चुप रहते है। किसी भी लोकसभा अध्यक्ष के लिए ये लज्जा की बात है की सदन का कोई भी सदस्य उनके ऊपर पक्षपात का आरोप लगाए। दुर्भाग्य से ओम जी के साथ ऐसा हर दिन हो रहा है।

मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में सदन की नेता सुमित्रा महाजन रहीं। उनसे पहले सुश्री मीरा कुमार ने भी सदन को सुचारु रूप से चलाया । यहां तक की वामपंथी सोमनाथ चटर्जी के कार्यकाल में भी लोकसभा अध्यक्ष की मयार्दा पर ज्यादा सवाल नहीं उठाये गए ,क्योंकि किसी ने भी खुद को सत्तापक्ष का स्पीकर बनाने की गलती नहीं की।भाजपा के मनोहर जोशी भी लोकसभा के सम्मानित अध्यक्ष रहे । कांग्रेस के पीए संगमा तो सबसे जायदा विनोदी लोकसभा अध्यक्ष थे, उनके कार्यकाल में कभी भी सदन में तनाव देखा ही नहीं गया । यहां तक कीटीडीपी के जीएमसी बालकृष्ण योगी ने लोकसभा अध्यक्ष के रूप में एक यादगार भूमिका अदा की। मौजूदा लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी इस परम्परा को आगे बढ़ाने में हिचकोले खा रहे हैं।

अभिषेक बनर्जी ने संबोधन के दौरान बीजेपी पर निशाना साधते हुए सिर्फ इतना कहा कि गठबंधन का मतलब समन्वय होता है और कोई भी उसे मोदी 3.0 नहीं कह रहा। इस सरकार को खुद बीजेपी के मंत्री भी मोदी 3.0 नहीं कर रहे है। ये सरकार काफी अनिश्चित और नाजुक है और कभी भी गिर सकती है । उन्होंने कहा कि सब्र रखिए और कुर्सी की पेटी भी बांध लीजिए क्योंकि मौसम बिगड़ने वाला है। बनर्जी ने ये बात भी विनोद में कही है और इसे विनोद की तरह ही लेना चाहिए था। लेकिन ऐसा हुआ नहीं।


आपको याद होगा कि माननीय ओम बिरला जी के खाते में सदन के सर्वाधिक सदस्यों को निलंबित करने का आधिकारिक रिकार्ड है । सदस्यों का निलंबन सबसे आखरी विकल्प होता है । सवाल ये है कि जिस भूमिका में ओम जी पिछली लोकसभा में थे वैसे ही क्या वे इस लोकसभा में रह सकते हैं ? मौजूदा लोकसभा में न सत्ता पक्ष प्रचंड बहुमत वाला है और न ही विपक्ष पहले कि तरह कमजोर और बिखरा हुआ है। इस बार विपक्ष को पहले कि तरह सामूहिक निलंबन की सजा नहीं सुनाई जा सकती। बेहतर तो यही है कि ओम जी हिकमत अमली से काम लें । सरकार के साथ विपक्ष को भी दुलारें ,पुचकारें ,हिकमत अमली से काम लें ताकि सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटने पाए।

दुर्भाग्य से देश की राजनीति में सौहार्द के स्थान पर अदावत मजबूत होती जा रही है । इसे समाप्त करने या कम करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में पुल का काम कर सकते हैं। लोकतंत्र में अदावत और पक्षपात के लिए सीमित जगह होती है ,इसे प्रोत्साहित करना लोकतंत्र को कमजोर करने जैसा है।

# मुद्दा: कई राज्य वायरस की गिरफ्त में

भारत में हीटवेव और प्रचंड गर्मी से थोड़ी राहत मिली नहीं कि वायरसों ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। कई राज्य वायरस की गिरफ्त में हैं। महाराष्ट्र में जीका वायरस, केरल में दिमाग को खाने वाले अमीबा बुखार, कर्नाटक में डेंगू आफत बन चुका है। बढ़ते जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से दुनिया में समय-समय पर विभिन्न प्रकार के वायरस पनप रहे हैं, जो मनुष्यों के जीवन के लिए घातक सिद्ध हुए हैं। ये वायरस इतने खतरनाक होते हैं कि पल भर में मनुष्यों के जीवन को लील देते हैं।

जीका वायरस का सबसे ज्यादा खतरा गर्भवती महिलाओं को है, क्योंकि इससे नवजात शिशुओं में माइक्रोसेफैली होने का खतरा होता है, जिससे शिशुओं के मस्तिष्क का विकास नहीं हो पाता। जीका वायरस का वाहक एडिज मच्छर है। यह वायरस इंसानों से पहले रीसस बंदरों में देखा गया था जो अफ्रीकी देश युगांडा के जीका जगलों में पाया गया था। इसका प्रकोप इंसानों पर 2007 से तेज हुआ है। जीका वायरस ने 2015 में पूरे विश्व में तबाही मचाई जिसमें लाखों लोगों की जान चली गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे 2016 में वैश्विक आपदा घोषित किया। भारत में पहली बार जीका वायरस का मामला 2016-17 में गुजरात में प्रकाश में आया था। मानव के मस्तिष्क के तंतुओं को नष्ट कर देने वाला अमीबा बुखार मानव जीवन के लिए बड़ी चुनौती है। इस बुखार का पहला मामला 2016 में केरल में सामने आया था। तब से अब तक यहां आठ मरीज मिले हैं, और सभी की मौत हुई। केंद्र सरकार के एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम की रिपोर्ट के अनुसार अब तक केरल से हरियाणा और चंडीगढ़ तक 22 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से छह मौत 2021 के बाद दर्ज की गई। नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान के अनुसार, 2019 तक देश में इस बीमारी के 17 मामले सामने आए लेकिन कोविड-19 महामारी के बाद तमाम तरह के नये संक्रमणों में उछाल देखने को मिला है। पिछले कुछ वर्षो में मंकीपॉक्स, इबोला, निपाह वायरस, कोविड-19, जीका वायरस लगातार पैर पसार रहे हैं। ये संक्रमण इतनी तेजी से फैलते हैं कि देखते ही देखते पूरे शहर को संक्रमित कर देते हैं। जीका वायरस एडीज मच्छर से फैलने वाला घातक वायरस है। एडिज एजिप्टी डेंगू और चिकनगुनिया का वाहक भी है। जीका वायरस यौन संबंध से भी फैलता है, मां से भ्रूण में प्रवेश कर जाता है जो पेट में पल रहे बच्चे के तंत्रिका तंत्र को प्रभावित कर देता है। जीका वायरस भविष्य में कोविड-19 से भी भयानक रूप ले सकता है। यह मनुष्यों के लिए ही घातक नहीं है, बल्कि भावी नस्ल को भी मानसिक रूप से कमजोर करेगा। विभिन्न प्रकार के संक्रमण इंसानों को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर बनाते हैं।



देश में तेजी से फैलता संक्रमण न केवल स्वास्थ्य चिंता का विषय है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी पटरी से उतार देता है। पर्यटन एवं उद्योग के साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को काफी हद तक प्रभावित करता है, आयात-निर्यात पर भी गहरा प्रभाव डालता है। संक्रमण के चलते लंबे समय तक स्वास्थ्य समस्याएं बनी रहने से कार्यबल में गिरावट आती है जिसका प्रभाव उत्पादन क्षमता पर पड़ता है, काम का दबाव बढ़ता है। सामाजिक दूरियां बढ़ती हैं, जिसका असर कोविड-19 के समय भी देखने को मिला था। संक्रमण समय से नहीं रोका नहीं गया तो मानव सभ्यता को नष्ट कर डालेगा। जलवायु परिवर्तन और प्रकृति में मानवीय हस्तक्षेप से संक्रमण का प्रभाव पशु-पक्षियों में भी देखने को मिल रहा है। भारत में इस वक्त में बारिश का मौसम है। इसलिए सबसे ज्यादा खतरे की बात है। जगह-जगह जल-भराव की समस्या से एडिज मच्छर पनपते हैं। गांवों के तालाबों, नालियों और गड्ढों में तब्दील जमीनों में साफ पानी का भराव होता है जिससे एडिज मच्छर पनपने की गुंजाइश बनती है, इससे गांवों में जीका वायरस फैलने का खतरा है। भारत में जीका वायरस या नये वायरसों के निदान की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है, यदि है भी तो बहुत सीमित। बढ़ता संक्रमण रोकने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोग और प्रभावी नीति-निर्माण आवश्यक है। जीका वायरस के निदान हेतु बाहर से आने वाले यात्रियों की गहन जांच की जाए और उनका डाटा तैयार किया जाना चाहिए ताकि शहर या गांव में किसी भी प्रकार के वायरस का पता लगने पर उन व्यक्तियों पर ध्यान केंद्रित किया जा सके जो बाहर से आए हैं। राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर संक्रमण निवारण केंद्र बनाने की जरूरत है। त्वरित जांच टीम बनाना जरूरी है। जागरूकता अभियान और शिक्षा के माध्यम से शहरों और गांवों में लोगों को इसके बारे में जानकारी देनी चाहिए। गांव, कस्बों में स्वास्थ्य मित्र नियुक्त कर-के महीने में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करते रहना चाहिए, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मच्छरदानी वितरण और दवा का छिड़काव समय-समय पर किया जाना चाहिए ताकि मच्छरों का प्रकोप बढ़ न पाए। मच्छरों का प्रकोप कम करने के लिए जीएम मच्छरों को तैयार करना चाहिए। इंसानों के साथ ही पशु-पक्षियों में पनप रहे संक्रमण को रोकने का भी उपाय करना चाहिए।

-अजय प्रताप तिवारी

## देवघर में सीसीएल द्वारा नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

*अब तक लगभग 8000 लोगो ने लिया नि :शुल्क चिकित्सा का लाभ

देवघर । सीसीएल द्वारा बिहार एवं झारखंड के सीमा के पास अवस्थित दुम्मा में श्रावणी मेला के अवसर पर नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है ।इस शिविर में ग्रामीणों, हितधारकों एवं कामगारों के लिए सीसीएल के चिकित्सकों की टीम के द्वारा नि :शुल्क चिकित्सीय परामर्श, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर आदि की जांच के साथ फिजियोथेरेपी और नि :शुल्क दवाओं की सुविधा दी जा रही है । सीसीएल के दो वरिष्ठ चिकित्सकों और 7 अन्य चिकित्सा कर्मियों की एक समर्पित टीम शिविर में सेवाएं प्रदान कर रही है, जो विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का निदान और उपचार कर रही है। यह शिविर 22.07.2024 से आरंभ हुआ था एवं 20.08.2024 तक चलेगा। इस एक मासीय शिविर में अब तक 8000 से अधिक लोग स्वास्थ्य लाभ उठा चुके है ।सीसीएल सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह के मार्गदर्शन में एवं उनके समाज कल्याण के पहल को आगे बढ़ाते हुए, कंपनी द्वारा नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है ।सीसीएल देश की ऊर्जा सुरक्षा के साथ–साथ अपने हितधारकों के समावेशी विकास हेतु कृत–संकल्पित है। सीसीएल ने विगत कई वर्षों से श्रावणी मेला के दौरान स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करके स्थानीय समुदाय की स्वास्थ्य से संबन्धित समस्याओं के निदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस वर्ष भी, कंपनी अपने सामाजिक दायित्व के प्रति समर्पित होकर, इस नि :शुल्क मेडिकल कैंप के माध्यम से क्षेत्र के लोगों एवं हितधारकों की सेवा कर रही है ।कंपनी के इस प्रयास को लोगों द्वारा खूब सराहा जा रहा है ।



## कारगिल विजय दिवस पर भजयुमो ने निकला मसाल जुलूस




बालूमाथ ।कारगिल विजय दिवस पर गुरुवार की संध्या लगभग 7ः00 बजे भाजयुमो ने मशाल जुलूस निकाल कर विजय दिवस मनाया। मसाल जुलूस मुरपा मोड़ से आरंभ होकर ,ब्लॉक होते हुए कई टोलो मोहल्ला का भ्रमण करते बालूमाथ थाना चौक पहुंचा। मसाल जुलूस में शामिल लोगों ने अपने–अपने हाथों में टायर जलाकर भारत माता की जय, वीर सहीद अमर रहे, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद समेत कई नारा लगा रहे थे। मसाल जुलूस समाप्त के बाद लातेहार भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि आज ही के दिन कारगिल युद्ध में भारत ने विजय हासिल किया गया था इस कारगिल युद्ध में देश के कई जवान शहीद हुए थे उनके याद में एवं इस युद्ध को जितने के अवसर पर आज यह मसाल जुलूस निकाला गया ।उन्होंने कहा कि हमें अपने सैनिकों पर गर्व है कि उन्होंने देश की रक्षा के लिए कई जवान शाहिद तक हो गए लेकिन देश को झुकना नहीं दिया। इस मौके पर भाजयुमो के प्रखंड अध्यक्ष गंगेश्वर यादव ,प्रदेश कार्य समिति सदस्य रवि सिंह , जयंत ठाकुर, पंकज केसरी ,विजय यादव ,राजेंद्र साब, राजू कुमारसाहू, अर्जुन साहू, अखिलेश भोगता, लाल देव गंझु, प्रवेश सोनी, आशीष ओझा ,गजेंद्र हिमांशु, गोलू कुमार ,विजय कुमार साहू, समेत कई लोग मौजूद थे।

## मेदनीनगर नगर निगम क्षेत्र में पानी आपूर्ति की व्यवस्था पुरी तरह ध्वस्त : सतीश कुमार

मेदनीनगर पलामू। मेदनीनगर नगर निगम क्षेत्र में सरकारी जल आपूर्ति पुरी तरह ध्वस्त हो गई है। सप्ताह में अधिक से अधिक तीन–चार दिन पानी सप्लाई होता है वो भी गंदा ।बहाने तरह तरह के हैं कभी टंकी मे पानी नही चढ पाया, कभी नदी में ज्यादा पानी आ गया, कभी मोटर जल जाता है वो भी महिना मे पाच छ बार, ये भ्रष्टाचार का चरम प्रकाष्ठा है। न फिल्टर न ब्लीचिंग पावडर न फिटकरी और ठिकेदार सब कुछ ठिक ठाक दिखाकर पी एच डी और निगम के पदाधिकारियों को चांदी का जुताई दिखाकर बिल पर हस्ताक्षर करा कर बिल निकाल ले रहा है। जिला प्रशासन पुरी तरह मुकदर्शक बनी हुई है। नगर निगम क्षेत्र की जनता को जहर पिलाया जा रहा है। कई गंभीर बीमारियों का शिकार गंदा पेय जल से हो रहे है। राज्य के पेयजल व स्वाक्षता मंत्री मिथिलेश ठाकुर इसी प्रमंडल से प्रतिनिधित्व करते हैं। जिला उपायुक्त को भी पेयजलापूर्ति की व्यवस्था संज्ञान में है। मगर कोई सुधार नहीं बल्कि दिन प्रति दिन और बद से बतरस होते जा रहा है। उपायुक्त पलामू अबिलंम्ब पेयजलापूर्ति मे सुधार व सुनिश्चित कराये। जनता के अन्दर इस व्यवस्था के खिलाफ गुस्सा बढ रही है कभी भी बिस्फोटक स्थिति बन सकती है।इसकी पुरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।



## डेढ़ सौ परिवारों का आशियाना उजाड़े जाने का होगा विरोध – उमेश बड़ाईक



अनगड़ा ।गेतलसूद डैम से विस्थापित सहितअन्य करीब डेढ़ सौ परिवारों ने सिचाई विभाग की जमीन पर अपना आसियाना बना कर रह रहे हैं।उक्त जमीन को जल संसाधन विभाग ने गेतलसूद बांध परियोजना के लिए स्थानीय रैयतों से विभागीय कार्य के लिए अर्जित किया था उक्त जमीन पर गेतलसूद बांध निर्माण कार्य में लगे अधिकारियों एवं मजदूरों के लिए अस्थायी क्वाटर बनाया गया था जिसे वर्ष 1973 में बांध का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के बाद छोड़ दिया गया था। उसी जमीन पर विस्थापित एवं कुछ अन्य परिवारों के द्वार कशमीर कॉलनी के नाम से कॉलनी बसा कर पिछले चालीस पैंतालिस वर्षों से शांतिपूर्ण तरीके से रह रहे हैं।जिसे अचानक से उजाड़ा जा रहा है।बताया गया कि जल संसाधन विभाग ने उक्त जमीन को रियाडा को हस्तांतरित कर दिया है।और रियाडा ने किसी उधमी को बन्दोवस्त कर दिया है।जो इस कॉलनी को उजाड़ने का प्रयास कर रहा है। डेढ़ सौ परिवार अपना असियाना उजड़ने के नाम से काफी भयभीत हैं।और विधायक नेता और थाना का चक्कर लगाते फिर रहे हैं।बुधवार को इन परिवारों ने ग्राम सभा के जिला अध्यक्ष और भाजपा नेता उमेश बड़ाईक से मिलकर अपना दुखड़ा सुनाए श्री बड़ाईक ने इसका विरोध करते हुए कहा कि जलसंसाधन विभाग उक्त जमीन को गेतलसूद बांध परियोजना के नाम पर किसानो से अर्जित किया था और जिस काम के लिए भूमि अर्जित किया गया था उस भूमि को उसी काम के लिए उपयोग में लाना चाहिए नहीं तो भूमि को रैयतों को वापस कर देना चाहिए जमीन को रियाडा को दे देना गलत है। उन्होंने कहा कि आशियाना उजाड़े जाने का जमकर विरोध किया जाएगा ।उन्होंने सरकार से मांग की है इस मामले को संज्ञान मे लेकर गरीब गुरबों के आसियाने को उजड़ने से बचाया जाए ।

# बैज-अलंकरण के साथ डीपीएस बोकारो में नए छात्र-परिषद ने संभाली जिम्मेदारी

***नैतिक मूल्यों के साथ स्वयं को संयमित रखने वाला ही सच्चा नेतृत्वकर्ता : एसडीओ गुप्ता**

*** कन्हैया ने हेड बॉय, तो ऋद्धिमा व अनन्या ने ली हेड गर्ल की शपथ**




**बोकारो।** 'बदलते तकनीकी दौर में कई तरह की नई चुनौतियां हैं, लेकिन इन चुनौतियों के साथ-साथ आने वाले समय में नए अवसर भी मिलेंगे। चुनौतियों पर विजय और उन अवसरों का लाभ लेने के लिए विद्यार्थियों में नेतृत्व कौशल का विकास एवं इसमें निरंतरता बनाए रखना आवश्यक है। आपका नेतृत्व समाज व राष्ट्र के हित में हो, इसके लिए यह बेहद जरूरी है कि नैतिक मूल्यों के साथ आप अपना संयम व भावनात्मक नियंत्रण बनाए रखें। एक सच्चे नेतृत्वकर्ता की यही सबसे बड़ी निशानी है।' उक्त बातें चास के अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता (आईएएस) ने कहीं। गुरुवार को डीपीएस बोकारो में आयोजित नवगठित छात्र परिषद (सत्र 2024-25) के प्रतिस्थापन समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों को वह बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। पुराने छात्र परिषद सदस्यों को शुभकामनाएं एवं नए सदस्यों को बधाई देते हुए उन्होंने समर्पण व निष्ठा के साथ अपनी जवाबदेही को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। बतौर एसडीओ अपने कार्यानुभव साझा करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को बेहतरी के लिए रचनात्मकता के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखने का संदेश दिया।

इसके पूर्व, विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने विद्यार्थियों में नेतृत्व गुणों का विकास करना छात्र परिषद का उद्देश्य बताया। उन्होंने कहा कि अलंकरण समारोह नेतृत्व-उत्सव मनाने का एक अवसर है। डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों का समग्र विकास करते हुए उन्हें एक नेतृत्वकर्ता के रूप में विकसित करते हुए समृद्ध राष्ट्र-निर्माण की दिशा में सतत अग्रसर है। नव-चयनित विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने टीम वर्क को बढ़ावा देना, अपने सभी प्रयासों में ईमानदारी, जिम्मेदारी, विनम्रता और सकारात्मक दृष्टिकोण आवश्यक बताया।

कार्यक्रम के आरंभ में विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि का पौधा भेंटकर स्वागत किया। स्वागत गान सुंदर बेला स्वागत गीत... एवं विद्यालय गीत आया है नया सवेरा.... के पश्चात छात्राओं ने अमिताभ बच्चन की काव्य-प्रस्तुति तुम मुझको कबतक रोकोगे पर आकर्षक समूह-नृत्य के जरिए चुनौतियों पर विजय और हौसलों की सीख दी।

नवगठित छात्र-परिषद में कक्षा 12 के विद्यार्थी कन्हैया भारद्वाज ने हेड बॉय, तो ऋद्धिमा कौशल व अनन्या राज ने हेड गर्ल की शपथ ली। वहीं, 11वीं कक्षा के ज्ञान प्रकाश वाइस हेड बॉय, मानसी पांडेय एवं एधा सिंह वाइस हेड गर्ल, 12वीं कक्षा के प्रसून पंकज लिटररी सेक्रेटरी (साहित्यिक सचिव), मोहित कुमार एवं शिवांगी मिश्रा (कक्षा 11) उप साहित्यिक सचिव, आयुष कुमार जायसवाल (कक्षा 12) कल्चरल सेक्रेटरी (सांस्कृतिक सचिव), रोशनी सिंह (कक्षा 11) उप सांस्कृतिक सचिव एवं कक्षा 12 के सिद्धांत त्रिपाठी खेल सचिव बनाए गए। शीतल राजपूत (कक्षा 11) ने उप खेल सचिव पद की शपथ ली। इसके अलावा, विद्यालय के प्रत्येक सदन में कैप्टन एवं वाइस कैप्टन सहित चार प्रिफेक्ट चयनित किए गए। गंगा हाउस में कक्षा 11 की हर्षिता प्रणीत एवं तनिष्क यश, जमुना में इशानी सिंह (कक्षा 12) व इस्तुति वर्मा (कक्षा 11), रावी हाउस में 12वीं के विल्सन कृष्णा कार्तिक एवं 11वीं के अनुनव सागर, चेनाब हाउस में 11वीं की अर्पिता आर्या व 10वीं की मीनाक्षी तनु, सतलज में 11वीं के रुद्र प्रताप सिंह एवं 10वीं की अव्वण्या पाहवा तथा झेलम हाउस में कक्षा 11 से ऋषित शॉ एवं अनुश्री त्रिपाठी क्रमशः कैप्टन एवं वाइस कैप्टन चयनित किए गए। मुख्य अतिथि ने पुराने छात्र परिषद के सदस्यों के बीच प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा मार्च पास्ट कर मंच तक पहुंचे नए छात्र परिषद सदस्यों को सैश एवं बैज बनाकर अलंकृत किया। सभी नवचयनित छात्र परिषद सदस्यों ने निष्ठा एवं ईमानदारी की शपथ ली। इस क्रम में प्राचार्य डा. गंगवार ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

## एक वृक्ष अपने मां के लिए सीसीएल ने चलाया वृक्षारोपण अभियान



**कथारा /** कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह स्थित पूर्व बत्ती घर काली मंदिर के समीप मैदान में कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण अभियान के कार्यक्रम सीसीएल कथारा द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक संजय कुमार सहित सभी परियोजना अधिकारी, विभागाध्यक्ष, एरिया कंसल्टेटिव कमेटी एवं मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों ने कई फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पृथ्वी में शुद्ध वातावरण ओर हरियाली को बढ़ावा देना हैं। क्षेत्र को 5 हजार पौधों का वृक्षारोपण एवं सीसीएल कथारा क्षेत्र द्वारा 3 हजार पौधों का विभिन्न स्थानों पर वितरण करने का लक्ष्य दिया गया हैं।कार्यक्रम का उद्घाटन भारत सरकार कोयला मंत्री जे किशन रेड्डी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया।जी एम संजय कुमार ने कहा कि है। आज के इस कार्यक्रम का महत्व न केवल वृक्षारोपण है, बल्कि यह आने वाले समय में एक बड़े वृक्ष के रूप में पूरे धरती को शुद्ध वातावरण करने का या प्रयास है क्योंकि इन दिनो बड़े पैमाने पर वृक्षों की कटाई हो रही है जिस कारण पृथ्वी का वातावरण में शुद्धता नहीं रहने का कारण प्राकृतिक अपनी शुद्धता खो चुकी है और वृक्षों की कटाई होती रही तो मनुष्य को प्रकृति की कोभाजन बनना पड़ेगा इसलिए हम सबों को मां के नाम एक वृक्ष जरुर लगाये जिससे आने वाले पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और स्वच्छ पर्यावरण मिल सके। इस तरह के आयोजन हमें हमारी जिम्मेदारी का एहसास कराते हैं और सामूहिक प्रयासों की शक्ति को दर्शाते हैं। कहा कि मुझे गर्व है कि कथारा क्षेत्र ने इस महत्वपूर्ण पहल में सक्रिय भागीदारी दिखाई है और हमें उम्मीद है कि इस तरह के और भी अभियान भविष्य में आयोजित होंगे। सभी लोग अन्य लोगों को जागरुक करते हुए पेड़ लगाकर प्रकृति को संरक्षित करने का युद्ध स्तर पर अभियान जारी रखें। इस मौके पर एसओ एक्सकवेशन जे पैकारा, एसओ सेफ्टी सीबी तिवारी,पीओ विजय कुमार, परमानंद गुईन, दुर्गेश कुमार सिन्हा, एसओसी संजय कुमार सिंह, एसओसी जयंत कुमार, एसओईएंडएम विपिन कुमार, एएफएम राजीव रंजन,एएमओ मेघनारायण राम, बिनोद कुमार, सुनील कुमार गुप्ता, चंदन कुमार, एससी पासवान, गुरु प्रसाद मंडल, आकाश कुमार, नीरज कुमार, संतोष कुमार, देवनंदन प्रसाद सहित यूनियन प्रतिनिधियों में रामेश्वर कुमार मंडल पीके जयसवाल,अजय कुमार सिंह, कामोद प्रसाद, सचिन कुमार, मथुरा सिंह यादव, शमशूल हक, इकबाल अहमद कमलेश गुप्ता सचिन कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## रजवाडीह मध्य विद्यालय में अभिभावकों व शिक्षकों के बीच 'संवाद'



**मेदिनीनगर पलामू।** स्कूल रूआर-2024 की सफलता के लिए सदर प्रखंड के रजवाडीह मध्य विद्यालय में अभिभावकों व शिक्षकों बीच %संवाद% कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि रजवाडीह पंचायत के मुखिया श्री अनुज कुमार त्रिपाठी ने भाग लिया। इस अवसर पर मुखिया श्री त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा के लिए समन्वित प्रयास आवश्यक है। बच्चों को अच्छी शिक्षा देना हमारा सामूहिक दायित्व है। उन्होंने विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए सदैव सहयोग का संकल्प व्यक्त किया।

इसके पहले प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने स्कूल रूआर के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा में माता-पिता की भूमिका को रेखांकित किया। कहा कि शुरुआत में बच्चों को रोज स्कूल में भेजने में संजीदगी दिखाइए,फिर तो स्कूल आना उनकी आदत बन जायेगी। बाकी अध्यापन हम शिक्षकों की जिम्मेवारी है।

प्रधानाध्यापक ने अध्यक्ष कुंती देवी,संयोजिका पार्वती देवी, उपाध्यक्ष ललिता देवी,शिक्षिका श्रीमती निशा,प्रियंका कुमारी, पूनम रानी,शिक्षक विजय कुमार ठाकुर एवं हाउस कैप्टनों के साथ मिलकर अभिभावक माता-पिता को किचेन, किचेन गार्डेन, शौचालय, फुलवारी, आईसीटी की तैयारी, लाइब्रेरी एवं वर्ग कक्ष का भ्रमण कराया। अभिभावकों ने विद्यालय के शैक्षणिक कार्यकलाप पर प्रसन्नता व्यक्त की। अंत में प्रतिभागियों एवं सभी बच्चों ने शीतल पेय का आनंद लिया।

## सूरजमल जैन डीएवी पब्लिक स्कूल चाईबासा में नेशनल स्पोर्ट्स का आगाज की तस्वीर



**रांची।** सूरजमल जैन डीएवी पब्लिक स्कूल चाईबासा में नेशनल स्पोर्ट्स का आगाज, दो दिन चलेगा

चाईबासा.स्थानीय सूरजमल जैन डीएवी पब्लिक स्कूल में डीएवी सी एम सी के मार्गदर्शन में दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेल का शुभारंभ हुआ. मौके पर आयोजित विशेष कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की ने सभी प्रतिभागियों से कहा कि खेल शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास का साधन है. ऑलराउंडर बनना आज के समय की मांग है. बच्चे अपना लक्ष्य ऊंचा रखें. कार्यक्रम के पर्यवेक्षक पी के भुइयां (प्रिंसिपल डीएवी नोवामुणडी )ने खेलों के शुभारंभ की घोषणा की. संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में डीएवी सिजुआ, बरोरा ,सी एफ आर आई , बिष्टुपुर, जामाडोबा, नोवामुंडी, महुदा और एस जे डीएवी के कुल 283 प्रतिभागियों ने शतरंज, योग और ताइक्कांडो में भाग लिया.

## बांसजोड़ा के ग्रामीण सभी मिलकर रहें मतभेद ना करें : किशन रेड्डी



**लोयाबाद ।** बांसजोड़ा के ग्रामीण सभी मिलकर रहें मतभेद ना करें आपके बेहतर के लिए एक्शन प्लान लाने वाले हैं जो भी करेंगे आपका भला करेंगे मैं प्रधानमंत्री का दूत बनकर आया हूं अग्नि प्रभावित समस्या ब्रिटिश जमाने से है इसे जल्द हल करने का निर्णय लिया गया है उक्त बाते कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने बांसजोड़ा ग्रामीणों को संबोधित कर कहा ।

कोयला मंत्री श्री रेड्डी अपनी काफिले के साथ 2ः15 बांसजोड़ा 6 नंबर समीप पहुंचे जहां पर अग्नि प्रभावित 12 नंबर एवं लोयाबाद 7 नंबर के सैकड़ो ग्रामीणों ने ग्रामीण एकता मंच के बैनर तले बिनोद पासवन तथा दूसरा मिशन मोदी के बैनर तले जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ कोयला मंत्री श्री रेड्डी को फूल माला पहनकर तथा फूलों का गुलदस्ता देगा उनका स्वागत किया तथा उन्हें अपनी समस्या को सुनाते हुए ज्ञापन सोपा। तत्पश्चात कोयला मंत्री 6 नंबर अग्नि प्रभावित क्षेत्र के समीप बने स्टेज पर पहुँचे तथा ब्यू पॉइंट आग तथा 12 न0 घनी आबादी का मुआयना किये। तथा वही बीसीसीएल अधिकारीयो ने सारी वस्तु स्थिति से अवगत कराया । तत्पश्चात वहां से वे बांसजोड़ा यज्ञ मंडप के समीप अग्नि प्रभावित क्षेत्र में बने स्टेज के पास पहुंचे जहां से उन्हें व्यू पॉइंट से आग और गैस की स्थिति से अवगत कराया गया। साथ ही साथ वहां रह रहे ग्रामीणो के विस्थापन और मुआवजा को लेकर ग्रामीणों से सीधी बातो को सुना गया। जिसमे रामाशंकर महतो और गीता सिहं ने ग्रामीण की ओर समस्यो को रखा इसी दौरान बांसजोड़ा बस्ती के एक रैयत ग्रामीण सुभाष महतो ने अपनी समस्याओं को रखते हुए जब यह कहा कि रैयत के जमीन पर गुंडो के बल पर यहां आउटसोर्सिंग कंपनी काम कर रही है बदले में हमलोगो को नियोजन व मुआवजा नहीं दे रही है । इसी बात पर कांग्रेस नेता राजकुमार महतो के समर्थकों एवं ग्रामीणो ने इस पर जमकर विरोध किया । और मंत्री जी के सामने सांसद दूल्लू महतो मूर्दाबाद , यह गुण्डा व चोर है,ये कोयला चोर है, इसकी गुण्डा गर्दी यहॉ नही चलने देगें । कुछ देर के लिए वहां काफी हंगामा मच गया। हालांकि पुलिस ने मौके पर तुरंत इसे कंट्रोल किया इसके बाद कोयला मंत्री किशन रेड्डी ने मंच को संभालते हुए लोगों से अपील करते हुए सर्वप्रथम भारत माता की जय का नारा लगाए तत्पश्चात उन्होंने आगे कहा कि मैं प्रधानमंत्री के आदेश पर आप लोग से मिलने आया हूं मैं भी किसान परिवार से आता हूं जो आप लोगो का समस्या से जूझ रहे हैं यह 100 साल पुराना ब्रिटिश जमाने से यह समस्या है जिसको आप दो तीन पुश्तो से जूझते आ रहे हो । अब हमारी सरकार इस समस्या को हल करने का निर्णय लिया है हमने आपकी सारी दुखी बातों को सुना है आपके ज्ञापन भी मैंने लिया है। आपकी सारी समस्याओं को मैं प्रधानमंत्री के सामने रखूंगा इस समस्या को जरूर दूर हम लोग मिलकर करेंगे। और इन्होंने ग्रामीणों से एक अपील किया कि सभी लोग मिल-जुलकर रहने की जरूरत है। आपकी जिंदगी में उजाला लाना मेरा कर्तव्य है। आपके लिए एक्शन प्लान लाने वाले हैं हमारे अधिकारी गांव-गांव में गांव वालों से बात कर यह प्लान लाइगें जो भी करेंगे आपका भला करेंगे । जो भी ज्ञापन मिला है उसे प्रधानमंत्री को शौप कर उस पर बात-चीत करूंगा फिर मेरे अधिकारी आपके बीच आकर बात करेंगे लोकल डाटा तैयार किया गया है, उसी के आधार पर सभी लोगों को न्याय करेंगे ।और 3ः45 बजे अपनी भाषण को समाप्त कर कोयला मंत्री यहां से धनबाद चले गए ।

## जनकपुरी मंदिर में 5 लाख रुपए से विवाह मंडप निर्माण का शिलान्यास



मेदिनीनगर पलामू। डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ने जनकपुरी मंदिर में विवाह मंडप निर्माण का शिलान्यास किया। वर्षों से स्थानीय लोगों की मांग पर बारालोटा स्थित जनकपुरी मंदिर के प्रांगण में गरीब परिवारों के लिए विवाह मंडप के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि उन्होंने इसी परिसर में निर्माण का वादा किया था और आज उसे पूरा कर रहे हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, हम जो वादा करते हैं, उसे पूरा करने का प्रयास करते हैं ।श्री राम जानकी मंदिर न्यास समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में मंदिर परिसर में विवाह मंडप बनाने की घोषणा की गई थी। आलोक चौरसिया ने कहा कि मुझे सेवा करने का मौका मिलने पर अत्यंत खुशी होती है। इस विवाह मंडप का निर्माण सनातन धर्म को संरक्षित और मजबूत करने के हमारे संकल्प का हिस्सा है ।विधायक ने विधायक कोटे की निधि से 5 लाख रुपये विवाह मंडप निर्माण हेतु दिए। उन्होंने कहा,मंदिर में कार्य करने से मुझे सुकून मिलता है। सनातन धर्म को बचाने के लिए हम सबको मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। सनातन धर्म बचेगा, तभी हम बचेंगे। वहीं आलोक चौरसिया ने कहा कि मैं कभी भेदभाव नहीं करता, बल्कि मैंने सभी के लिए काम करना सीखा है ।उन्होंने यह भी घोषणा की कि बबलू तिवारी के अनुरोध पर मंदिर परिसर में शौचालय और स्नानागार बनाए जाएंगे। इसके लिए वह नगर निगम को पत्र लिखकर जल्द से जल्द इस कार्य को पूरा करने का निर्देश देंगे ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े ।कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राम जानकी मंदिर न्यास समिति जनकपुरी मंदिर के अध्यक्ष लव तिवारी ने की और संचालन समाजसेवी बृजेश कुमार तिवारी उर्फ बबलू तिवारी ने किया। लव तिवारी ने कहा कि विवाह मंडप का शिलान्यास कर विधायक ने ग्रामवासियों का वर्षों पुराना सपना पूरा किया है ।इस अवसर पर पूर्व वार्ड पार्षद राजू भैया, किशोर पांडे, नारायण पांडे, संहिता नंद तिवारी, भूतनाथ तिवारी, विद्या तिवारी, शैलेश तिवारी, श्याम बिहारी तिवारी, प्रेमचंद तिवारी, सुनील तिवारी, श्यामलाल तिवारी, नित्यानंद तिवारी, बृजेश सिंह, अमलेश चौरसिया, बिंदेश्वरी मेहता, विषम चौरसिया, दिलीप तिवारी, सुनील पांडे, छोटन तिवारी, और मनोज प्रजापति सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा नेता ने चलाया जनसंपर्क अभियान, सुनी गांव की समस्या



रामगढ़ पलामू। भाजपा नेता ज्योति पांडे ने डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ प्रखंड का दौरा किया। इसी क्रम में ग्रामीण जनता एवं युवाओं से संवाद किया संवाद के क्रम में रामगढ़ प्रखंड के लोगों ने बताया कि यहां स्वास्थ्य सुविधा की स्थिति बद से बदतर है यहां के अस्पताल में डॉक्टर की प्रति नियुक्ति नहीं है जिसके कारण हम लोगों को बहुत समस्या होती है और ना ही प्रखंड स्तर पर एंबुलेंस की व्यवस्था है एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं होने के कारण भारी भरकम पैसे देकर गरीब परिवार को डाल्टनगंज या रांची इलाज के लिए जाना पड़ता है। गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने वाली सड़क की स्थिति खराब है जिसके चलते पूरे प्रखंड वासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि रामगढ़ प्रखंड जिला मुख्यालय से काफी दूर है निश्चित रूप से यहां के स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ होनी चाहिए जिससे यहां के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके यह बहुत ही पिछड़ा हुआ क्षेत्र हैं और यहां के अस्पताल में डॉक्टर की नियुक्ति नहीं होने के कारण उन्हें इलाज के लिए प्राइवेट अस्पतालों की और जाना पड़ता है जिसका आर्थिक भार वहन करने में कई ग्रामीण सक्षम नहीं होते निश्चित रूप से यह चिंता का विषय है। स्वास्थ्य केंद्र के बारे में जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द यहां डॉक्टर की प्रति नियुक्ति और एंबुलेंस की व्यवस्था कराने का प्रयास करूंगा। संपर्क अभियान के तहत मंडल अध्यक्ष शंभू पासवान, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अजय पासवान, धीरज कुमार जायसवाल, मिथिलेश कुमार,शंकर ठाकुर ,शिवपूजन ठाकुर, हसरत अंसारी ,मनीष कुमार सरवन पासवान, संदीप चंद्रवंशी, छोटू कुमार, तुलसी सिंह, शक्ति सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# भारत में ओबीसी का 27 प्रतिशत आरक्षण, परंतु झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री ने घटकर 14 प्रतिशत किए- डॉ आरसी मेहता



**हजारीबाग**– संपूर्ण भारत में पिछड़ों का आरक्षण मंडल कमीशन के संयोजक पूर्व प्रधानमंत्री बीपी सिंह द्वारा 27 प्रतिशत मिला हैं, जिसकी जितनी आबादी उसका उतना भागीदारी का समर्थन विपक्ष के नेता राहुल गांधी करते हैं। झारखंड सरकार द्वारा 27 प्रतिशत का बिल झारखंड कैबिनेट में पास किया गया। परंतु झारखंड के महामहीम राजपाल के द्वारा बिल को रोक कर अन्याय किया गया है। हमारे देश के प्रधानमंत्री पिछड़े के नाम पर प्रधानमंत्री बने। पिछड़े के नाम पर थोक में वोट मिला, तीसरु बार प्रधानमंत्री बने यदि मोदी साहब चाहते तो झारखंड के लोगों के साथ 27 प्रतिशत आरक्षण देकर न्याय कर सकते थे, जो नहीं किया। परंतु मोदी साहब ने आर्थिक रूप से पिछडे नौ लाख से काम आए वाले स्वर्णो को 10 प्रतिशत आरक्षण दिए जो प्रशंसा के पात्र है। जिसका मैं समर्थन करता हूं। ज्ञातव्य हो की संपूर्ण भारत में स्वर्ण अगडो की अवादी 10 प्रतिशत से कम है, परन्तु झारखंड के 65 प्रतिशत पिछड़ों को 14 प्रतिशत देना अन्यायपूर्ण है। मरांडी और मोदी साहब ने पिछड़ों को प्रताड़ित करने का काम किया है, हम तमाम पिछड़ों से आह्वान करते हैं की झारखंड विधानसभा चुनाव में इस मुद्दे को तब तक उठते रहे, जब तक प्रथम मुख्यमंत्री अपने भूल का सुधार न करें। विधानसभा चुनाव में सभी इंडिया गठबंधन के लोग इस मुद्दे को जोर-जोर से उठावे और अपनी हक का मांग करें। झारखंड प्रभारी गुलाम अहम्मद मिर साहब के द्वारा प्रबुद्ध ओबीसी के व्यक्तियों का एक बैठक ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू के अध्यक्षता में प्रेस क्लब रांची में आहुत किया गया था। सभा में झारखंड कांग्रेस प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, शहजाद अनवर, केशव महतो, कमलेश एवं हजारों वरिष्ठ ओबिसी कांग्रेसी उपस्थित थे। उक्त सदन में यह बातें हजारीबाग विधानसभा के कांग्रेस उपविजेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने कहा। डॉ मेहता ने पुनः कहा की 65 प्रतिशत वाले आबादी को 14 प्रतिशत आरक्षण देने से बेहतर है, आरक्षण लेने से हम लोग इंकार करें और आंदोलन करें सभा का संचालन पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो ने किया समापन जयप्रकाश भाई पटेल एवं मारखम कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ चूड़ामणि प्रसाद डांगी ने सदन को शपथ दिलाए।

## हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट द्वारा उप विकास आयुक्त को दिया धन्यवाद

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

हज़ारीबाग़ - नियाज़ अहमद, उम्र 54 वर्ष, पिता मो निजामुद्दीन, पता लाखे, जिला हज़ारीबाग का निवासी है। नियाज़ जो कि शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हज़ारीबाग में भर्ती है, इनको 3 यूनिट बी पोजेटिव ब्लड की आवस्यकता थी। इनके शरीर में मात्र दो ग्राम हीमोग्लोबिन था। ट्रस्ट के अध्यक्ष शाहिद हुसैन द्वारा डीडीसी प्रेरणा दीक्षित से इनके ब्लड हेतु आग्रह करने पर, डीडीसी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित ब्लड बैंक से ब्लड उपलब्ध करवाया गया। जिसके लिए ट्रस्ट के समस्त परिवारों की ओर से मैम का धन्यवाद व्यक्त करता हूँ। ट्रस्ट ने कहा की ऐसे पदाधिकारी का होना हमारे जिले के लिए गौरव की बात है, जो क्षेत्र के विकाश के साथ साथ आम नागरिको की जुडी हर समस्या का निदान करती हैं, ट्रस्ट ने आभार व्यक्त किया है।




## डीएवी सीनियर विंग हजारीबाग में स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता का आयोजन




रांची एक्सप्रेस संवाददाता

हजारीबाग - स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग हजारीबाग में कक्षा सात के विद्यार्थियों के लिए कहानी सुनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या कविता पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में रचनात्मकता बढ़ती है तथा उनकी झिझक दूर होती है। विद्यार्थियों को मंच पर स्वतंत्र तथा आत्मविश्वासी बनाने में ये प्रतियोगिताएं बहुत सहायक होते हैं। इस प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा सप्तम सी के आदित्य राय, द्वितीय स्थान कक्षा सप्तम डी की स्वधा दयाल और तृतीय स्थान कक्षा सप्तम ए की अरहमा हसन को प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में तनीषा श्रीवास्तव और आरडी शर्मा थे। इस पूरे कार्यक्रम के आयोजन में अंग्रेजी शिक्षिका नाजुदा तबस्सुम की भूमिका प्रमुख रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका अपूर्व बडियार, विजयलक्ष्मी और अनन्या मुखोपाध्याय का भी सहयोग रहा। पूरे कार्यक्रम का संचालन कक्षा सातवीं की छात्र साक्षी मोदी और अनन्या ने किया।

## विद्युत प्रवाहित तार में सटने से विवाहिता की गई जान



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

टाटीझरिया - प्रखंड के अमनारी में एक विवाहिता की सबके सामने तड़प - तड़प कर चली गई जान।ग्रामीण औरतों और बच्चों को समझ ही नहीं आया कि वे औरत की जान कैसे बचाएं। जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय किरण देवी ,पति उमेश कुमार प्रतिदिन की भांति बुधवार को भी गौशाला से गोबर उठाकर खेत में डालने जा रही थी। उसे क्या पता कि कुछ ही पल में उसके साथ दुर्घटना होने वाली है और उनकी जान चली जाएगी। गोबर उठाकर कुआं के रास्ते अपने गंतव्य की ओर बढ़ी ही थी कि उसके हाथ ऊपर से गए बिजली तार , जो कुंआ पर गई हुई थी,उसमे सट गए।वह छटपटाते हुए नीचे गिरी,पर तार उसके पेट में भी सट गया।इस घटना को दूर से कुछ ग्रामीण औरतों द्वारा देखा गया,लोगों ने बांस से हटाने का भरपूर प्रयास किया ,पर कुछ न हो सका और कुछ ही मिनटों में उसकी जान चली गई।इस बीच बारिश भी हो रही थी,बिजली का कवर तार कई जगह पर कटे हुए थे,जिसके चपेट में वह आ गई।इधर उसके फाइलेरिया ग्रसित पति उमेश और उनके 9 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार तथा 7 वर्षीय पुत्र अनिक कुमार का भी रो रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही औरत के मायके से भी स्वजन पहुंच गए थे।

## हिंदू समाज को संगठित करना ही हमारा उद्देश्य - बजरंग दल



रांची एक्सप्रेस संवाददाता]

हज़ारीबाग़ - विहिप, बजरंग दल पद्मा का एकदिवसीय प्रशिक्षण वर्ग पदमा के रोमी पंचायत भवन में संपन्न हुआ। बैठक में बजरंग दल जिला संयोजक प्रशांत सिंह एवं जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक संगठन के द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण वर्ग के निमित किया गया। जिसमें विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के साथ-साथ मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी एवं एकल परिवार की आचार्य बहने उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता एवं संचालन प्रखंड मंत्री ऋषिकेश मेहता ने किया। प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत दीप प्रजनन के साथ हुई, इसके बाद बैठक पद्धति का अभ्यास कार्यकर्ताओं को कराया गया। जिला संयोजक प्रशांत सिंह ने कहा बजरंग दल का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर हिंदू सभ्यता संस्कृति की रक्षाकरने हेतु हिंदू नौजवान अखाड़ा में बुलाकर उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रुप से मर चुका है। वर्तमान में पूरे देश भर में जिस प्रकार अत्याचार हो रहा है, हिंदुओं की आस्था एवं उनके आबरू के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की जा रही है। इसकी रक्षा और सुरक्षा अब हिंदू समाज को खुद करना होगा। अपने समाज को स्वालंबी एवं मजबूत बनाने की जिम्मेदारी हिंदू नौजवानों को स्वयं लेना होगा। नहीं तो अपनी पूर्वजों की धरती पर भी हम प्रवासी जीवन जीने के लिए मजबूर हो जाएंगे। जो हाल कश्मीर बंगाल केरल में हिंदुओं के ऊपर हुए हैं। अब से हम भारत में पुनः दोहराने नहीं देंगे। अपने ही जिले के बड़कागांव में महूदी की घटना इसका एक उदाहरण है। हर चुनौती से संघर्ष करने के लिए अब हमें तैयार होना होगा। ज्ञानियों की कमी नालंदा जैसे विश्वविद्यालय में कब नहीं थी परंतु दरिंदों के हाथ से नालंदा को भी ध्वस्त कर दिया गया था। इससे यह पता चलता है, धर्म को बचाने के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों में पारंगत होना होगा।

# 30 वर्षों में विकास नहीं सिर्फ भय और भ्रस्टाचार की राजनीति - भुनेश्वर यादव



**चौपारण** – आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर समाजसेवी भुनेश्वर यादव ने बरही विधानसभा अंतर्गत चौपारण प्रखंड के कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में समर्थन मांगा। जनसम्पर्क अभियान में भुनेश्वर यादव ने समर्थन मांगते हुए कहा कि समय का मांग है की आप अपने माटी से ही नेता को चुने क्योंकि 30 वर्षों से बरही विधानसभा का जिन लोगों ने नेतृत्व किया।

वह सिर्फ यहां विकास की बातें छोड़कर केवल और केवल यहां के जनता से ताकत पाकर ,यही के लोगों में भय पैदा किया। जैसा कि आप जानते हैं कि बरही विधानसभा एक कृषि प्रधान क्षेत्र है यहां की 80त्न आबादी कृषि से अपना जीवन यापन करती है पर यहां के नेताओं के उपेक्षा पूर्ण रवैया रहने के चलते तिलैया डैम जैसा बांध होने के बाद भी यहां सिंचाई की व्यवस्था नहीं हो सका और ना ही यहां शिक्षा के लिए कोई अच्छे स्कूल या कॉलेज खोले गए । यदि यहां के जनप्रतिनिधियों के 30 वर्षों का शासन काल देखा जाए तो आप पाएंगे कि यहां के वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधियों के द्वारा सिर्फ और सिर्फ उनकी उपलब्धि के खाते में कुछ आता है, तो भय और भ्रष्टाचार आता है ,यहां के लोग को सिर्फ और सिर्फ डराया जाता है कि यदि आप हमारे साथ नहीं रहेंगे तो हम आपको केस मुकदमे में फंसा कर तबाह कर देंगे। ऐसे में आने वाला विधानसभा में आप तमाम महान मतदाताओं का यह दायित्व बनता है कि ऐसे लोगों को अपने वोट के माध्यम से उनकी राजनीतिक दुकान बंद करना होगा और आपको अपने ही माटी से नेता चुनना होगा। आगामी विधानसभा चुनाव में इस बात को साबित करना है कि यहां के लोग राजनितिक तौर पर काफी सजग है,अगर क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पार्टी इस माटी में जन्मे किसी धरतीपुत्र को उम्मीदवार नहीं बनाती है , तो उनका जमानत नहीं बचेगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान सेलहारा पंचायत के पथरा, बेलाही पंचायत के परतापुर ,रामपुर पंचायत के महादेव टांड़, रामपुर ,पेटुला ,नवागढ़ एवं वृंदा में लोगों से मिलकर अपने पक्ष में समर्थन मांगा। जनसंपर्क अभियान में रामचंद्र रजक सीताराम रजक, सुरेंद्र रजक, विकास कुमार, सुधीर यादव, अमन कुमार सिंह ,प्रिंस सिंह ,मुंशी यादव ,सूरज राणा, छोटेलाल साव ,आशीष कुमार, मिथिलेश कुमार ,रामस्वरूप साव, सिकंदर साव, विजय यादव, सिकंदर यादव सहित अन्य उपस्तिथ रहे।

## महर्षि वेदव्यास जयंती व आचार्य सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

हज़ारीबाग़ - सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , कुम्हारटोली ,हजारीबाग में गुरु पूर्णिमा उत्सव, महर्षि वेदव्यास जयंती व आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। विद्यालय के वंदना सभा में विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलन कर महर्षि वेदव्यास के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ने गुरु को पूर्ण ज्ञान का प्रकाशक बताते हुए कहा- गुरु ब्रह्मा विष्णु एवं महेश से ऊपर हैं , क्योंकि गुरु के बिना ज्ञान नहीं होता। आप सभी भैया- बहन अपने गुरु के बताए गए पथ पर चलकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैंद्य गुरु ही आपका सर्वांगीण विकास कराएंगे। गौरतलब है कि इस अवसर पर विद्यालय में आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन भी हुआ। मौके पर विद्यालय के संरक्षक श्रद्धानंद सिंह ने कहा गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति वंदन एवं समर्पण का पर्व है। हमें इस प्रकार की शिक्षा हमें बच्चों को देना चाहिए जिससे वे भारत का परचम पूरे विश्व में लहरा सकें ।



शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति का भाव भी बच्चों में समाहित हो । कार्यक्रम में विद्यालय के संरक्षक श्रद्धानंद सिंह के द्वारा समस्त आचार्य बंधु- भगिनी व कर्मचारियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । मौके पर समस्त आचार्य बंधु- भगिनी उपस्थित थे।

## भाजपा नेता उदयभान नारायण सिंह ने कटकमसांडी के विभिन्न पंचायत का किया सघन दौरा

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

हज़ारीबाग़ - रामगढ़ राज परिवार से अपनी तालुकात रखने वाले शख्सियत तथा लोगों के दिलों में एक अलग उम्मीद के साथ पिछले कई वर्षों से निरंतर रूप से जनता जनार्दन की सेवा में समर्पित उदयभान नारायण सिंह ने सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड के पबरा, गोदखर, सालगांवा एवं लुटा पंचायत का भ्रमण कर आम जनता से सीधा संवाद किया, विभिन्न पंचायत में वरिष्ठ जनों के द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया गया,महिलाओं ने आत्मीयता के साथ स्वागत व अभिनंदन कर पंचायत के विभिन्न समस्याओं से उदयभान नारायण सिंह को अवगत करवाया। श्री सिंह ने आने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने में सहयोग की अपील की। मौके पर उदयभान नारायण सिंह ने कहा कि मैं हर वक्त और हर समय जनता के बीच रहकर उनकी सेवा कर रहा हूं साथ ही कहा कि पंचायत के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने इतनी आत्मीयता के साथ स्वागत व अभिनंदन किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनन्त कुमार मेहता, सरजु राम, विनोद कुमार रवि, हेमन्त सिन्हा, छट्ठू राणा, अरशद हुसैन, जितेंद्र कुमार, तरुणा कुमारी, प्रियंका कुमारी, राधा कुमारी, नेहा देवी, पूनम देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज हुसैन का हजारीबाग में किया गया भव्य स्वागत

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

हज़ारीबाग़ - 25 जुलाई को झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन (छ्ह्व) के राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज हुसैन का हजारीबाग के पत्रकारों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह स्वागत कार्यक्रम हजारीबाग के पुराने बस स्टैंड पर आयोजित किया गया था, जहां पत्रकारों ने उन्हें माला और बुके देकर सम्मानित किया। शाहनवाज हुसैन, जो क्क्स्क्क की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होने के लिए रांची से भोपाल जा रहे थे, ने हजारीबाग में कुछ समय के लिए रुकने का निर्णय लिया। इस अवसर का लाभ उठाते हुए, उन्होंने उर्दू के वरिष्ठ पत्रकार अनवर फिदवी से उनके घर पर जाकर मुलाकात की, जो वर्तमान में कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं। शाहनवाज हुसैन ने अनवर फिदवी को हर संभव मदद का आश्वासन दिया और उनके स्वास्थ्य में सुधार के लिए छ्ह्व की ओर से सहायता प्रदान करने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।



स्वागत समारोह में हजारीबाग के कई प्रतिष्ठित पत्रकार मौजूद थे, जिनमें प्रमुख रूप से अर्जुन सोनी, अभय कुमार सिंहा, जफरुल्लाह सादिक, एजाज आलम, काशिफ अदीब, और मेराज खान प्रमुख थे। इन सभी ने मिलकर शाहनवाज हुसैन के प्रति अपनी सम्मान और आभार व्यक्त किया। इस दौरान शाहनवाज हुसैन ने संगठन के भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया और नए सदस्यों को मार्गदर्शन दिया। हजारीबाग में कार्यक्रम समाप्त करने के बाद, शाहनवाज हुसैन कोडरमा में आयोजित एक कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वे भोपाल के लिए रवाना होंगे, जहां वे क्क्स्क्क की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में हिस्सा लेंगे।

## जिला टेबल टेनिस संघ द्वारा द्वितीय झारखंड राज्य टेबल टेनिस टूर्नामेंट का होगा आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

हज़ारीबाग़ - रांची जिला टेबल टेनिस संघ के द्वारा द्वितीय झारखंड राज्य टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन 26 जुलाई से 28 जुलाई तक रांची के गुरु गोविंद सिंह स्कूल में किया जा रहा है। जिसके लिए हजारीबाग की टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम इस प्रकार है - प्रतीक अग्रवाल, सुमित काशीवाल, राजीव गोयल, अर्णव अग्रवाल, मुकुंद बादल ,आण्वी गोयल ,सात्विक अग्रवाल, ऐसा पसरिचा, आदित्य अग्रवाल, अनमोल राज , सुमित कुमार, श्लोक राज ,सत्यम सुधांशु है। हजारीबाग जिला टेबल टेनिस संघ के सदस्यों ने खिलाडियो को शुभकामनाएं दी हैं, शुभकामनाएं देने वालों में संघ के अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, भैया मुरारी, सोम डे अग्रवाल, अमित मल्होत्रा, रुचि कुजूर, अनूप राजेश लकड़ा, बहादुर राम, रविंद्र कुमार, ज्योति यादव हैं।



## इस बजट से मध्यम वर्ग, महिलाओं तथा युवाओं को मिलेगी नई ताकत -- टोनी जैन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

हज़ारीबाग़ - भाजपा नेता टोनी जैन ने कटकमसांडी प्रखंड के ढोटवा ,मन्नार तथा डाटो कला पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के तहत ग्रामीणों के बीच कल पेश किए गए बजट के बारे में विस्तार से समझाया और कहा कि इस बजट में 3 करोड़ प्रधानमंत्री आवास तथा 3 करोड़ महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए स्वरोजगार के माध्यम से लोन देकर लखपति बनाना तथा एक करोड़ युवा भाइयों के लिए प्रत्येक माह 5000 की भता, मुद्रा लोन को 10 लाख से बढ़कर 20 लाख कर देना , किसानों के लिए आमदनी बढ़ाने तथा उनकी फसल में लागत कम लगे। यह सब जन कल्याणकारी योजना सरकार द्वारा लाई गई है, लेकिन झारखंड में केंद्र सरकार द्वारा दी गई योजना को झारखंड सरकार यहां के नागरिकों को नहीं लेने दे रही है। पिछले कई वर्षों से प्रधानमंत्री आवास ,वृद्धा पेंशन ,विधवा पेंशन, सभी तरह के जन कल्याणकारी योजना पर झारखंड सरकार द्वारा सही तरीके से नहीं चलाने के कारण उसका खामियाजा ग्रामीणों को तथा यहां की जनता को भुगतना पड़ रहा है। मन्नार में ग्रामीणों ने अपनी बात करती हुई कहीं कि अगर यहां पर सिंचाई का समुचित साधन हो जाए ,तो हम लोग कम से कम दो फसल उगा सकते हैं, अभी हम लोग बरसात के पानी पर निर्भर कर रहे हैं। लेकिन यहां की नदी में अगर छोटा बांध बांध दिया जाए तो यह समस्या का समाधान हो जाएगा।



## भारतीय मजदूर संघ ने मनाया 70 वां स्थापना दिवस

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

विष्णुगढ़ - प्रखंड अंतर्गत बनासो के नावाटांड में बुधवार को समारोह आयोजित कर भारतीय मजदूर संघ का 70 वां स्थापना दिवस मनाया गया। समारोह की शुरुआत मां भारती, शिल्पिकार भगवान विश्वकर्मा तथा युग पुरुष व महान विचारक दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शामिल संगठन के जिला मंत्री नीरज सिंह ने भामस के बारे में विस्तृत जानकारी दी।वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं जिलाउपाध्यक्ष मंजू देवी ने गांव के विस्थापितों की समस्याओं को रखा।भामस की ओर समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया गया।कार्यक्रम में कार्यकारिणी अध्यक्ष शिव कुमार सिंह ,उपाध्यक्ष पप्पू दुबे ,स्थानीय समाजसेवी एवं पत्रकार अमूल चंद्र पांडे, भवन निर्माण इकाई के जिला अध्यक्ष सुरेश राम, सदस्य करमी देवी, आंगनबाड़ी सहायिका सीता देवी, वार्ड सदस्य सुरजमुनी देवी,आगनवाड़ी सेविका चंद्रमुनी देवी,सरिता देवी, मीना देवी, आशा देवी, हीरामन रविदास, रवि कुमार रविदास, रंजीत कुमार दास, संजय कुमार, गौरी देवी, गेंदिया देवी, सिटन सिंह, चूड़ामुनी देवी समेत अन्य मौजूद थे।



# जिला परिवहन पदाधिकारी ने बड़े वाहनो का जाँच अभियान चलाया

**• 12 वाहनों से लगभग 3 लाख 50 हजार रुपये फाइन लिया गया– डीटीओ**

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

बोकारो। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने जिले के बियाडा क्षेत्र में, बालीडीह टॉल प्लाजा एवं बेरमो फुसरो रोड में बड़ी वाहनो का जाँच अभियान चलाया। जांच के क्रम में पाया कि अधिकतर वाहनो में बिना वैधमार्ग परमिट (सयमावली सहित), ओवरलोड, ओवरसाइज, पॉल्युशन, फ़िटनेस एवं इंश्योरेंस पेपर फेल पाया गया, जिसके कारण उक्त वाहनों से जुल्माना लिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने बताया कि जिले के बियाडा क्षेत्र में, बालीडीह टॉल प्लाजा एवं बेरमो फुसरो रोड में बड़ी वाहनो की जांच के क्रम में लगभग 60 से 70 वाहनों की जांच किया, जिसमें 12 वाहनों से लगभग 3 लाख 50 हजार रुपये फाइन लिया गया तथा उक्त सभी वाहनों को अंतिम वार्निंग दिया गया कि इसे जल्द से जल्द सुधार कर ले अन्यथा संबंधित वाहन स्वामियों के विरुध आर्थिक एवं दंडात्मक नियमानुसार कार्यवाई की जाएगी।



# राम रुद्र मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

चास। गुरूवार को जिला राम रुद्र मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के द्वारा निर्देशित कार्यक्रम शिक्षा सप्ताह के आलोक में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्कूल के विद्यार्थी संजू झरियात, आशा प्रिया, प्रिया राय, निकिता, वर्षा रानी, योगिता कुमारी, लक्की कुमारी, झीलिक, परी, पायल कुमारी, कुमकुम एवं पूनम कुमारी ने झारखंड, हरियाणा, पंजाब आदि राज्यों के लोकनृत्यों की प्रस्तुति की। प्राचार्य डॉक्टर संतोष कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ÷संगीत नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारे मन को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस तरह के कार्यक्रम से विद्यार्थियों की कला में निखार आता है।÷ कार्यक्रम का संचालन छात्रा नेहा मुखर्जी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन स्कूल के बाल संसद की सांस्कृतिक मंत्री किट्टू कुमारी ने किया। कार्यक्रम में रजनीगंधा, जीवन लता, डा. निरुपमा कुमारी, डा. अनामिका, धर्म शीला, कविता, श्रीमती रंजना, सुषमा, ज्योति, रंजीत पांडे, एवं संजय कुमार प्रमाणिक के साथ-साथ अन्य शिक्षक शिक्षिकाएँ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



# वेदव्यास जयंती पखवारा का मुख्य उद्देश्य मानव को मानव से जोड़ना है- सहदेव महतो




रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कतरास। गुरुवार को संकल्प एजुकेशन द्वारा आयोजित महर्षि वेदव्यास जयंती पखवाड़े के पांचवे दिन संकल्प एजुकेशन बगदाहा, राजगंज में भूतपूर्व शिक्षक हरिप्रसाद महतो ने महर्षि वेदव्यास के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. महर्षि वेदव्यास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को संविधान निर्माता होने के कारण राष्ट्र निर्माता कहा जाता है. ठीक उसी प्रकार महर्षि वेदव्यास को चारों वेद 18 पुराण एवं महाभारत की रचना करने के बाद विश्व निर्माता कहा जाता है. वेदव्यास जी विश्व गुरु थे उनके जीवन का उद्देश्य मानव कल्याण मात्र था. सभा को संबोधित करते हुए संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो ने कहा की जयंती पखवाड़ा मनाने का मुख्य उद्देश्य अपने यशस्वी महापुरुष को स्मरण करना एवं मानव को मानव कल्याण के लिए मानव से जोड़ना है. मौके पर मनीषा कुमारी, नागेश मरांडी, उत्तम सोरेन, गोपी कुमार महतो, सूरज प्रताप, आस्तिक कुमार महतो, पूर्णिमा कुमारी आदि उपस्थित थे कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से समाज सेवी पप्पू निषाद, रविंद्र कुमार निषाद, अनिल निषाद, नागेश्वर केवट, महेंद्र प्रसाद महतो, मनोरमा देवी, दीपक कुमार साव आदि का सराहनीय योगदान रहा.

# दो पक्षों के बीच जमीन विवाद की मामले में हुई नोंक झोंक

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

चंदनकियारी। बनगोडिया ओपी क्षेत्र के रामडीह मोड़ स्थित जमींन विवाद के मामले में दोनों पक्षों में जमकर नोक झोंक हुआ।बाद में इसकी सूचना मिलने पर बनगोड़िया ओपी पुलिस घटनास्थल पहुंचे। जहां पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। दोनों पक्षों ने अपने अपने जमीन की दावा कर रहे थें। वहीं एक पक्ष के अजय चौधरी ने कहा कि हमने कार्तिक सिंह के पत्नी सुगा देवी से जमींन की खाता संख्या 339 , प्लाट संख्या 61,62 को रजिस्ट्री कराए हैं। लेकिन दूसरे पक्ष बुद्धेश्वर यादव एवं उनके परिवारों ने फर्जी कागजात दिखाकर अपना जमीन बता रहे हैं। कार्तिक सिंह की निधन वर्ष 2017 में हुआ हैं। हमने 2023 में उनके पत्नी से जमीन की रजिस्ट्री कराए हैं। परंतु दूसरे पक्ष ने फर्जी तरीके से 1926 में कार्तिक सिंह को मृतक घोषित सर्वती देवी सें जमीन रजिस्ट्री की कागजात दिखा रहे हैं। अगर यादव के पास 1926 की रजिस्ट्री डीड है,तो 1932 और 1987 के खतियान में नाम क्यों नहीं दर्ज हुआ।इस जमीन की कहीं भी कोई मामला नहीं चल रही हैं। हमने बुद्धेश्वर यादव एवं अन्य पर जमीन सम्बधित फर्जीवाड़ा की मामला दर्ज कराए हैं। वहीं और एक पक्ष सुनिल यादव ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने 1926 में कार्तिक सिंह के पत्नी सर्वती सें जमीन की रजिस्ट्री कराई हैं। और उसी जमींन को अजय चौधरी ने कार्तिक सिंह के दूसरी पत्नी सुगा देवी से जमीन की रजिस्ट्री कराकर जमीन की कब्जा कर रहे हैं। जिसका मामला भी एसडीएम कोर्ट 45 एवं 107 एवं न्यायालय में टाइटल सुट चल रहा हैं।

# संगठन की मजबूती के लिए ईमानदारी से कार्य करें पदाधिकारी - पूजा राय चौधरी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

धनबाद। धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी का कार्यकारणी की बैठक धनबाद जिला परिषदन में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से महिला कांग्रेस धनबाद पर्यवेक्षक पूजा राय चौधरी उपस्थित थी। साथ ही धनबाद जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह और बाबू अंसारी मौजूद थे।



कार्यकारणी की बैठक से पूर्व महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने पर्यवेक्षक पूजा राय चौधरी का पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया और जिला व प्रखंड नगर अध्यक्षों से परिचय करवाया।

बैठक को संबोधित करते हुए पूजा राय चौधरी ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी पदाधिकारी ईमानदारी से कार्य करें। अपने कमिटी का गठन और विस्तार करने के साथ राज्य सरकार की योजनाओं को घर घर पहुंचाने के और केंद्र की भाजपा सरकार की नाकामी को जनता के बीच ले जाएं। संतोष कुमार सिंह ने कहा कि आने वाले कुछ माह में विधानसभा चुनाव है और यह एक बड़ा अवसर होगा कि धनबाद के सभी सीटों पर गठबंधन की जीत हो और इसमें महिला कांग्रेस की भूमिका अहम होगी। सीता राणा जी के सानिध्य में महिला कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन की है और आने वाले चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेंगी।

महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने कहा कि कार्यकारणी की बैठक संतोषजनक रहा है। पर्यवेक्षक पूजा राय चौधरी के दिशा निर्देश पर जिला कमिटी के साथ प्रखंड और नगर कमिटी को जो भी दिशा निर्देश मिला है। उस पर कार्य किया जायेगा। आने वाले विधानसभा में महिला कांग्रेस सभी छह सीटों पर बेहतर योगदान देगी।

बैठक में मधु फिलिप्स, सुनीता निषाद, आमना खातून, रजनी देवी, पुनम देवी, प्रतिमा पांडेय रिंकू कुमारी, देवती देवी, अजमेरी खातून, सरोजनी मुर्मू, जानकी देवी, रीना देवी, शाहिना बानो, खेरू निशा, राम दुलिन , हेमंती जयसवाल, सोनी सिंह, सुनीता कुमारी, बबिता शर्मा, रूबी खातून, शहजादी परवीन, बिंदु देवी, नूतन विश्वकर्मा, ज्योति प्रसाद आदि शामिल थी।

# देव शर्मा को युवा कांग्रेस मे झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने के बाद पहली बार बोकारो आने पर ज़ोरदार स्वागत

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

बोकारो। देव शर्मा को युवा कांग्रेस मे झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने के बाद पहली बार बोकारो आने पर कांग्रेस , युवा कांग्रेस, एवं युवा लायंस फोर्स के तमाम नेता एवं कार्यकर्ता द्वारा चास गरगा पुल के समीप ढोल नगाड़े , पठाखे , आतिशबाजी , फुल , गुलदस्ता एवं मिठाई खिलाकर नवनियुक्त झारखंड युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष का ज़ोरदार स्वागत किया , जिसमे मुख्य रूप से बोकारों ज़िला कॉंग्रेस कमिटी के वरीय ज़िला उपाध्यक्ष देवेंद्र चौबे , नारायण सिंह चौधरी , युवा कॉंग्रेस के पूर्व ज़िला उपाध्यक्ष चन्द्रदेव रजवार , श्री शर्मा ने सर्वप्रथम बोकारो की धरती पर कदम रखते ही लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं कॉंग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी , युवा कॉंग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी वी श्रीनिवास , कॉंग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर , प्रभारी मीर साहब , युवा प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज , प्रभारी ईशिता शेढा समेत तमाम कांग्रेस और युवा कॉंग्रेस के प्रदेश और राष्ट्रीय नेताओं का आभार व्यक्त किया साथ ही साथ अपने सभी समर्थकों को बधाई दिया तत्पश्चात युवा कॉंग्रेस और युवा लायंस फ़ोर्स के संयुक्त रूप से बाइक जुलूस निकाला गया अपने साथियों के उत्साह को देखते हुए श्री शर्मा भी



बाइक रैली मे शामिल हुए ,रैली चास के चेकपोस्ट , बाइपास , धर्मशाला मोड , महावीर चौक होते हुए निकली इस बीच जगह-जगह मिठाई एवं फड़ाका से उनका जोरदार स्वागत किया गया जैसे ही रैली जोधारी मोड पहुंची तमाम ऑटो चालक एवं दुकानदारों ने रोक कर उनको बधाई दिया देव शर्मा ने भी सभी का अभिवादन किया , फिर रैली तालगाड़िया मोड पहुंचते ही ट्रैकर संघ से लेकर तमाम दुकानदारों ने भी उनका स्वागत करते हुए बधाई दिया अंततः देव शर्मा जी तमाम समर्थकों के साथ अपने निवास स्थान बोदरो पहुंचे एवं पुनः सभी को बधाई देते हुए कहा कि मै आज युवा कांग्रेस झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष हूँ या कल भी जो कुछ भी था ये सब आपलोगों की मेहनत ही हैं ,मैं कल भी हर तबके के लोगों के सुख-दुख में उनके साथ खड़ा था , आज भी खड़ा हूं और आगे भी खड़ा रहूंगा , मौके पर सैकडो कांग्रेस , युवा कॉंग्रेस और युवा लायंस फ़ोर्स के नेता मौजूद थे।

# पम्प चालू करने और बन्द करने के कार्य में लगे हैं बीसीसीएल के 21 कर्मी

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

कतरास। बीसीसीएल एरिया 4 अंतर्गत कतरास हीरक रोड के किनारे कोलडंप के समीप स्थित बिजली हाउस में इंजीनियर अभिमन्यु कुमार सहित कुल 28 कर्मी कार्य करते हैं. इन कर्मियों का कार्य दुर्गा कॉलोनी, कोलडंप कॉलोनी(शिव कॉलोनी), 192 यूनिट, और 48 यूनिट में पानी सप्लाई करने एवं बिजली से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना है. मैकेनिकल विभाग के फोरमैन बिंदेश्वर रजक ने बताया कि 28 कर्मियों में से 7 कर्मी इलेक्ट्रिकल विभाग में कार्यरत हैं जबकि शेष बचे 21 कर्मी मेकेनिकल विभाग से संबंधित है जिसका मुख्य कार्य कॉलोनी में पानी सप्लाई करने के लिए पम्प चालू करना और बन्द करना है. आपको बता दे कि अधिकांश कॉलोनी में अपना अपना बोरिंग करा लेने के कारण वहां बीसीसीएल द्वारा पानी सप्लाई करने का जरूरत नही पड़ता है. 192 यूनिट(न्यू दुर्गा कॉलोनी) में लोगों ने अपने अपने बोरिंग करा रखे हैं जिससे उक्त कॉलोनी के सभी बिल्डिंग में पानी सप्लाई हो जाता है. यहाँ बीसीसीएल द्वारा पानी सप्लाई नही किया जाता है. कोलडंप कॉलोनी मे अपना बोरिंग भी है और जरूरत के आधार पर सप्लाई भी किया जाता है. 48 यूनिट में संतोष सिंह नाम का पम्प ऑपरेटर कार्यरत है. मुख्य रूप से दुर्गा कॉलोनी में ही पानी सप्लाई करने की जरूरत है जहां वर्षो से पानी की विकट स्थिति बनी हुई है. आपको यह जानकर हैरानी होगा कि इलेक्ट्रिकल विभाग के मात्र 7 कुर्मी मिलकर सभी यूनिटों की देखरेख कर लेते हैं. जबकि मैकेनिकल विभाग के 21 में से एक दो कर्मी को छोड़कर बाकी सभी कर्मी केवल दुर्गा नगर कॉलोनी और कोल डंप कॉलोनी में पानी सप्लाई करने के लिए पम्प ऑपरेटिंग में लगे हुए हैं. 21 में से 8 कर्मी महिला है, जिसमें से आधे से अधिक या सब के सब अनुकंपा के आधार पर नियुक्त किये गए हैं. आपको यह जानकर और भी आश्चर्य होगा कि पंप ऑन ऑफ करने से लेकर भेल खोलने और बंद करने तक का कार्य महिला कर्मियों द्वारा ही किया जाता है. पुरुषकर्मी का कार्य तभी होता है जब किसी प्रकार की तकनीकी खराबी हो जाए. क्योंकि अनुकंपा पर नियुक्त महिला कर्मी को टेक्निकल जानकारी नहीं होने के कारण पंप हाउस में आई तकनीकी खराबी को वे ठीक नहीं कर पाती हैं. ऐसी स्थिति में फीटर से काम लिया जाता है अन्यथा वे बिजली हाउस अथवा अन्यत्र बैठकर कुर्सी तोड़ने का काम करते हैं. शाम 6~ 20 के आसपास पम्प हाउस बन्द पाया गया. पंप हाउस में काम करने वाले सभी कर्मियों के काम का बंटवारा अर्थात किस शिफ्ट में किसको काम करना है इसकी जानकारी कार्यालय के अधिकारी ही दे सकते हैं.




# अनामांकित बच्चों की पहचान कर स्कूल में नामांकन कराना है : डा लंबोदर

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

गोमिया। गोमिया प्रखंड के ससबेडा स्थित लोयोला मध्य विद्यालय में गुरुवार को प्रखंड संसाधन केंद्र गोमिया द्वारा आयोजित ÷स्कूल रुआर 2024÷ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक डा लंबोदर महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया.इस अवसर पर विधायक ने कहा कि बच्चें शुरुवाती दौर में स्कूल में नामांकन कराते हैं और कुछ माह स्कूल जाने के बाद फिर किसी कारणवश स्कूल जाना छोड़ देते हैं। जिससे उनका दूसरी ओर भटकाव हो जाता है.इसलिए अनामांकित बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाना है और उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित करना है.कहा कि शिक्षा हीं एक ऐसा धन है, जिसे कोई चुरा नहीं सकता है। शिक्षा से हीं आप ऊंचाईयों तक पहुंच सकते हैं, इसलिए शिक्षकों एवं अभिभावकों का यह दायित्व बनता है कि बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करें। इस दौरान बताया गया कि सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा ÷स्कूल रूआर 2024÷ कार्यक्रम चलाया जा रहा है और अनामांकित बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाना है। वहीं 5 से 18 आयु वर्ग के नामांकित सभी बच्चों का स्कूल में उपस्थिति सुनिश्चित करना, विद्यालय से बाहर रह रहे बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करना, अप्रवासी, अनामांकित एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना, पिछले वर्षों में कक्षा 1 से 11 तक के नामांकित सभी बच्चों का अगली कक्षाओं में शत प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति की पुष्टि करना, सभी बच्चों का उपस्थित ई विद्या वाहिनी में दर्ज करना एवं नियमित अनुश्रवण करना एवं नव नामांकित बच्चों का शत प्रतिशत स्कूल में उपस्थिति सुनिश्चित करना है। मौके पर उप प्रमुख अनिल कुमार महतो,मुखिया बलराम रजक, विधायक प्रतिनिधि राजेश विश्वकर्मा, बीईईओ सुभाष प्रसाद,बीपीओ स्वपन कुमार दास,गौरीशंकर प्रजापति,होरिल प्रजापति, सुभाषचंद्र महतो, आशा कुमारी,स्नेहलता, प्रियंका मेहता सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।



# पेटरवार प्रमुख शारदा देवी चलकरी के जंगगलो मै अवैध कोयला का किया निरीक्षण

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

पेटरवार। बोकारो जिला बेरमो अनुमंडल अंतर्गत पेटरवार थाना छेत्र के चलकरी के जंगलो मै आवेध कोयला खनन की बात सामने आई है द्य इस बात को जब पेटरवार प्रमुख शारदा देवी को पता चला तो उन्होने सबसे पहले पेटरवार थाना प्रभारी राजू मुंडा को सुचना दी, बताते चले की प्रमुख और थाना प्रभारी जब चलकरी के जंग्गल मे जाकर देखता है तो, सच में आवैध कोयला भारी मात्रा मे दिखा, उसके बाद पर्मुख सारदा देवी ने थाना प्रभारी को रैड करने की बात कही तो थाना प्रभारी ने कभी डीजल, तो कभी गाडी की बेवस्था नहीं होने के कारण से कोयला रैड नहीं किया द्य मिली जानकारी के अनुसार लगभग 7,8, घंटो के बाद समाचार लिखे जाने तक गाडी, डीजल का बेवस्था नहीं होने के कारण से अवैध कोयला जैसे की तैसे ही समाचार लिखे जाने तक चलकरी के जंगगल मे पड़ा रहा द्य लेकिन सवाल उठता है, इनसे पहले भी अवैध कोयला, कई बार ऑन दा स्पोर्ट रैड हुई, अखबार, और चैनल्लो पर भी चली द्य लेकिन इस बार कोयला रैड नहीं हुआ तो इसका जिम्मेवार कौन सवाल उठता है इस वक्त द्यऔर बता दू की इस वक्त की बड़ी ख़बर बोकारो जिला बेरमो अनुमंडल अंतर्गत पेटरवार थाना छेत्र के चलकरी के जंगलो मै दिन दहाड़े अवैध कोयला की बात सामने आई है द्य आपको बता दे की चलकरी के जंगगलो मै इस तरह की तस्वीरें सामने आई है, मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकल, साईकल, ट्रेक्टर, बैलगाड़ियों से कोयला खरीद कर इकठ्ठा किया जाता है, इतनी मात्रा मै कोयला की खरीदारी की जा रही है द्य और हर दो, चार दिन मै, दो से तीन एलपी ट्रक मै भरकर अन्य राज्यों भेजा जा रहा है द्य लेकिन प्रसाशन अबतक क्यों नहीं लगाम लगा पाई है, यह बड़ा सवाल है, ये बड़ी ख़बर है इस वक्त की द्य बेखौफ होकर कोयला माफिया अपना कार्य कर रहे है, और प्रशासन चुप है।



# प्रखंड कार्यालय में हल्ला बोल, पोल खोल कार्यक्रम आज

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

पूर्वी टुंडी/ पूर्वी टुंडी प्रखंड के रामपुर ,लटानी,उक्मा एवं मोहलीडीह पंचायत में जनसंपर्क एवं बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता जदयू युवा प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू सिंह एवं दिनेश राय ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मुख्य रूप से जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। बैठक में हजारों की संख्या में - 26/ जुलाई को पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय में पहुंच कर ÷हल्ला बोल, पोल खोल÷ कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्यण लिया । इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि ÷हल्ला बोल, पोल खोल÷ आन्दोलन भ्रष्टाचार और लुट - खसोट के विरुद्ध है। भ्रष्टाचार के कारण गरीब अपने अधिकार से वंचित हो रहे हैं।

लोग परेशान हैं और विधायक संपत्ति बनाने में लगे हुए हैं। जदयू पार्टी और यूथ फोर्स संगठन भ्रष्टाचार और गरीबों की योजनाओं में हो रही लुट - खसोट को रोकने के लिए संघर्ष कर रही है। इसमें आप लोगों की भागीदारी जरूरी है। इस दौरान जदयू नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह, जदयू धनबाद जिला महासचिव दीपक कुमार महतो,तारा बाबू, जगरनाथ राय,सरीता देवी,प्रमीला देवी, कुशुम देवी, अशोक कुमार दास, सुधीर रजक, बुलेट सिंह,प्रिंस कुमार, सुभाष सिंह, आदि दर्जनों लोग उपस्थित हुए।



## सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पदमा वर्मा का हुआ निधन

**चास–** आकाश अस्पताल चास की संस्थापिका एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर पदमा वर्मा का निधन कल रात्रि 8:30 बजे बोकारो जेनरल अस्पताल में हो गया डॉक्टर पदमा डायबिटीज़ एवं थायराइड तथा सांस में तकलीफ के कारण ऐसा हुआ। डॉक्टर पदमा अपने पीछे भरा पूरा परिवार दोनों बेटे डॉक्टर निशांत कुमार एवं डॉ आकाश पति एवं पूरा परिवार को कल छोड़कर चली गई ज्ञातव्य रहे की डॉक्टर पदमा किसी भी सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती थी गरीबों का मुफ्त इलाज की बात है या कहीं कैंप लगाने की बात हो गरीबों की उठान की बात है गरीब बच्चों की पढ़ाई की बात हर चीज में वहां पर बढ़चढ़कर अपना योगदान देती थी ।

# दिवंगत विज्ञान शिक्षिका सुजाता की तृतीय स्मृति दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

सिन्दरी ~दिवंगत विज्ञान शिक्षिका सुजाता की तृतीय स्मृति दिवस पर भारत ज्ञान विज्ञान समिति की जिला इकाई धनबाद की ओर से कई कार्यक्रम रखे गए हैं। आज आयोजन समिति की ओर से प्रेस वार्ता रखी गई थी। जिसमें आयोजन समिति के संयोजक विकास कुमार ठाकुर ने बताया कि केडी क्लोनी सिंदरी में स्मृति दिवस पर 10 बजे श्रद्धांजलि सभा, स्वास्थ्य पर परिचर्चा, 11 बजे वृक्षारोपण, नेत्रदान शिविर व 12 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा काशीनाथ चटर्जी, वैज्ञानिक जागरूकता उपसमिति के अध्यक्ष प्रो डी के सेन, केंद्रीय चिकित्सालय धनबाद के पूर्व उप मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी व प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डा. सुनील कुमार सिन्हा, सिंदरी एसडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद राउत, ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रवि सिंह, राज्य उपाध्यक्ष हेमंत कुमार जायसवाल, राज्य सचिव भोला नाथ राम, राज्य कार्यकारिणी सदस्य संजीत कुमार भंडारी व शर्मिष्ठा सेनगुप्ता मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में सभी सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं को भी आमंत्रित किया गया है। हेमंत कुमार जायसवाल ने बतलाया कि सुजाता विज्ञान आंदोलन से जुड़ी हुई सामाजिक कार्यकर्ता भी थी। सुनामी और बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए आम लोगों के बीच डब्बा संग्रह अभियान के माध्यम से कोष संग्रह कर पीड़ितों के पास भेजने में अहम भूमिका अदा की थी।

जनवादी महिला समिति की सिंदरी अध्यक्ष रानी मिश्रा ने बतलाया कि सड़क दुर्घटना में सुजाता की मरणोपरांत उनके दो नेत्रों को दान कर दिया गया था जिससे दो व्यक्तियों, रांची की मंजू देवी एवं भोजपुर के अमित कुमार की जीवन रौशन हो सकी।




# कुमार डाइग्नोस्टिक में पीसीपीएनडीटी टीम ने किया निरीक्षण, मिली गड़बड़ी किया गया सील

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

बोकारो। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार बुधवार को चास स्थित संचालित विभिन्न अल्ट्रासाउंड मशीन और क्लीनिकों का पीसीपीएनडीटी की टीम ने निरीक्षण किया। टीम का नेतृत्व चास अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता एवं सिविल सर्जन डा. दिनेश कुमार ने किया। मौके पर सदर अस्पताल उपाधीक्षक डा. अरविंद कुमार,नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, जिला डाटा प्रबंधक कंचन कुमारी, एनजीओ प्रतिनिधि श्री प्रगति शंकर समेत अन्य उपस्थित थे। इसी क्रम में टीम ने चास के जोधाडीह मोड़ स्थित कुमार डायग्नोस्टिक का औचक निरीक्षण किया। टीम ने सेंटर में भारी अव्यवस्था पाया। मरीजों की विवरणी का संधारण सही से नहीं पाया गया। एसडीओ ड्ढ सीएस ने अल्ट्रासाउंड मशीन, कम्प्यूटर, सीसीटीवी मशीन के हार्ड डिस्क, एएनसी रजिस्टर, चिकित्सक के रिकार्ड का भी मिलान किया।



# चतरा में अवैध नर्सिंग होम के विरुद्ध प्रसाशन की बड़ी कार्रवाई

## लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ और नर्सिंग होम संचालक को नहीं बख्शा जाएगः डीसी

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

चतरा। क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट एक्ट के अवहेलना करने वाले एवं अवैध नर्सिंग होम संचालक के विरुद्ध उपायुक्त रमेश घोलप सख्त। उन्होंने कहा गरीब मजदूर असहाय लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने एवं प्रसव और अन्य के नाम पर पैसों की ठगी करने वाले को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विगत कई दिनों से अखबार, सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार जानकारी प्राप्त हो रही थी कि जिला मुख्यालय स्थित कई अवैध नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा है। इसे प्रमुखता से संज्ञान में लेते हुए अनुमण्डल पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन को अवैध नर्सिंग होम संचालक के विरुद्ध छापेमारी व जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।





**देर-शाम नर्सिंग होम व अल्ट्रासाउंड को किया गया सील:** चतरा के सिविल सर्जन और अनुमंडल पदाधिकारी ने 24 जुलाई 2024 को न्यू बस स्टैंड और कांति आनंद क्लिनिक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नर्सिंग होम बंद मिला और संचालक आनंद कुमार ने जांच में सहयोग किया। जांच के दौरान एक छोटा ऑपरेशन थियेटर कमरा, रिसेप्शन काउंटर और चिकित्सक कक्ष बंद पाया गया।नर्सिंग होम में सीसीटीवी कैमरे तो लगे थे, लेकिन कर्मचारियों ने फुटेज नहीं दिखाया।ऑपरेशन थियेटर क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट एक्ट के अनुसार नहीं था और वहां आवश्यक उपकरणों और दवाओं का अभाव था। प्रसव के बाद नवजात शिशु की देखभाल के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी और मरीजों से संबंधित कोई दस्तावेज भी नहीं मिले। जांच के दौरान मौके पर एक प्रसव के लिए और एक पथरी से पीड़ित मरीज भर्ती थे। देर रात कांति आनंद क्लिनिक को सील कर दिया गया।

**डॉक्टर आनंद एवं अन्य के विरुद्ध हुआ सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिक दर्ज:** आनन्द कुमार, फर्जी डॉक्टर एवं अन्य के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिक दर्ज की गई यथा गिरोह बनाकर अवैध तरीके से अस्पताल का संचालन करना, बिना डिग्री के ऑपरेशन कर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करना, फर्जी दस्तावेज तैयार करने, भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा नर्सिगं होम/अस्पताल संचालन संबंधी निर्धारित मानकों का अनुपालन नही करने एवं सरकारी जांच में सहयोग न कर बाधा डालने जैसे गंभीर आरोपों के आलोक में उपरोक्त संबंधी नर्सिंग होम/अस्पताल के संचालाकों के विरूद्ध विधि-सम्मत प्राथमिकी दर्ज की गई।

**क्या कहते हैं प्रसव के लिए आई मरीज:** मेरे बच्चा होने वाला था तो मेरी सासु माँ द्वारा कान्ती आनन्द क्लिनिक संस्थान, चतरा का पता बताकर मुझे लाया गया तथा आज दिनांक 24.07.2024 को बड़ा ऑपरेशन से मुझे लड़की हुई, अभी मुझे ऑपरेशन जगह पर दर्द है।अभी मैं पैसे नही दी हूं । ईलाज से संबंधित किसी भी प्रकार का कोई पूर्जा नही दिया गया है।

**अल्ट्रासाउंड केंद्र को किया गया सील:** चतरा बगरा रोड न्यू पेट्रोल पंप के समीप संचालित एडवांस अल्ट्रासाउंड केंद्र को पीसीएनपीएनडीटी की अवहेलना करने पर बुधवार को ही देर शाम सील किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा एक्ट की अवहेलना करने वाले किसी भी अल्ट्रासाउंड केंद्र को बख्शा नहीं जाएगा। आगे उन्होंने कहा संचालक व संलिप्त लोगों के ऊपर नियमसंगत कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**अवैध नर्सिंग होम संचालक व फर्जी डॉक्टर के विरुद्ध उपायुक्त सख्त:** बताते चले की उपायुक्त रमेश घोलप क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट एक्ट का अवहेलना करने वाले नर्सिंग होम एवं पीसीएनपीएनडीटी एक्ट का उलंघन करने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्र के विरुद्ध काफी सख्त हैं। पूर्व में भी अवैध रूप से संचालित राज नर्सिंग होम को भी उपायुक्त श्री रमेश घोलप के निर्देशानुसार सील किया गया एवं संलिप्त लोगों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। साथ ही फर्जी डॉक्टर चंदन के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेजा गया। वहीं दूसरे मामले में उपायुक्त ने खुद बाईपास बस स्टैंड रोड महावीर मंदिर समीप संचालित एमजी नर्सिंग होम पहुंच छापेमारी व जांच की जिसमे घोर क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट एक्ट का उलंघन देखा गया और उनके निर्देशानुसार एमजी नर्सिंग होम संचालक पूर्णिमा सिन्हा समेत अन्य सलिप्त लोगों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की गई और नर्सिंग होम को सील किया गया।

# श्रमदान कर ग्रामीणों द्वारा जर्जर पथ का किया गया जीर्णोद्धार



संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। जर्जर पथ की समस्या से तंग हो गगेया के ग्रामीणों द्वारा श्रमदान कर जर्जर पथ का जीणोद्धार किया गया। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत के गागेय के ग्रामीणों ने श्रमदान कर जर्जर पथ का जीणोद्धार किया गया। ग्रामीणों ने सरकार व जनप्रतिनिधियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव के समय वादा कर जनता को प्रलोभन देते हैं.जिसे क्षेत्र के जनता को विकास के नाम पर शोषण किया जाता है.साथ ही कहा कि कितने चुनाव बीत गये और अनेकों जनप्रतिनिधि बदले लेकीन ग्रामीणों की समस्या को सुनने वाला कोई नही जो सरकार तक ग्रामीणों की समस्याओं को नही रखने का आरोप लगाते हुए कहा जनप्रतिनिधियों को गांव की विभन्न समस्या से कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया है। देवलाल उराँव,आशीष गोस्वामी,बालेश्वर गोस्वामी,दीपक उराँव,नीतीश गोस्वामी,मनरखन गोस्वामी,सतन उराँव,तपेश्वर गोस्वामी,नंदकिशोर उराँव,मनोज गोस्वामी ने कहा कि गांव में करीब 75 घर की अवादी होने के बावजूद ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है.साथ ही सहिया शकुन्तला देवी ने कहा कि ऐसी स्थिति में प्रसव को लेकर या विमार व्यक्तियों को अस्पताल ले जाने के लिये भी समस्या बनी रहती है.सड़क पेयजल की व्यवस्था नही है सहित अन्य विभिन्न समस्याओं पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए समस्या का निदान करने की मांग किया गया है। नीतीश दास गोस्वामी ने कहा कि जर्जर पथ का जीर्णोद्धार होने से सड़क पर आने जाने की समस्या दूर हो सकती है।

# विद्यार्थियों के हित में एनएसयूआई हमेशा खड़ा है- मनौवर आलम।

## विद्यार्थियों की नव नामांकन हेतु हेल्प डेस्क लगाकर एनएसयूआई ने किया सहायता




रांची एक्सप्रेस संवाददाता

लोहरदगा। एनएसयूआई के बैनर तले जिला महासचिव मनौवर आलम के नेतृत्व में बलदेव साहू महाविद्यालय में नए विद्यार्थियों की सहायता हेतु हेल्प डेस्क एवं सहायता व पूछताछ केंद्र लगाया गया। इस दौरान अभियान में लगभग 100 नए लोग सदस्य बनाए गए। इस बीच अभियान के क्रम में छात्र-छात्राओं को एनएसयूआई के बारे में बताया गया कि एनएसयूआई विद्यार्थियों के हित में हमेशा काम करती है, कभी भी विद्यार्थी को किसी प्रकार की दिक्कत या परेशानी होती है तो एनएसयूआई के सदस्य या पदाधिकारी उनकी समस्याओं को समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। महासचिव मनौवर आलम विद्यार्थियों से आग्रह करते हुए कहा कि महाविद्यालय में विद्यार्थी बहुत ही सुदूरवर्ती एवं दूर-दराज से नामांकन लेते हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज में पहली बार आने की वजह से एवं जानकारी के अभाव से बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है और अपने मूलभूत कार्यों को समय पर निष्पादन कराने में अत्यंत दिक्कत होती है। उसके लिए एनएसयूआई हमेशा निस्वार्थ भाव से मैदान में खड़ी है। मौके पर एनएसयूआई जिला मीडिया प्रभारी शुभम साहदेव, कॉलेज अध्यक्ष विक्रम पासवान, रोशन कुमार, सैलेश कुमार, सुशील उरांव एवं विकास कुमार वर्मा सक्रिय सदस्यगण उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्कूली छात्राओं के लिए लगाया गया जाएगा जांच कैम्प

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

बालूमाथ ।स्वास्थ्य विभाग की ओर से बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए दिव्यांग कैंप का आयोजन किया गया है । इस संबंध में जानकारी देते हुए चिकित्सा प्रभारी प्रकाश बड़ाईक ने बताया कि लातेहार सिविल सर्जन के निर्देश पर विभिन्न स्कूलों में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं के बीच विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा आज बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर का आयोजन किया जाएगा ।जिसमें डॉक्टर सुदामा राम विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी ईएनटी ,कमलेश चंद्र ऑर्थो,पवन कुमार नेत्र रोग विशेषज्ञ,श्रवण कुमार महतो मानसिक रोग विशेषज्ञ,सोनाली मंजू क्लीनिकल फिजियोलॉजिस्ट,पंकज दास यूडीआई डी तकनीकी सहयोग एवं कर्मी सवीना परवीन डाटा एंट्री ऑपरेटर उपस्थित रहेंगे ।इस शिविर में दिव्यांग बच्चों के बीच जांच के अलावा यूडीआईडी कार्ड बनाने का कार्य किया जाएगा ।

# सीसीएल द्वारा 1000 पौधे लगाए गए



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

बालूमाथ । बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध-संघमित्रा कोल परियोजना के जीएम निपेंद्र नाथ के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसके तहत ओबी डंप नंबर 4 में वृक्षारोपण किया गया । मौके पर जानकारी देते हुए जीएम निपेंद्र नाथ ने कहा की कोयला मंत्रालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए निर्देश दिया गया था । जिसके तहत करीब 1000 पौधे ( विभिन्न प्रजाति )लगाए गए ।इसके अलावा मगध-संघमित्रा क्षेत्र के ग्रामीणों और कर्मचारियों में 2100 पौधे वितरित किया गया । और अपने क्षेत्रों में पौधे लगाने के लिए कहा गया ।मौके पर जीएम नृपेंद्र नाथ ने पौधारोपण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ÷पौधारोपण एक हरित कल की ओर एक छोटा कदम है। आइए मिलकर एक अंतर बनाएं।मौके पर जीएम नृपेंद्र नाथ,परियोजना अधिकारी एस. सत्यनारायण, प्रबंधक एसओ ( ई एंड एम ) नलिन चंद, प्रबंधक एमडी अक्रम, एसओ ( ई एंड एफ ) मनीष सिन्हा, एसओ ( एल एंड आर ) सत्यनारायण शाह, और मगध ओसीपी अभिषेक आनंद, मृगनाक शेखर, जितेंद्र कुमार, आकाश कुल्लू समेत कई लोग उपस्थित थे ।

# ऑब्जर्वर बानाश्री गोगई लोहरदगा जिला महिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में हुई शामिल।

**देश की राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर में 29 जुलाई को धरना प्रदर्शन में महिलाएं होंगी शामिल।**

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

लोहरदगा। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्षा अल्का लांबा एवं प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह के निर्देश पर परिसदन भवन में महिला जिला कांग्रेस अध्यक्षा सीमा परवीन अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें सभी प्रखंडों की महिला अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष कार्यकारिणी सदस्य बैठक में उपस्थित रही। मुख्य वरिष्ठ अतिथि के रूप मे जिला ऑब्जर्वर बानाश्री गोगई मौजूद थी। मौके पर बुके और सॉल माला पहनाकर उन्हें स्वागत किया गया। मौके पर आब्जर्वर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही महिलाओं के हक अधिकार दिला सकती है। महंगाई एवं बेरोजगारी चरम पर है, नौकरी एवं रोजगार देने में केंद्र की मोदी सरकार विफल हो चुकी है। वही आगे उन्होंने कार्यकारिणी की बैठक में महिलाओं से कहा की 29 जुलाई को देश की राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर में महिला कांग्रेस के द्वारा धरना प्रदर्शन होने जा रहा है जिसमें सभी महिलाओं के जाने के लिए प्रेरित किया। जिला एवं प्रखंड में संगठन को संपूर्ण तरीके से सफल बनाने के प्रति समझाया सभी महिलाओं ने अपने काम पर गंभीरता से करने के लिए संकल्प लिया। उक्त बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारी पर जोर दिया गया। इस बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा ने 7 प्रखंडों की अध्यक्षा में सभी प्रखंड की अध्यक्ष इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए बानाश्री गोगई ने महिलाओ को सशक्त होकर सभी महिलाये मजबूती से आप आपने प्रखंड मे मंडल कमिटी की गठन कर ले और महिला अध्यक्ष ने महिलाओं को झारखंड प्रदेश के आगामी विधान सभा चुनाव की जमीन स्तर पर तैयारी के क्रम मे अगले माह 10 अगस्त को रांची में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस का राज्य सम्मेलन होगा जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा शामिल होंगी। बैठक में बबीता देवी, सुशीला देवी,सहजादी खातुन,ललकारने एक्का ,किस्मती देवी, आरती देवी, तबशुम परवीन,रामकुमारी उरांव, मुन्नी उरांव, रिफत खातुन,पुनिता देवी, शांति कुमारी,मुनी देवी,प्रतिमा देवी,नुरी खातुन,सरिता देवी, मुनिया उरांव समेत बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की महिलाएं उपस्थित थी।




# आगामी अग्निवीर बहाली की तैयारी को लेकर कराया गया 1600 मी का दौड़



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

लोहरदगा । पुलिस आर्मी एथलेटिक ट्रेंनिंग सेंटर जिला प्रशासन लोहरदगा के तत्वाधान में दौड़ की तैयारी कर रहे युवा - युवतियों का बीते 24 जुलाई को बीएस कॉलेज मैदान में 1600 मीटर रेस का महाकुंभ निशुल्क प्रवेश के साथ कराया गया। इस प्रतियोगिता में जिला भर से एवं अगल-अलग जिलों से युवा - युवतियां सैकड़ो संख्या में उपस्थित हुए और प्रतियोगिता में भाग लिए। इस प्रतियोगिता में पहला स्थान से दसवां स्थान तक आने वाले युवा युवतियों को आकर्षक पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। पुरुष में पहला स्थान रामविलास पासवान, दूसरा स्थान मुकेश उरांव, तीसरा स्थान निराला यादव तथा महिला में पहला स्थान फूल कुमारी, दूसरा स्थान चंद्रमणि कुमारी तथा तीसरा स्थान सुरखी कुमारी ने प्राप्तकिया किया। ज्ञात हो कि लोहरदगा जिला प्रशासन के द्वारा ललित नारायण स्टेडियम में पुलिस, आर्मी, झारखंड पुलिस उत्पाद सिपाही, आरपीएफ एवं एथलेटिक्स का निःशुल्क तैयारी दी जा रही है। इसमें सैकड़ो अभ्यर्थी गण फिजिकल की तैयारी ले रहे हैं और सैनिक तथा अर्ध सैनिक बल में अपना क्षमता आजमा रहे हैं। अभी भी वैसे युवा यूतियां जो डिफेंस में जाने की इच्छा रखते हैं और फिजिकल तैयारी करना चाहते हैं तो वह प्रशिक्षक विनय उरांव से संपर्क कर तैयारी ले सकते हैं। पुलिस आर्मी और झारखंड पुलिस जैसे सभी डिफेंस लाइन की तैयारी सुबह 5:00 बजे से 7:00 बजे तक तथा एथलेटिक्स की तैयारी करने वाले खिलाड़ियों का शाम 4:30 बजे से 6:30 तक जाकर तैयारी कर सकते हैं।

# कारगिल दिवस की पूर्व संध्या में भाजयुमो कार्यकर्ताओँ ने निकाला मशाल जुलूस

**शहीदों के दी गई श्रद्धांजलि, कारगिल शहीदों के परिजनों को किया गया सम्मानित**

**गुमला।** भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज के निर्देशानुसार जिला महामंत्री संदीप प्रसाद की अध्यक्षता में कारगिल दिवस की पूर्व संध्या में कारगिल में हुए शहीदों के याद में गुमला के पटेल चौक से टावर चौक तक युवा मोर्चा के द्वारा वीर शहीदों की याद में मशाल जुलूस निकाला गया। साथ ही युवा मोर्चा के नेतृत्व में कारगिल में शहीद जवानो के परिजन बिरसा उरांव एवं जॉन अगस्तूस एक्का के घर पर जाकर उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विदित हो कि लगभग तीन महीने तक चले भारत पाक कारगिल युद्ध के दौरान हमारे वीर सैनिकों ने 26 जुलाई 1999 को कारगिल पर विजय हासिल की थी। मौके पर उपस्थित जिला युवा मोर्चा महामंत्री संदीप प्रसाद ने कहा कि गुमला जिला वीरों की भूमि है यहां पर बिरसा उरांव ,जॉन अगस्तुस एक्का जैसे कई जवान अपने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों आहुति दे दी है । आज हम वीर शहीदों को नमन करते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मौके पर मुख्य रूप सेभाजपा जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू, निर्मल गोयल, सबिन्द्र सिंह ,संदीप कुमार विकास सिंह , भोला चौधरी , रंजीत सोनी , पायल तिवारी , दिनेश साहू , यशवंत सिंह , बल्केस्वर सिंह , संजय साहू ,रामेश्वरी उरांव , दीप्ति कच्छप, गुडी नंदा, सत्यनारायण पटेल, राधेश्याम कुशवाहा, संजय वर्मा , सूर्या साहू , दीपांकर साहू , रामावतार भगत , दिनेश सिंह ,दिनेश चौधरी , कंचन सिंह , दामोदर कसेरा , शकुंतला उरांव , दिलीप बड़ाईक जयंत प्रसाद , मौसम ठाकुर, सहित भाजपा के सभी स्तर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।




**कमाल खान की रहस्यमय मौत के बाद बरगीडांड़ गांव में बवाल**

# बंधकों को छुड़ाने आई पुलिस को भी पांच घंटे तक घेरे में रखा, बरगीडांड़ पुलिस छावनी में तब्दील

**रायडीह (गुमला)।** बरगीडांड़ निवासी कमाल खान की रहस्यमय मौत के बाद परिजन और गांव के लोग आक्रोश में उबल पड़े। इनका कहना है कि कमाल खान की मौत सड़क हादसे में नहीं, अपितु उसकी हत्या की गई है। पुलिस हत्यारे को बचान में लगी हुई है। जब कमाल खान की मौत के बाद भी पुलिस ने कोई कदम नहीं उठाया तो दो दिन बाद ग्रामीणों ने खुद से जांच पड़ताल करना शुरू कर दिया । पड़ताल करते हुए परिजन व ग्रामीण खक्सीटोली गांव पहुंचे तो वहां गांव के ही सुनील बाखला व अरविंद बाखला मिला । उनसे पुछताछ करने पर उन्होंने आपत्ति जनक बाते कही। उन्होंने कहा कि अभी तो एक को ही मारा गया है, जरूरत हुआ तो और लोगों को भी मारेंगे। यह सुनकर परिजन व ग्रामीण सुनील बाखला व अरविंद बाखला को उठाकर बरगीडांड़ गांव ले आये और बंधक बना लिया । वहीं



परिजनों का यह आरोप भी हैकि कमाल खान गांव के सुल्तान अली के साथ गया था । हत्या में वह भी शामिल हैं । इस बात को लेकर परिजन व ग्रामीण सुल्तान अली के घर पर गये, पर सुल्तान अली का पुरा परिवार घर के दरवाजा अंदर से बंद कर लिया ।इससे ग्रामीण काफी उग्र हो गये । घटना की जानकारी रायडीह पुलिस को दी गयी । सूचना मिलते ही रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह दल बल के साथ बरगीडांड़ गांव पहुंचे और बंधक बनाये दो युवक सुनील बाखला व अरविंद बाखला को व सुल्तान अली को छुड़ाकर थाना लाना चाहा, पर ग्रामीण व परिजनों ने पुलिस को ही घेर लिया और साढ़े पांच घंटा हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा ।ग्रामीणों की मांग थी कि जान के बदला हमें जान चाहिए । सुल्तान ने हमारे बेटे का हत्या किया है तो हम भी उसकी हत्या करेंगें। पुलिस ने लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया पर लोग मानने को तैयार ही नहीं थे । वहीं सुल्तान अली का पुरा परिवार अपने ही घर पर कैद था । साढ़े पांच घंटा बिताने के बाद चैनपुर इंस्पेक्टर महिन्द्र करमाली बरगीडांड़ गांव पहुंचे और ग्रामीणों व परिजनों को समझाया और कहा कि आप आवेदन दे कि कमाल खान की हत्या हुई है । पुलिस उसपर जांच करते हुए कार्रवाई करेंगी । तब जाकर ग्रामीण व परिजन माने इधर पुलिस ने बंधक बने सुनील बाखला , अरविंद बाखला व सुल्तान अली को पुछताछ के लिए थाना ले आयी है। खबर लिखे जाने तक घटना का खुलासा नहीं हो सका है कि यह हत्या का मामला है या दुर्घटना का ।

**माओवादियों की बंदी का लोहरदगा में रहा मिश्रित असर**

# ठप रही बॉक्साइट उत्खनन व परिचालन, ट्रेनों को छोड़ नहीं चली लंबी दूरी की गाड़ियां, यात्री रहे हलकान

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

लोहरदगा- नक्सली नेता कॉमरेड की पत्नी जया हेम्ब्रम समेत तीन नक्सलियों की गिरफ्तारी के विरोध में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी द्वारा 25 जुलाई को झारखंड-बिहार बंद का ऐलान का लोहरदगा में मिश्रित असर देखा गया। नक्सली बंद के कारण आम जनजीवन पर खासा असर पड़ा है। बंदी में यात्री वाहनों का परिचालन जहां ठप रहा वहीं रेल यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से रही। नक्सली बंदी में लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। लोहरदगा से चलने वाली लंबी दूरी की यात्री गाड़ी का परिचालन तो ठप रहा ही, इस रास्ते दूसरे प्रदेश के लिए गुजरने वाले यात्री वाहनों का परिचालन भी नहीं हुआ। इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बंद के कारण प्रखंड से लेकर जिला मुख्यालय आने-जाने वाले लोग परेशान नजर आए। यात्री वाहनों का परिचालन नहीं होने से रेल सेवा पर ज्यादा भीड़ भाड़ नजर आई।



लोग रांची या उसी रूट से आगे तक की यात्रा करने वाले यात्री रेलगाड़ी का सहारा लेने को विवश दिखाई दिए। नक्सली बंद का सबसे ज्यादा असर बॉक्साइट कारोबार पर पड़ा। बंद के कारण किसी भी बॉक्साइट माइंस से एक भी ट्रक का परिचालन नहीं हुआ और न ही बॉक्साइट का उत्खनन ही हुआ। इससे बॉक्साइट कारोबार में करोड़ों का कारोबार प्रभावित हुआ है। बंद के कारण जहां-तहां बॉक्साइट ट्रकें खड़ी रही।बॉक्साइट ट्रकों का परिचालन नहीं होने से इससे जुड़े व्यवसाय में मंदी रही। शहरी क्षेत्र के बाजार व्यवस्था पर बंद का आंशिक असर रहा। शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में हाट-बाजार में आम दिनों की तरह ही चहल-पहल रही। बंदी के बावजूद लोगों ने सामान्य दिनों की तरह अपनी जरूरत के सामनों की खरीदारी की। बंद के दौरान किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से सजग नजर आया। पुलिस कप्तान हारिस बिन जमा के निर्देशानुसार एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, किस्को समीर कुमार सवैया, डीएसपी मुख्यालय समीर तिर्की के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र से लेकर सभी प्रखंडों के अलावे राष्ट्रीय उच्च पथों पर भी लगातार गश्ती की जा रही थी। पुलिस पूरे जिले में चौकस नजर आई। समाचार लिखे जाने तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

# नीरा यादव ने किया आठ योजनाओं का शिलान्यास

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

कोडरमा नगर पंचायत अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में विकास की नई लहर लाने के उद्देश्य से बुधवार को नगर के विभिन्न वार्डों में कई योजनाओं का शिलान्यास कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव के द्वारा विधि विधान से पूजन कर एवं नारियल फोड़ कर एवं फीता काट कर संपन्न हुआ। विधायक द्वारा अनुशंसित आठ लाख अड़तालिस हजार रुपए की लागत से वार्ड नं 01 में साधु यादव के दुकान से दिलीप दास के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य, वार्ड नं 01 में तीन लाख एकीस हजार आठ सौ छियांबे रुपए की लागत से फॉरेस्ट कॉलोनी में दुर्गा मंडप के प्रांगण में पेभर ब्लॉक का निर्माण, वार्ड नं 01 में तीन लाख उनतीस हजार तिरपन रुपए की लागत से बहुद्देशीय भवन के आगे नव निर्मित दुकान के सामने पेभर ब्लॉक का निर्माण, वार्ड नं 02 में पांच लाख सत्रह हजार पांच सौ रुपए की लागत से अर्जुन बाबू के घर से मथुरा बाबू के घर तक एवं महेश यादव के घर से लेकर रामप्रसाद यादव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण, वार्ड नं 03 में सताइस लाख पच्चहतर हजार एक सौ पचास रुपए की लागत से असगर खान के घर से किड्स स्कूल बहेरवा टांड



तक ढक्कन सहित नाली निर्माण, वार्ड नं 08 में एक लाख सतासी हजार पांच सौ इकसठ रुपए की लागत से एन एच 31 बुलू पान दुकान के पास मोड़ पर सौंदर्यीकरण कार्य, दो लाख बीस हजार एक सौ पचपन रुपए की लागत से अम्बेडकर पार्क में निर्मित मूर्ति एवं गांधी चौक पर निर्मित मूर्ति के उपर शेड का निर्माण कार्य, वार्ड नं 12 में एन एच 31 से चर्च होते हुए फरेंदा हृदय सिंह के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य कुल आठ योजनाओं का शिलान्यास की गई। मौके पर विधायक ने कहा इन सभी विकास कार्यों का उद्देश्य नगर के निवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना और उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। उन्होंने कहा इन कार्यों से नगर के विभिन्न हिस्सों में बुनियादी ढांचे में सुधार होगा और नागरिकों को कई प्रकार की सुविधाएं मिलेगी। मैं उम्मीद करती हूं कि सभी कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरे होंगे। इस अवसर पर नगर पंचायत के कनीय अभियंता सहित भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव यादव, दीपनारायण सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद सचिन कुमार,दुर्गा साव, साधु यादव, महेश यादव,सचिन यादव, सुखदेव यादव,बंशी यादव,अजय कुमार, कासिफ अख्तर, सोनू खान, संजीव तिवारी,उमेश यादव, नेमचंद यादव,भी उपस्थित थे। सभी ने इन विकास कार्यों का स्वागत किया और विधायक डॉ. नीरा यादव के प्रयासों की सराहना की। नागरिकों ने उम्मीद जताई कि इन कार्यों से नगर में विकास की गति तेज होगी और उन्हें बेहतर जीवन जीने का अवसर मिलेगा।

## इंटर हाउस चेस प्रतियोगिता का आयोजन



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

झुमरी तिलैया सेक्रेड हार्ट स्कूल में इंटर हाउस चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पानी, पावन, धरती और आकाश हाउस के बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता चार राउंड में हुई। चौथा राउंड ग्रैंड फाइनल राउंड था। यह मुकाबला आकाश हाउस के श्रवण यादव और पवन हाउस के रौशन कुमार के बीच खेला गया। इसमें आकाश हाउस का श्रवण यादव विजेता रहा। जबकि रौशन को उपविजेता का खिताब मिला। प्रतियोगिता शिक्षक हंसपाल कुमार की देखरेख में हुई। प्रतियोगिता में अभिनव कुमार, अर्णव कुमार, रौशन कुमार, आदित्य कुमार, कृष्ण कुमार, अभिनव कुमार, समर शर्मा, नैतिक शर्मा, सृष्टि कुमारी, श्रवण राहुल, बादल कुमार आदि छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने विजेता छात्राओं को बधाई दी और कहा कि चेस एक माइंड गेम है। इससे छात्रों का मानसिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि छात्रों के मेंटल एबिलिटी को डेवलप करने के लिए विद्यालय में लगातार ऐसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं में आशुतोष गौतम, किशोर कुणाल, रजनीबाला, राहुल कुमार, चंदन पांडेय, विशाल आनंद, मनोज सिंह, रेणु सेठ, सुमित साव, अनमोल रतन, रमेश कुंज आदि ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## फर्जी ह्वाट्सएप चैट का जांच कर कार्रवाई की मांग

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

सतगावां प्रखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सत्यनारायण भकत ने फर्जी ह्वाट्सएप चैट को लेकर सतगावां थाना में आवेदन देकर कहा कि सतगावां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थापित बी टी टी दिनेश चौधरी पिता मधुसूदन चौधरी ने अपने पुत्र अतुल चौधरी सहिया पत्नी तथा कई अन्य रिश्तेदारों और करीबियों के खातों के माध्यम से जननी सुरक्षा योजना की लाखो रुपये का गबन का आरोप लगा है जिसका दिनांक 22 07 2024 को उपविकास आयुक्त कोडरमा ऋतुराज कुमार के नेतृत्व में जांच कमिटि के द्वारा जांच किया गया था अभी जांच चल रहा है उसी से बचने के लिए डॉ सत्यनारायण भकत के नाम पर एक फर्जी ह्वाट्सएप चैट किया है मनोज भगत ग्राम समलडीह पोस्ट सतगावां थाना सतगावां जिला कोडरमा ने इस ह्वाट्सएप चैट को सतगावां अपडेट ह्वाट्सएप ग्रुप में डालकर कर मुझे( डॉ सत्यनारायण भकत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सतगावां ) को बदनाम करने षड़यंत्र रचा गया है।इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग किया गया है।

## ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने सीएम हेमन्त सोरेन को सौंपा ज्ञापन




रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कोडरमा। ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ,कोडरमा का प्रतिनिधिमंडल सीएम हेमंत सोरेन से गुरुवार को बगोदर विधायक विनोद सिंह और कॉंग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व शिक्षा मंत्री बंधू तिर्की के नेतृत्व में झारखण्ड विधानसभा में मुलाकात की। साथ ही ढिबरा मुद्दे को लेकर सीएम हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपा। माले विधायक बिनोद सिंह और कांग्रेस नेता बंधू तिर्की के नेतृत्व में सीएम से ढिबरा पॉलिसी को लेकर सकारात्मक वार्ता हुई।ढिबरा स्क्रैप संघ के अध्यक्ष कृष्णा घटवार ने बताया कि ढिबरा को लेकर सीएम हेमंत सोरेन ने गंभीरता दिखाई है। वार्ता में सीएम ने आश्वाशन दिया है कि ढिबरा को लेकर वे गंभीर है और सकारात्मक कदम उठाने की रणनीति तैयार कर रहें है। श्री घटवार ने बताया कि कोडरमा-गिरिडीह में लाखों लोगों का जीवनबसर ढिबरा चुनकर होता है।लेकिन कोडरमा में ढिबरा कारोबार पर ठोस नीति नही होने के कारण ढिबरा व्यापार पर संशय बना हुआ है। ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने कहा कि सीएम हेमन्त सोरेन ने ढिबरा मजदूरों के हक में को-ऑपरेटिव के माध्यम से ढिबरा को वैध बनाने की पहल की थी,लेकिन यह पॉलिसी जमीन पर उतर नही पाई। हेमंत सोरेन ने आश्वासन दिया है कि की वे ढिबरा मजदूरों के पक्ष में मजबूती के साथ खड़े है और ढिबरा व्यापार को शुरू करने को लेकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रहे है। सीएम हेमन्त सोरेन ने ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ को भरोशा दिलाया कि ढिबरा मजदूरों के हक में झारखंड सरकार गंभीरता से पॉलिसी जमीन पर उतारने के लिए कृतसंकल्पित है। प्रतिनिधिमंडल में संघ के अध्यक्ष कृष्णा घटवार, राजकिशोर सिंह,इस्लाम खान,दारोगी सिंह, रीतलाल सिंह आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री को झामुमों नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा कई समस्याओं से कराया अवगत

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

झुमरी तिलैया राँची इस्थित सोहराय भवन में झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा पार्टी का बैठक किया गया जिसमें कोडरमा जिला रामगढ़ जिला और हजारीबाग जिला के पाधिकारी गन नगर अध्यक्ष



प्रखण्ड अध्यक्ष एवं अन्य विंग्स के झामुमों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित हुए साथ ही पर्टी के महासचिव एवं प्रवक्ता विनोद पांडेय जी के द्वारा सभी को विधानसभा चुनावों को लेकर कड़ा निर्देश दिया गया और सरकार के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को घर घर पहुचाने का काम सभी कार्यकर्ता करें कहा गया इस अवसर पर दीपक विश्वकर्मा झामुमों नगर अध्यक्ष सह सोसल मिडिया सदस्य कोडरमा ने कोडरमा और झुमरी तिलैया के कुछ बड़े समस्याओं से अपने लेटर पेड पर लिखित आवेदन दें कर अवगत कराया और दीपक विश्वकर्मा ने कहा कि कुछ अफसर सरकार की योजनाओं को धरातल पर नही उतार रहें है वेसे अफसरों को तत्काल अपने पद से आटा देने का कग्राह किया साथ ही सभी समस्याओं का निदान हेतु निर्देश दिए ।

# ग्रिजली विद्यालय में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

कोडरमा - छात्र नेतृत्व में एक नए अध्याय की शुरुआत को चिह्नित करने वाले एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में सत्र 2024-25 के नवनिर्वाचित छात्र परिषद सदस्यों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बिश्वायन सिंह (स्कूल कैप्टन, बॉयज), रीत भदानी (स्कूल कैप्टन, गर्ल्स), सार्थक सिन्हा (स्कूल वाइस कैप्टन), शीतल कुमारी (गर्ल्स वाइस कैप्टन), अनुराग कुमार (स्पोर्ट्स कैप्टन), अनुराग कुमार (स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन), पियूष कुमार (ईस्ट हाऊस कैप्टन), रामानुज कुमार नायक (वेस्ट हाऊस कैप्टन), हिमांशु (नार्थ हाऊस कैप्टन) एवं शिशु कुमार ने (साउथ हाऊस कैप्टन) के रूप में शपथ ली। वहीं वाइस हाऊस कैप्टन के रूप में आयुष कुमार (ईस्ट हाऊस), उमंग (वेस्ट हाऊस), उज्जवल राज (नार्थ हाऊस) तथा आराध्या कुमारी (साऊथ हाऊस) ने शपथ ली। रामानुज कुमार नायक ने हॉस्टल कैप्टन तथा श्रेयांश राज गुप्ता एवं रेहान खान ने हॉस्टल वाइस कैप्टन के रूप में शपथ ली। स्टूडेंट प्रीफेक्ट के रूप में अर्श कुमार को हेड प्रीफेक्ट, आयुषी गुप्ता, कुमारी खुशी, रानी कुमारी, आराध्या भदानी, शगुन सिंह, श्रेया आर्या, खुशी बरनवाल, प्राप्ति भगत, कशरीना मुन्तेजा, आशी कुमारी, संभव सागर, आयुष कुमार, देवाशीष पांडेय, ज़िम्मी कुमार वर्मा,



ऋतिक रंजन, पुष्कर कुमार, शौर्य गुप्ता, पुष्प राज, रोशन भगत, अमानत कुमार मेहता, मोहम्मद मिस्बाह, अद्वित्य सिन्हा, पियूष कुमार, सक्षम सेठ, आयुष राज ने शपथ लिया।

सभी नव-निर्वाचित छात्रों को विद्यालय के सीइओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अंजना कुमारी, संयोजक जितेंद्र चौधरी, बी डी नस्कर, सुधांशु कुमार तथा उपस्तिथ शिक्षकों ने बैच तथा सैश पहनाया। विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता तथा प्राचार्या अंजना कुमारी ने सभी नव-निर्वाचित छात्रों को शपथ दिलाई। परिषद के सदस्यों ने अपने सैश और बैज पहनकर, अपने पद के सम्मान को बनाए रखने और अपने साथियों के साथ ईमानदारी और परिश्रम के साथ सेवा करने की प्रतिज्ञा की। इस अवसर पर छात्रों को अपने संबोधन में विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने एक जीवंत और समावेशी स्कूल वातावरण को बढ़ावा देने में नेतृत्व के महत्व और विद्यार्थी परिषद की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने परिषद के सदस्यों से ईमानदारी, जिम्मेदारी और सेवा के मूल्यों को बनाए रखने और उदाहरण के साथ नेतृत्व करने का आग्रह किया तथा छात्रों को उनके द्वारा ली जा रही शपथ को आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित किया, और इस बात पर जोर दिया कि ये मूल्य न केवल उनके शैक्षणिक प्रयासों को आकार देंगे बल्कि उनके व्यक्तिगत विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वही विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी ने छात्रों को अपने सम्बोधन में कहा की यह समारोह छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ावा देता है और उन्हें नेतृत्व की ओर एक कदम आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है।

## भाजपा कोई चारागाह नहीं है की कोई आकर इसे चर ले, आयातित उम्मीदवार स्वीकार नहीं नितेश चंद्रवंशी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



कोडरमा विधानसभा के चुनाव के दावेदारों की सूची को एक दैनिक अखबार के प्रकाशन में देखकर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने इस पर कड़ा आपत्ति दर्ज किया है। भाजपा नेता नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा कोई चारागाह नहीं है की कोई भी यहां आकर भाजपा की टिकट को चर कर ले जाए द्य भाजपा का प्रत्याशी पद कोई रसगुल्ला नहीं है की कोई भी आकर उसे आसानी से खा ले द्य लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा का साथ देने वाले और भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता ही भाजपा के उम्मीदवार होंगे द्य प्रदेश नेतृत्व ने हम सभी कार्यकर्ताओं को यह आश्वस्त किया है कि भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता की बात सुनी जाएगी और उनके ही राय मशवरे के बाद ही पार्टी प्रत्याशी का फैसला किया जाएगा द्य प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, और हेमंत विश्व शर्मा एवम संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई ,पूरे प्रदेश में कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ा रहे हैं और कार्यकर्ताओं के मन को टटोल रहे हैं द्य कार्यकर्ताओं के फैसले, कार्यकर्ताओं की इच्छा का सम्मान किया जाएगा द्य आयातित उम्मीदवार के नाम पर कार्यकर्ताओं का बड़ा आक्रोश है , एवं कार्यकर्ताओं ने भी ठान लिया है की जो भी हमारे भाजपा नेतृत्व फैसला करेगी उसका हम सम्मान करेंगे परंतु साथ ही साथ पार्टी को यह भी अवगत कराएंगे की जो वर्षों से पार्टी को खून पसीने से सींच रहा हो ,अपनी पूरी जवानी निछावर कर दिया हो ,ऐसे कार्यकर्ताओं की ही महत्व दिया जाए द्य 2024 लोकसभा चुनाव में जिसने भाजपा के समर्थन में दूर-दूर तक कोई सहयोग नहीं किया है , पार्टी के विरुद्ध प्रचार किया हो पार्टी के प्रत्याशी के विरुद्ध और नरेंद्र भाई मोदी के विरुद्ध जनता के बीच गया हो, पार्टी कार्यकर्ताओं को अपशब्द कहते रहे है आज वह दावेदार होते हैं तो उन्हें शर्म आनी चाहिए। पार्टी का प्रत्याशी पद कोई रसगुल्ला नहीं है की कोई भी उसे आकर खा ले द्य मैं नितेश चंद्रवंशी स्वयं इसका विरोध करता हूं ,इस पर मुझे आपत्ति है द्य क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को भी बड़ी समस्या की स्थिति आती है की जिसने जिसके विरुद्ध में चुनाव में कार्य किया है ,फिर उसे उसी नेता का जिंदाबाद करना होगा ,उसके साथ खड़ा होना होगा द्य कार्यकर्ताओं का भी आत्म सम्मान होता है ,उन्हें ग्लानि होती है द्य ऐसी हालत में कार्यकर्ता मायूस होकर या तो पार्टी के विरुद्ध जाता है या पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव में अपने घर बैठ जाते हैं द्य सभी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का यही मांग है पार्टी का प्रत्याशी वही हो जो पार्टी में अपना योगदान देता रहा है एवं सर्वस्व निछावर किया है द्य पार्टी के अंदर ही कई कार्यकर्ता है जो चुनाव ठीक से लड़ सकते हैं, चुनाव जीत सकते हैं और भाजपा की सरकार बना सकते हैं।

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एमटीसीपी के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित

बोकारो ,स्वांग/राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एम टी सी पी के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला गोमिया प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव कुमार महतो कि अध्यक्षता में संपन्न हुई। मौके पर राज कोऑर्डिनेटर रिंपाल झा जिला परामर्शी



मोहम्मद असलम ,सोशल वर्कर छोटेलाल दास, प्रदेश कार्यक्रम पदाधिकारी अनिल कश्वयप गोमिया प्रखंड प्रमुख प्रमिला चौड़े अंचलाअधिकारी प्रदीप कुमार महतो मौजूद थे।इस अवसर पर जिला परामर्शी मो असलम ने कहा कि तंबाकू सेवन के दुष्प्रभाव से विभिन्न प्रकार के गंभीर रोग होते है फेफड़ो का कैंसर, हृदय के कई जानलेवा रोग, मोतियाबिंद, विकृत शुक्राणु, पेट में अल्सर उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि कई ऐसी बीमारियां होतीहैं। तंबाकू बीमारियों का भंडार है भारत में 27 करोड लोग किसी न किसी रूपमें सेवन करते है भारत में प्रत्येक साल 13 लाख से अधिक तंबाकू सेवन करने वालों कि मृत्यु होती है झारखंड में 88 लाख लोग तंबाकू का सेवन करती हैं दिनों दिन तंबाकू खाने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है तंबाकू नियंत्रण के लिए सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान अन्य तंबाकू उत्पाद के विज्ञापन प्रतिबंध है शैक्षिणक संस्थान से 100गज की दूरी तंबाकू की दुकान प्रतिबंध,बिना विशिष्ट स्वास्थ्य चेतावनी के सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों कि बिक्री पर प्रतिबंध के नियमों का पालन करना होगा। तंबाकू मुक्त अभियान के तहत राज्य ,जिला, प्रखंड ,पंचायत में समिति गठित कर रोक थाम किया जाना है। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर बलराम मुखी, पशुपालन विभाग के डॉक्टर सुरेश प्रसाद,बीइओ विभाग के गौरीशंकर प्रजापति, आईईएल थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार महतो ,गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता, जनप्रतिनिधि धनंजय सिंह, बलराम रजक, पंकज जैन शोभा दवी, तारामणि भोक्ता ,पंचायत समिति सदस्य विष्णु लालसिंह, जनक देवयादव, सुशीला देवी गौतम रजक, राहुल रंजन पांडेय आदि उपस्थित थे।

## अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाई सतगावाँ की बैठक सम्पन्न

**05 अगस्त को आमरण अनशन कार्यक्रम में रांची चलने का लिया गया निर्णय**

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

कोडरमा अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाई सतगावाँ की बैठक आदर्श मध्य विद्यालय बासोडीह (सतगावाँ) में की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड उपाध्यक्ष शकील अहमद ने की। तथा संचालन सतगावाँ प्रखंड सचिव रमेश प्रजापति ने किया।

राज्य स्तर पर 12 जुलाई 2024 और 20 जुलाई 2024 के बैठक में जिला संघ के निर्णय के आलोक मे 05 अगस्त 2024 को आमरण अनशन कार्यक्रम की जानकारी दी गई।जिला महासचिव रविकान्त कुज़ रवि ने कहा कि संगठन मे शक्ति है सभी एकजुट रहे 5 अगस्त को अधिक-से-अधिक संख्या में राँची चले। अन्तर जिला स्थानान्तरण एक बार पुरे तरीके से सम्पन्न हो ये भी मांगों पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से मोज़ शकील अहमद को अध्यक्ष, ब्रहमदेव पासवान उपाध्यक्ष और



मोज़ अल्लाउद्दीन को संध का संरक्षक बनाया गया। संजय वत्स और अखिलेश्वर प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन किये। बैठक मे विजय यादव ,विष्णु प्रसाद ,विजय कुमार ,रवि गुप्ता,ओम प्रकाश, मनोज कुमार, संदीप पटेल, विशाल कुमार,धर्मेन्द्र कुमार, विजय डे,राजेश करमाली, मोज़ तारीक अनवर, विकास कुमार, महेश राम, अरविंद कुमार, मनोज कुमार, विजय कुमार, अमित्य बास्के, विष्णु प्रसाद, पंकज कुमार महतो,प्रदुमन कुमार, जयनारायण प्रसाद, दीपक कुमार, बैजनाथ महतो, अर्जुन कपूर,संजय वत्स एंव महिला शिक्षिका नीता कुमारी,सुनिता कुमारी एंव कुमारी विमला सिन्हा के साथ-साथ 60 से 70 शिक्षकों ने भाग कार्यक्रम में भाग लिया।



### पूशिक्षाविद हिमांशु कुमार महतो निधन

बोकारो। आजसू बुद्धिजीवी मंच के महासचिव, शिक्षाविद, समाजसेवी, पूर्व प्राधाध्यापक हिमांशु कुमार महतो का आज सुबह निधन हो गया। हिमांशु कुमार महतो झारखंड समेत बंगाल के बहुत से विद्यालयों को स्थापित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्होंने हिन्दी, अंग्रेज़ी, बांग्ला, उर्दू, भूगोल, कुदमाली, खोरठा, इतिहास समेत 7 भाषाओं में एमए की पढ़ाई कर चुके थे। उनके निधन पर आजसू केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, गिरिदीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक लंबोदर महतो, पूर्व मंत्री उमकान्त रज़क, काशीनाथ सिंह, ज़िला अध्यक्ष सचिन महतो, नरेंद्र महतो, अरुण महतो, बासुदेव लाहिरी, रणजीत बरनवाल सहित अन्य ने शोक प्रकट किया।

# अबुआ आवास में बबुआ का राज नहीं चलने देंगे: महेंद्र पाठक

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

जयनगर भाकपा अंचल कमिटी के द्वारा जयनगर प्रखंड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया धरना के पूर्व पेठिया बागी चौक से सैकड़ो की संख्या में जुलूस निकाला गया जिसमे ष्टह्र की मनमानी नहीं चलेगी, अबूआ आवास योजना में कमीशन खोरी बंद करो, मनरेगा योजनाओं में जेसीबी से काम करना बंद करो, दाखिल खारिज जमीन ऑनलाइन में घूस लेना बंद करो, आदि नारे लगाए जा रहे थे ।वह जुलूस प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर धरना में तब्दील हुआ धरना की अध्यक्षता जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव ने किया धारणा को संबोधित करते हुए भाकपा राज्य मंत्री महेंद्र पाठक ने कहा कि अबुआ आवास में बबुआ का राज नहीं चलने देंगे झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन राज्य के अफसरो पर लगाम नहीं लगा पा रही है इसके लिए भारतीय कम्युनिस्टपार्टी को? मजबुत कर लड़ाई





को तेज करना होगा तभी गरीब लोगों को इंसाफ मिल पाएगा। धारणा को संबोधित करते हुए भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि कोडरमा जिला में पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण की सुखाड़ स्थिति हो गई है कोडरमा जिला को हर क्षेत्र घोषित करने की आवश्यकता है जयनगर अंचल में ब्ष्ठह्र गौतम कुमार की मनमानी चल रही है जिला प्रशासन और राज्य सरकार उदासीन है गौतम कुमार की मनमानी के खिलाफ राज्य सरकार कार्रवाई नहीं करती है तो पार्टी निरीक्षण आंदोलन चलाएगी भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य के अफसरो पर लगाम नहीं लगा पा रही है जिसके कारण सभी प्रखंडों एवं अंचलों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है यदि यही हाल रहा तो आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य सरकार को खामियाजा भुगतना पड़ेगा ।

बिना रिश्वत का गरीब जनता का काम एक भी नहीं सुनी जाती है। धरना को अनिरुद्ध कुमार मादीर अंसारी कृष्ण कुमार दशरथ पासवान पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र यादव अंचल मंत्री अर्जुन यादव अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे अंचल मंत्री रामेश्वर यादव रंजन कुमार रजक कउम उद्दीन सिकंदर कुमार राजेंद्र रजक कामेश्वर पंडित ने भी संबोधित किया धरना में रामचंद्र यादव सुखदेव पांडे समीम खान गागो नायक हरि पासवान रामचंद्र यादव सलीम अंसारी सुरेंद्र पासवान हीरामन रजक अभिजीत सिंह रामचंद्र शर्मा बालकिशन ठाकुर ब्रह्मदेव राणा डोमी राणा हरि पासवान बसो यादव भुवनेश्वर सिंह रामकृष्ण शर्मा नागेश्वर दास शाहिद अंसारी सोनू चौधरी आफताब खान मिनहाज खान बोधि पासी वासुदेव दास गुलाब पासवान भुपत पासी अर्जुन दास सबदर मियां हेमंती देवी सुमित्रा देवी कौशल्या देवी प्रियंका देवी राखी देवी मालती देवी शांति देवी देवंती देवी आदि लोग मौजूद थे अपन सिकंदर कुमार ने किया।

# कारगिल दिवस-विशेष

26 जुलाई 1999 के दिन भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध के दौरान चलाए गए ऑपरेशन को सफलता पूर्वकअंजाम देकर भारत भूमि को घुसपैठिथों के चंगुल से मुक्त कराया था। इसी की याद में 26 जुलाई को हर वर्ष कारगिल दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय सेना ने 2 जुलाई, 1999 को कश्भीर के कारगिल में पकिस्तानी घुसपैठियों द्वारा बनायी गयी प्रतिरक्षा चौकियों पर नियंत्रण पाने में सफलता हसिल की थी। इसके लिए भारतीय सेना ने आपरेशन विजय चलाया था। भारत-पकिस्तान के बीच कारगिल युद्ध मई 1999 में शुरू होकर दो महीने तक चला था, जिसे भारत ने अपने 50 से ज्यादा जांबाज सैनिक खो दिए थे। औपरेशन विजय की सकलता के बाद इस दिन को विजय दिवस का नाम दिया गया। विश्व के इतिहास में कारगिल युद्ध दुनिया के सबसे ऊंचे चोटी में जंग लड़ने की घटना शामिल है। कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है।

1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद भी कई दिन सैन्य संघर्ष होता रहा। इतिहास के मुताबित दोनों देशों द्वारा परमाणु परीक्षण के कारण तनाव और बढ़ गया था। स्थिति को शांत करने के लिए दोनों देशों ने फरवरी 1999 में लाहौर में घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए। जिसमें कश्मीर मुद्दे को द्विपक्षीय वार्ता द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से हल करने का वादा किया गया था लेकिन पाकिस्तान ने अपने सैनिकों और अर्ध-सैनिक बलों को छिपाकर नियंत्रण रेखा के पार भेजने लगा और इस घुसपैठ का नाम ऑपरेशन बद्र रखा था। इसका मुख्य उद्देश्य कश्मीर और लद्दाख के बीच की कड़ी को तोड़ना और भारतीय सेना को सियाचिन ग्लेशियर से हटाना था। पाकिस्तान यह भी मानता है कि इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के तनाव से कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनाने में मदद मिलेगी।

प्रारम्भ में इसे घुसपैठ मान लिया था और दावा किया गया कि इन्हें कुछ ही दिनों में बाहर कर दिया जाएगा लेकिन नियंत्रण रेखा में खोज के बाद इन घुसपैठियों के नियोजित रणनीति के बारे मे पता चला जिससे भारतीय सेना को एहसास हो गया कि हमले की योजना बहुत बड़े पैमाने पर की गयी है। इसके बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन विजय नाम से 2,00,000 सैनिकों को कारगिल क्षेत्र मे भेजा। यह युद्ध आधिकारिक रूप से 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ। इस युद्ध के दौरान 527 सैनिकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया और 1400 के करीब घायल हुए थे







































सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्ड फ्लोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। **संपादक:** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग-** 70337 77771 **विज्ञापन-** 9546277001, मनोज कुमार कपरदारः 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63